चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -218, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 16
सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयार्क 15

# मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

## उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच, 1 माह में दें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

**अमृत विचारः** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि सोमवार को भी तबियत बिगड़ी थी, जिस पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।

### पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, शव गाजीपुर रवाना



**बांदा।** प्रशासन ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षा के बीच मुख्तार के शव को उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर के लिए रवाना कर दिया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। सूत्रों की मानें तो मुख्तार का शव देर रात गाजीपुर पहुंचेगा, जहां शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। बाद में प्रशासन ने शव को रवाना कर दिया। साथ में मुख्तार का बेटा उमर और उनकी पत्नी सहित कुछ अन्य परिजन शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

### सुरक्षा के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन रमजान में जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही। इस दौरान जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही। बांदा, मऊ, गाजीपुर में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवान नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते दिखे।

### उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।



आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है। बाबा विश्वनाथ पर पूरा भरोसा था आज बाबा की वजह से न्याय मिला है। कोर्ट से हम लोग हार गए थे। मोदी- योगी की देन है जो मुझे और मेरे परिवार को न्याय मिला है। - **अलका राय** (पत्नी स्व. कृष्णनंद राय)



मुख्तार की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं, उनकी उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे। - **मायावती** (बसपा प्रमुख)



किसी बंधक या क़ैदी की इस तरह मृत्यु हो जाना, न्यायिक प्रक्रिया से लोगों का विश्वास उठा देगा। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार न्यायिक प्रक्रिया को दरकिनार कर जिस तरह दूसरे रास्ते अपनाती है वो पूरी तरह ग़ैर क़ानूनी हैं। - **अखिलेश यादव** (सपा प्रमुख)



मुख्तार को जहर देने का आरोप पूरी तरह से निराधार है। कोई इसकी जांच कराना चाहे तो करा ले। उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की और उन्हें पूरी चिकित्सा सहायता दी गई लेकिन वह बच नहीं सके। - **राजनाथ सिंह** (रक्षा मंत्री)

# राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल

**अमृत विचारः** प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।




### एक नजर

#### रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

**अयोध्या कार्यालय।** रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव को घर बैठे भी देख सकते हैं। जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस तैयारी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य मंदिर में किया जाएगा।

#### आयोग ने एग्जिट पोल दिखाने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर 19 अप्रैल की सुबह सात बजे से एक जून की शाम साढ़े छह बजे के बीच एग्जिट पोल आयोजित करने, इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है। इसी अवधि में लोकसभा के अलावा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग चरण में होंगे। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जनमत सर्वेक्षण या किसी अन्य चुनावी सर्वेक्षण के परिणामों सहित ऐसी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करना प्रतिबंधित होगा।

# कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किए आदेश

**अमृत विचार** : विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार किये जायेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश जारी किये हैं।

वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ ही मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समस्त विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है, इसके लिए अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

# शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल को ईडी का नया समन

खिचड़ी घोटाला

**मुंबई।** ईडी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल कीर्तिकर को 'खिचड़ी घोटाले' में कथित संलिप्तता की जांच के लिए नया समन जारी किया। कीर्तिकर को मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के लिए एसएस (यूबीटी) ने उम्मीदवार बनाया था। ईडी ने खिचड़ी घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच के लिए आठ अप्रैल को बुलाया है, जिसकी शुरुआत में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच की थी। कीर्तिकर को ईडी ने जांच के लिए तलब किया था।

# कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला : महासचिव जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

### भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53.9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181.99 करोड़, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

# सत्येंद्र जैन की होगी सीबीआई जांच

### जबरन वसूली मामला

नई दिल्ली, एजेंसी



- ठग सुकेश को जेल में संरक्षण देने के एवज में 10 करोड़ वसूलने का आरोप

गृह मंत्रालय ने भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत एक मामले में दिल्ली के पूर्व कारागार मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जैन धन शोधन के मामले में जेल में हैं। उन पर ठग सुकेश चंद्रशेखर को जेल में संरक्षण मुहैया करने के एवज में उससे 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप है।

जैन के अलावा, तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक संदीप गोयल और कुछ अन्य कर्मचारियों पर दिल्ली की जेलों में बंद हाई-प्रोफाइल कैदियों से जबरन वसूली का आरोप है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया, 'भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति अब इस निचले स्तर पर पहुंच गई है कि एक कुख्यात ठग की बात पर विश्वास किया जा रहा और उसके दावों को उस व्यक्ति के खिलाफ सत्य के रूप में स्वीकार किया जा रहा है, जिसने दुनिया भर में मशहूर दिल्ली के 'मोहल्ला क्लिनिक' की अवधारणा दी।' जैन मई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी से पहले, दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे थे।

### आप की रैली में 'इंडिया' गठबंधन होगा शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेता रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आप की महारैली में शामिल होंगे। आप नेता गोपाल राय ने शुक्रवार बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रविवार को रामलीला मैदान में 20,000 लोगों की मौजूदगी वाली रैली के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

# भाकपा को आयकर विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को पिछले कुछ वर्षों के दौरान रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल के लिए 11 करोड़ रुपये के बकाए के भुगतान को लेकर आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वामदल आयकर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाया में पार्टी द्वारा पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल में विसंगतियों के लिए अधिकारियों को देय जुर्माना और ब्याज शामिल है। भाकपा के एक नेता ने कहा, हम कानूनी सहायता ले रहे हैं और अपने वकीलों से परामर्श कर रहे हैं।

# पूर्व आईएएस समेत 5 पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

### डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड



- श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। डेरा सेवक ने श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, बाबा अनूप सिंह और तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्या कर दी थी। दोनों बाइक से बाबा के पास पहुंचे और पीछे बैठे शूटर ने दो गोलियां मार दी। आवाज सुनकर कार सेवक आया तो शूटर ने उन पर भी फायर किया। वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई। बाबा की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान हो गई है। कारसेवक जसवीर के दर्ज कराए मुकदमे के मुताबिक ने बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया।

### आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

**रुद्रपुर।** हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

# पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में दोषी देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी

**अमृत विचारः** गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।

# लोकसभा के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

### रिपोर्ट से खुलासा

- 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार 514 लोकसभा सदस्यों में 225 ने अपने चुनावी हलफनामों में की है आपराधिक मामले होने की घोषणा
- 29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल
- राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी सांसदों की अच्छी-खासी संख्या
- राज्यवार मामलों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसदों पर आरोप

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है।

### सर्वाधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन सांसद

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।

# डायबिटीज से फेफड़ों में फंगस का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



● जीएसवीएम मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग में हुए शोध से सामने आया तथ्य

**अमृत विचार।** डायबिटीज (शुगर) अब सभी वर्ग के लोगों के लिए आम समस्या होती जा रही है। ऐसे में डायबिटीज का पता चलने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। बिगड़ी डायबिटीज फेफड़ों को भी कमजोर करने का काम करती है। इस तथ्य का खुलासा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में दो वर्ष तक चले शोध में हुआ है। यह बात सामने आई है कि प्रतिरक्षा प्रणाली ठीक न होने से समस्या बढ़ती है। दरअसल, डायबिटीज के मरीजों में हाई ब्लड शुगर फेफड़ों के अंदर की खास कोशिकाओं को बिगाड़ देता है, जो इम्यून सिस्टम को कंट्रोल करती हैं। नतीजन वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

हैलट अस्पताल में मेडिसिन विभाग की ओपीडी में आने वाले कुछ शुगर रोगी सांस लेने में दिक्कत, खांसी आना, जल्दी थक जाने और दम फूलने जैसी समस्या बताते थे। इसे देखते हुए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो.एसके गौतम ने टीम के साथ दो साल में दो सौ मरीजों पर एक शोध किया।

शोध में 40 से 60 वर्ष के मरीजों को शमिल किया गया, जिनमें 30 फीसदी महिलाएं थी। प्रो.एसके गौतम ने बताया कि शोध में शामिल सभी मरीज पांच से 10 साल से डायबिटीज से पीड़ित हैं और इन मरीजों की शुगर दो सौ से चार सौ के बीच थी। डायबिटीज में हाई शुगर फेफड़ों की खास कोशिकाओं को बिगाड़ देता है, जो इम्यून सिस्टम (प्रतिक्षा प्रणाली) को कमजोर करने का काम करता है। इससे वायरस, बैक्टीरिया और फंगस के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

इसके अलावा शोध में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट व पीएफटी जांच के रिजल्ट भी काफी चौंकाने वाले थे, जिस वजह से सभी मरीजों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। फेफड़ों के फुलने व सिकुडने की क्षमता भी सामान्य फेफड़ों की अपेक्षा काफी कम मिली। इसके कारण सामान्य काम करने, सीढ़ी चढने ज्यादा बात करने में भी पीड़ितों को समस्या होती है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली बिगड़ने से वायरस करते हमला



प्रो. एसके गौतम ने बताया कि शोध में शामिल मरीजों का वजन ज्यादा नहीं था। यह मोटे नहीं थे। इन्होंने कभी सिगरेट या अन्य कोई नशे का सेवन कभी नहीं किया। तब भी पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट व पीएफटी जांच गड़बड़ मिले। लेकिन ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जाए या कुछ दवाएं ली जाएं तो प्रतिरक्षा प्रणाली ठीक हो सकती है। क्योंकि प्रतिरक्षा प्रणाली ठीक होने पर ही शरीर संक्रमण से लड़ने के काबिल होता है। इसलिए मरीजों को खानपान पर विशेष ध्यान रखने के साथ ही नियमित दवा का सेवन करना चाहिए। इसके अलावा घर पर ऑटोमैटिक मशीन से नियमित बॉडी का डायबिटीज लेवल भी चेक करते रहना चाहिए।

## गैस सिलेंडर में आग से गृहस्थी हुई खाक

**कानपुर।** दादा नगर बस्ती स्थित एक मकान के ग्राउंड फ्लोर में रखे सिलेंडर में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

दादा नगर बस्ती निवासी सत्यप्रकाश पाल के मकान के ग्राउंड फ्लोर में बांदा निवासी सुखदेव किराये पर रहकर मजदूरी करता है। दादा नगर चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अचानक सिलेंडर में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने गृहस्थी के सामान को अपनी चपेट में लिया।

घटना के समय कमरे में कोई मौजूद नहीं था। आग की लपटें उठती देख लोगों ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। फजलगंज फायर स्टेशन से पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



गूबा गार्डेन स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में प्रार्थना करते मसीही समाज के लोग। अमृत विचार

# गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं

गुड फ्राइडे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● यीशु के बलिदान को याद कर दुखी हुआ ईसाई समाज

● यीशु ने कष्ट हरे और लोगों को ज्ञान का मार्ग दिखाया

**अमृत विचार।** यीशु मसीह के बलिदान दिवस (गुड फ्राइडे) को मसीह समाज के लोगों ने शोक दिवस के रूप में मनाया। क्रास चूमकर यीशु के बलिदान को याद किया गया। शुक्रवार को शहर के चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। मसीह समाज के लोगों ने यीशु मसीह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। क्रूस से कही गईं यीशु की सातों वाणियों को प्रार्थना सभा में दोहराया गया।

एलएलजेएम मैथाडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे पर हुई प्रार्थना सभा में काफी संख्या में लोग पहुंचे और यीशु मसीह के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। चर्च की सदस्य मरियम ने बताया कि जब दुनिया में लोग काफी परेशान थे और विभिन्न प्रकार की बीमारियों ने मनुष्यों को घेर लिया था। यह देखकर यीशु ने धरती पर अवतार लिया और दुखी लोगों को सत्मार्ग का रास्ता दिखाया। इससे मनुष्यों का उद्धार हुआ। वहीं जो लोग गलत कामों में संलिप्त थे, गलत करते थे। उनको ज्ञान देकर सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाया। यीशु मसीह ने सभी को शिक्षा दी कि जीवन के बाद जब अंतिम समय आए तो मन में किसी प्रकार की कोई ग्लानि न रहे और स्वर्ग में स्थान मिले। ऐसा सोचकर कर्म करें। विभिन्न चर्चों में क्रूस से कही गईं यीशु मसीह की सातों वाणियों को लोगों ने याद किया।


**घंटा की जगह बजाए लकड़ी के खटखटे:** यीशु मसीह के शोक में मसीह समाज के लोगों ने चर्चों में घंटे की जगह शुक्रवार को लकड़ी के खटखटे बजाए। गूबा गार्डेन स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में मसीह समाज के लोगों ने यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए 'ए खुदाबंदे खुदा हाकिम' गीत से नमन किया। बिशप पंकज राज मलिक ने बताया कि किस तरह मानव जाति के पापों के कारण यीशु मसीह को क्रूस पर बलिदान देना पड़ा। इसके बाद सात पादरियों ने क्रूस से यीशु मसीह की कही गई सात वाणियों पर प्रकाश डाला। बैंड के संगीत पर प्रार्थना हुई। अनुपमा मलिक, पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव, सागर मैसी, अनुराज, अभिमंयु, श्रेयराज, सौरभ, राज, रिक्की मौजूद रहे।



क्राइस्टचर्च कालेज में आयोजित प्रार्थना सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

### यीशु की सात वाणियां

पादरी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि यीशु की सात वाणियां इस प्रकार हैं। हे पिता इन्हें क्षमाकर क्योंकि ये नहीं जानते कि क्या करते हैं। तू आज ही मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा। हे नारी देख यह तेरा पुत्र है। हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। मैं प्यासा हूं। पूरा हुआ और हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं।



सात वचन सुनाते पादरी। अमृत विचार

### लोगों के पाप के लिए क्षमा मांगी थी

**कानपुर।** क्राइस्ट चर्च कालेज में गुड फ्राइडे पर आराधना हुई। पादरी नैथानियल दास ने कहा कि यीशु मसीह ने अंतिम क्षणों में भी लोगों को पापों के लिए अपने पिता से क्षमा करने का निवेदन किया था। इसके बाद पूरा हुआ कहकर अपने प्राण त्याग दिए। आराधना में पादरी का सहयोग लेह लीडर वीएस मैथ्यूज, जेसी लारेन्स व अजय सिंह ने किया। आराधना में केपी सिंह का परिवार, अर्पिता लारेन्स का परिवार, देवेंद्र सिंह क्षेत्री का परिवार और संगीत पर मि. अब्राहम व मि. अंकित अंडरसन ने सहयोग किया।

# पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट से फरार हुए गैंगस्टर को 24 घंटे में दबोचा

## सीसीटीवी की मदद से सिविल लाइंस में बाबा घाट से हुई गिरफ्तारी, पुलिस टीम पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



गैंगस्टर सोनू सिंह।

● नशे की लत पूरी करने के लिए गैंगेस्टर कोर्ट से भाग निकला था शातिर

● पुलिस ने शातिर के पास से पिस्टल और कारतूस भी किया बरामद

**अमृत विचार।** गुरुवार को एडीजी 26 गैंगस्टर कोर्ट से पुलिस अभिरक्षा में फरार हुए शातिर गैंगस्टर को कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शातिर के पास से कंट्रीमेड पिस्टल और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि वह केवल नशा करने के लिए अभिरक्षा से भागा था। कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश करने के बाद शातिर को जेल भेज दिया गया। फरार अपराधी को पकड़ने वाली टीम को डीसीपी पूर्वी ने 25 हजार रुपये का इनाम दिया है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि 28 मार्च गुरुवार को कोर्ट में पेशी के दौरान गैंगस्टर सोनू सिंह सिपाही अमरेश प्रताप सिंह और अमित की लापरवाही के कारण चकमा देकर फरार हो गया था। इस घटना में कोतवाली थाने में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद चार से ज्यादा टीमों को फरार गैंगस्टर की तलाश में लगाया गया था।

जांच में जुटी पुलिस को घटना के बाद ऑपरेशन त्रिनेत्र योजना के तहत लगवाए गए सीसीटीवी फुटेज से अहम साक्ष्य मिले। रात भर पुलिस की टीमों में घर से लेकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इसके बाद शुक्रवार सुबह शातिर को सिविल लाइंस में बाबा घाट से गिरफ्तार कर लिया गया। शातिर के पास तलाशी में पुलिस को एक कंट्रीमेड पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है।

डीसीपी के अनुसार शातिर गैंगस्टर सोनू सिंह कोर्ट से भागने के बाद देर रात रुपये का इंतजाम करने के लिए अपने नजदीकी लोगों के पास पहुंचा था। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में जूही थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट की धारा में सोनू सिंह के अलावा रवि अवस्थी, लालजी शर्मा, संतोष, भानु प्रताप और मोहम्मद उसमान के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। भानु प्रताप और मोहम्मद उसमान की फाइल अलग चल रही है। सोनू सिंह समेत चार आरोपियों की एक फाइल है, जिस पर सुनवाई चल रही है। इसी मामले में जेल से सोनू सिंह और उसके साथियों को कोर्ट में पेश कराने के लिए जेल से लाया गया था।

### कुर्की की कार्रवाई होने से पहले पत्नी ने करा दिया था गिरफ्तार

एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने बताया कि सोनू सिंह को गैंगस्टर एक्ट के तहत जेल भेजने के बाद जमानत हो गई थी। वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। धारा 82 की कार्रवाई के बाद पुलिस उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करने वाली थी। लेकिन इससे पहले उसकी पत्नी ने पुलिस की मदद करके आरोपी को गिरफ्तार करवा दिया था। 29 फरवरी से वह जेल में बंद था।

### नशे की तलाश में गैंगस्टर पहुंच गया जूही

फरार गैंगस्टर नशे का आदी है। पुलिस के भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि वह केवल नशे के लिए ही पुलिस अभिरक्षा से भागा था। कोर्ट से भागने के बाद वह सबसे पहले रुपये का इंतजाम करने पहुंचा। इसके बाद वह जूही के पास एक स्थान पर गया। वहां उसने नशा लिया।

## एक नजर

### धोखाधड़ी कर हड़पे दस लाख, पति-पत्नी समेत तीन पर रिपोर्ट

**कानपुर।** दर्शनपुरवा की रहने वाली युवती ने नवाबगंज थाने में युवक, उसकी पत्नी समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार वह घरों में काम करती है। उसके पिता रिक्शा चलाते हैं। आरोप है कि नवाबगंज निवासी विकास ने झांसे में लेकर लगभग दस लाख रुपये ले लिए। रुपये मांगे तो बैंक का चेक दे दिया। लगाने पर वह बाउंस हो गई। वह नवाबगंज स्थित युवक की दुकान पर पहुंची तो वहां उसकी पत्नी नेहा और कर्मचारी सागर ने अभद्रता की। इस संबंध में नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

### मनोरोग विभाग में पुरुष व महिला वार्ड होंगे अलग

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग अस्पताल के बगल में मानसिक रोग विभाग की इमारत तैयार करने के लिए खोदाई की जा रही है। विभाग की इमारत ग्राउंड फ्लोर के साथ तीन मंजिला होगी। साथ ही इसमें बेसमेंट भी होगा। मानसिक रोगियों के इलाज के साथ ही शोध भी किए जाएंगे। यहां पर महिला रोगी व पुरुष रोगी के लिए अलग- अलग वार्ड होंगे। इसके अलावा 10 बेड का वार्ड भी इसमे बढ़ाया जाएगा। मानसिक रोग के विभागाध्यक्ष डॉ.धनंजय चौधरी के मुताबिक पहली किस्त के रूप में 5.29 लाख रुपये मिले हैं, जिससे काम शुरू करा दिया गया है।

### जिम में चोरी की बिजली से चलते मिले चार एसी

**कानपुर।** शुक्रवार को जाजमऊ के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता डिफेंस कॉलोनी डी-ब्लॉक पहुंचे, यहां पर आयरन फिट जिम में टीम ने छापा मारा, जहां 8.8 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि मीटर बाईपास कर जाफर हुसैन द्वारा आयरन फिट जिम में बिजली चोरी की जा रही थी। चोरी की बिजली से जिम में चार एसी समेत आदि का उपकरणों का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने जफर हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही एक लाख रुपये का शमन शुल्क लगाया, जो राजस्व निर्धारण के करीब 6.8 लाख रुपये बनेगा।

## डेयरी संचालक को किया मरणासन्न, आठ पर रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में लोडर टकराने का विरोध करने पर आरोपियों ने एक डेयरी संचालक को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। जिसके बाद पुलिस से मामले की शिकायत की। आरोप है कि सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय से मदद मांगी। जिस पर आठ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई।

बिधनू के हीरा नगर सतबरी के रहने वाले डेयरी संचालक विनय ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर 2023 को वह सतबरी खाना लेने जा रहे थे। रास्ते में एक लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर लोडर चालक अनूप ने अपने भाई अनुराग और शिवा के साथ मिलकर मारपीट की। जिसकी शिकायत पुलिस से करने पर आरोपियों ने दूसरे दिन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें पीटकर मरणासन्न कर दिया। घटना के बाद उन्होंने मामले की शिकायत चकेरी पुलिस, मुख्यमंत्री और मानवाधिकार से की। अब न्यायालय के आदेश पर चकेरी पुलिस ने लूट, हत्या का प्रयास, एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# कॉपियां जांचने क्यों नहीं आए, मिलेगा नोटिस, कारण बताएं

यूपी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शिक्षा विभाग की ओर से 13 सौ शिक्षकों को अगले सप्ताह भेजा जाएगा नोटिस

● सूचीबद्ध शिक्षकों के केंद्रों पर नहीं आने से रिजर्व शिक्षकों ने किया था मूल्यांकन

**07** लाख कॉपियों को पांच केंद्रों पर जांचा गया

**14** दिन तक चला बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य खत्म हो गया है। अब शिक्षा विभाग की ओर से मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होने वाले शिक्षकों की सूची बनाई जानी शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग 13 सौ शिक्षकों को नोटिस भेजकर उनसे मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होने की वजह पूछने जा रहा है। इन शिक्षकों के मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होने से विभाग को रिजर्व शिक्षकों से कॉपियों का मूल्यांकन कराना पड़ा था।

जिले में पांच केंद्रों पर 14 दिनों में लगभग सात लाख कॉपियों को जांचा गया है। मूल्यांकन कार्य के लिए जिले में 3326 शिक्षकों को लगाया गया था। बावजूद इसके सिर्फ 2026 शिक्षक ही रोजाना कॉपियां जांचने पहुंच रहे थे। इसी तरह 343 में उप प्रधान परीक्षकों में से 299 उपप्रधान परीक्षक ही मूल्यांकन केंद्र में कॉपियों को जांचने के कार्य के लिए पहुंचे। शिक्षा विभाग की ओर से लगातार गैर हाजिर रहे शिक्षकों का ब्योरा केंद्रों से मांगा जा रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में इन शिक्षकों को नोटिस देकर गैर हाजिर होने का कारण पूछा जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से शिक्षकों को नोटिस भेजी जाएगी। शिक्षकों से मूल्यांकन केंद्र में न आने का कारण पूछा जाएगा।

### एक दिन किया गया था बहिष्कार

मूल्यांकन केंद्रों पर इस बार उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार भी किया गया था। 19 मार्च को हुए कार्य बहिष्कार के दौरान एक भी शिक्षक ने कॉपियों को नहीं जांचा था। यह बहिष्कार वाराणसी में मूल्यांकन कार्य में शामिल शिक्षक की हत्या के विरोध में हुआ था। इस दौरान शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्रों में श्रद्धांजलि सभा के साथ ही विरोध प्रदर्शन भी किया था।

### पहली बार हुई छापेमारी

इस बार मूल्यांकन केंद्रों में शिक्षा विभाग की ओर से पहली बार औचक छापेमारी की गई। इसके लिए दो टीमें बनाई गई थीं। यह टीमें निरीक्षण केंद्रों में जाकर निगरानी करती थीं। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था व कॉपियों के रखरखाव को भी परखती थीं।

### प्रथम बार ऑनलाइन निगरानी

शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम से मूल्यांकन कार्य की निगरानी की जाती रही। कंट्रोल रूम में 16 कंप्यूटर लगाए गए थे। ऑनलाइन निगरानी के दौरान कार्य में लापरवाही बरत रहे शिक्षकों को तत्काल ही सूचित भी किया जाता था।

आधुनिक खेती

सीएसए में दवा का छिड़काव और फसल की निगरानी में किया जा रहा इस्तेमाल

# खेती में ड्रोन का इस्तेमाल सीख रहे छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ड्रोन के साथ सीएसए के छात्र। अमृत विचार

● दो विशेष ड्रोन को चलाना और उसकी मरम्मत करना भी प्रशिक्षण में शामिल

**अमृत विचार।** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के छात्र खेती में ड्रोन का इस्तेमाल करना सीख रहे हैं। विश्वविद्यालय के फॉर्म में प्रयोगिक खेती में दवा का छिड़काव और फसल की निगरानी का काम ड्रोन के जरिए किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में इसके लिए दो विशेष ड्रोन बनवाए गए हैं।

सीएसए विश्वविद्यालय ने छह माह पहले युवाओं को ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण दिया था। अब विश्वविद्यालय के अपने ड्रोन आने के बाद युवा इनका इस्तेमाल खेती में कर रहे हैं। दोनों ड्रोन विशेषतौर पर कृषि कार्य के लिए बनाए गए हैं। इन ड्रोन के दोनो ओर छह लीटर की टंकी है। इस टंकी में फसल को कीटों से बचाव के लिए दवा स्टोर की जाती है। दो से तीन घंटे तक चलने वाले दवा छिड़काव के काम के साथ ड्रोन में लगे कैमरों की सहायता से पूरे खेत की निगरानी एक ही स्थान पर खड़े होकर करने का काम भी प्रशिक्षण कार्य में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रो डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि युवाओं को मिलने वाला यह प्रशिक्षण बेहद उपयोगी है। इस प्रशिक्षण के साथ युवा उन्नत खेती के तरीकों को भी सीख रहे हैं। युवाओं को ड्रोन उड़ाने के साथ ही उनकी मरम्मत करना भी सिखाया जा रहा है।

### किसानों को भी प्रशिक्षण

प्रशिक्षण हासिल कर रहे छात्रों द्वारा खेती में ड्रोन के प्रयोग के लिए किसानों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। विवि में आने वाले किसानों को ड्रोन की खासियत के साथ खेती में उसका प्रयोग सिखाया जाता है। इस दौरान किसानों को ड्रोन का खेती में उपयोग करने के फायदे भी बताए जाते हैं।

### मिट्टी की जांच में भी इस्तेमाल

विवि के छात्रों की ओर से शहर के आसपास के खेतों में प्रयोग के तौर पर भी ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। माटी के नमूने लिए जाने के दौरान खेत की पूरी स्थिति जानने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## कर्नल बन ट्रक चालक से ठग लिए बीस हजार

**कानपुर।** कोयला नगर शिवपुरम निवासी हरी राम ट्रक डाइवर है। उनके अनुसार 23 फरवरी को उनके पास शिव ट्रांसपोर्ट कंपनी से कॉल आया और एक मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि चकेरी एयरपोर्ट से अमौसी एयरपोर्ट भाड़ा लेकर जाना है। इस पर दिए गए नंबर पर कॉल किया तो वात करने वाले ने खुद को कर्नल बताते हुए भाड़ा ले जाने और सात हजार रुपये देने की बात कहीं। साथ ही कहा कि दस हजार रुपये डाल दो और भाड़ा समेत उन्हें पूरा रुपये वहीं मिल जाएगा। इस पर दस हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने दोबारा कॉल करके रुपये न आने की बात कहीं, इस पर उन्होंने दो-दो हजार रुपये करके पांच वार में दस हजार रुपये और डाल दिये। इसके बाद से आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कमिश्नरेट न्यायालय भवन में करें मुकदमों की सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अधिवक्ता बोले-कठिनाइयों से मिले निजात, एडिशनल सीपी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** वादकारियों की समस्या को लेकर अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने संयोजक पूर्व लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता रवीन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एडीशनल सीपी मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने मांग रखी कि वादकारियों के हित में पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले मुकदमों की सुनवाई सर्किल वाइज हटाकर जेल के सामने नए बने पुलिस कमिश्नरेट न्यायालय भवन में की जाए। जिससे अधिवक्ताओं को भी हो रही कठिनाइयों से निजात मिले।

उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी थानों की पुलिस द्वारा शांति भंग व गुंडा एक्ट की कार्रवाई बड़े पैमाने पर की जा रही है। जिसके लिए प्रतिदिन वादकारियों को अधिवक्ताओं की आवश्यकता होती है। सर्किल वाइज जाने आने में अधिवक्ताओं को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कम से कम शांति भंग व गुंडा एक्ट आदि के मुकदमों की सुनवाई जेल के सामने स्थित नए बने पुलिस कमिश्नरेट न्यायालय भवन में करने का आदेश किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने के कहा कि इस दौरान कुछ अधिवक्ताओं के खिलाफ भी निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। जो कि वकीलों का उत्पीड़न है और इसका विरोध करते हैं। एडीशनल सीपी ने पूरा मामला सुनने के बाद जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट भानू प्रताप द्विवेदी, अरविन्द दीक्षित, कंचन गुप्ता, अतुल सिंह शामिल रहे।

## टेनरी मालिक के साथ मारपीट, तोड़ी दीवार

**कानपुर।** जाजमऊ में रहने वाले टेनरी मालिक जफर आलम ने 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट व कब्जे के प्रयास संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार कुछ समय पहले एक व्यक्ति ने कोर्ट के माध्यम से उनकी संपत्ति पर स्टे लिया था। न्यायालय में हाजिर होकर उन्हें तथ्य प्रस्तुत किए तो न्यायालय ने स्टे खारिज कर दिया। आरोप है कि तब से कुछ लोग उन्हें धमकियां दे रहे थे। बताया कि 23 फरवरी को वह वह टेनरी पर थे। इसी दौरान 20-25 लोग वहां आ पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने टेनरी में जबरन तोड़फोड़ की और एक दीवार गिरा दी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी तो आरोपी जान से मारने व टेनरी में आग लगाने की धमकी देकर फरार हो गये। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**आज का मौसम**
तापमान में बढ़ोतरी की संभावना। तेज धूप रहेगी

36.0⁰ अधिकतम तापमान | 22.4⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 02 | सूर्यास्त 06 : 25

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (शनिवार) | सहरी (रविवार) |
|---|---|
| सुन्नी–06 :24 | सुन्नी–04 :44 |
| शिया–06 :37 | शिया–04 :30 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**

- **मेला :** कानपुर हटिया होली महोत्सव कमेटी द्वारा हटिया रज्जन बाबू पार्क में गंगा मेला सुबह नौ बजे से।
- **समारोह :** गंगा मेला के उपलक्ष्य में अमृत विचार के कैंप में होली मिलन समारोह शाम चार बजे से
- **कैंप :** जूही–हमीरपुर रोड व्यापार मंडल द्वारा सरसैया घाट में गंगा मेला पर कैंप शाम चार बजे।
- **कार्यक्रम :** कानपुर इलेक्ट्रिक कान्ट्रेक्टर्स द्वारा होली मिलन व सुंदर झांकी कार्यक्रम होटल दी ब्रिज में शाम चार बजे।

## केस्को के एस्टीमेट को मिली स्वीकृति, जल्द शुरू होगा काम, छह करोड़ आएगी लागत

# मंधना-शुक्लागंज फोरलेन निर्माण में बाधक पोल हटेंगे

**एक्सक्लूसिव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 17 किलोमीटर लंबे मंधना - शुक्लागंज फोरलेन निर्माण में बाधा बनने वाले बिजली के पोल छह करोड़ रुपये से हटाए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी को केस्को की ओर से दिए गए एस्टीमेट पर मुहर लग चुकी है। इसके साथ ही सड़क चौड़ीकरण के लिए कार्यदायी संस्था ने करीब 11 किलोमीटर तक ट्रंच खोदाई का काम भी पूरा कर लिया है। अब गिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है।

मंधना, बिठूर, शुक्लागंज होते हुए लखनऊ की ओर जाने वाले 17 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी ने 92.92 करोड़ लागत से गाजियाबाद की शर्मा कंस्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर दिया गया था। अभी यहां 7.50 मीटर चौड़ी सड़क है। फोरलेन के लिए दोनों ओर 8.50 मीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही फोरलेन के दोनों तरफ तीन-तीन फीट चौड़ा फुटपाथ भी बनाया जाना है। दो मीटर का डिवाइडर सड़क के बीच में होगा। फोरलेन के दोनो ओर नाला व रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट का निर्माण किया जाएगा। बीते तीन मार्च से सड़क के चौड़ीकरण के लिए ट्रंच खोदाई का कार्य शुरू कराया गया था।

वर्तमान में करीब 11 किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर ट्रंच खोदाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब गिट्टी भराई करके समतलीकरण का काम हो रहा है।



निर्माणाधीन मंधना– शुक्लागंज मार्ग। अमृत विचार

फोरलेन मार्ग पर 100 से अधिक हाईटेंशन लाइन के पोल गुजर रहे हैं, जिनसे कई स्थानों पर निर्माण कार्य में समस्या का सामना करना पड़ रहा था। केस्को से पोल की शिफ्टिंग का एस्टीमेट मुख्यालय को भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मिल गई है। अड़चन पैदा करने वाले बिजली के पोल को हटाया जाएगा।

**–अखंडेश्वर कुमार, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी**

**03** मीटर फुटपाथ दोनों तरफ होगा चौड़ा

**02** मीटर का डिवाइडर मार्ग के बीच में होगा

- 8.50– मीटर दोनों तरफ चौड़ी होगी सड़क
- 17 – किमी मार्ग के दोनों तरफ नाला व स्ट्रीट लाइट लगेंगी
- 93 – करोड़ की लागत से तैयार हो रहा है पूरा फोरलेन

### हाईटेंशन लाइन के 100 से ज्यादा पोल रोक रहे थे काम

- फोरलेन निर्माण में पेड़ व 33 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन के 100 से अधिक बिजली के पोल बाधा बन रहे थे। इनकी शिफ्टिंग के लिए पीडब्ल्यूडी ने वन विभाग व केस्को ने एस्टीमेट की मांग की थी। पेड़ो की छंटाई के लिए वन विभाग ने 63 लाख व केस्को ने करीब छह करोड़ का एस्टीमेट बना कर सौंपा था। वन विभाग के एस्टीमेट को मंजूरी मिलने के बाद अब केस्को को भी हाईटेंशन लाइन के पोलों को शिफ्ट करने के लिए छह करोड़ का एस्टीमेट पर मुख्यालय ने मुहर लगा दी है।

## अधेड़ ने दिव्यांग किशोरी से किया दुष्कर्म, भेजा जेल

**कानपुर।** होली पर मित्र से मिलने उसके घर आए एक अधेड़ ने नशे में धुत होकर मित्र की दिव्यांग बेटी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर परिजनों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

गोविंद नगर क्षेत्र स्थित एक बस्ती में 14 वर्षीय दिव्यांग किशोरी अपने माता-पिता व छोटे भाई के साथ रहती है। पिता मजदूरी करते हैं। किशोरी ने बताया कि बीती 25 मार्च को होली के दिन पिता का मित्र ककवन के गढैवा गांव निवासी पिकअप चालक प्रवीण उर्फ बृजकिशोर तिवारी (58) घर आया था। रात में पिता के साथ शराब पीने के बाद सभी छत पर सोने चले गए। चलने में असमर्थ होने के कारण वह नीचे कमरे में सो गई थी। इसी दौरान मौका पाकर प्रवीण कमरे में आया और मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शोरगुल सुन परिजनों के जागने पर आरोपी मौके से भागने लगा, जिस पर उसे पकड़ कर पुलिस को सूचना दी गई। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, रेप की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी का मेडिकल कराया।



तेज गर्मी के कारण सड़क पर सन्नाटे जैसी स्थिति। अमृत विचार

# रात की गर्मी ने तोड़ा 22 साल का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**22.6** डिग्री न्यूनतम तापमान शुक्रवार को दर्ज किया गया

- **इससे पहले मार्च 2001 में 22 डिग्री रहा था न्यूनतम तापमान**
- **और बढ़ेगी गर्मी, आसमान पर हल्के बादल, बूंदाबांदी के आसार**

**अमृत विचार।** शहर में रात की गर्मी ने 22 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मार्च माह में शुक्रवार को 22.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि इससे पहले रात में इतनी गर्मी 29 मार्च 2001 को दर्ज की गई थी। तब तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा था।

शहर में दिन और रात का पारा लगातार बढ़ रहा है। इसके कारण एसी व कूलर चलने लगे हैं। मौसम विभाग ने गर्मी और बढ़ने की आशंका जताई है। ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते गर्मी 15 दिन पहले ही अपना असर दिखाने लगी है। सीएसए विवि के मौसम विभाग ने शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम 36 डिग्री दर्ज किया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि आसमान में हल्के बादल छाए हैं। बूंदाबांदी होने के आसार हैं।

**एक नजर**

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में स्थित गोपाल नगर निवासी 35 वर्षीय विजय कुमार ने गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। भाई अजय ने बताया कि रात में वह कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिश्तेदारों ने बताया कि रात में दोनों भाइयों के बीच झगड़ा हुआ था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र के सकेरा स्टेट निवासी मोहम्मद महताब की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह जेसीबी का मैकेनिक था। परिजनों के अनुसार वह काम से मुनीम के साथ बाइक से कानपुर देहात जा रहा था। कल्याणपुर और बाघपुर के बीच में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महताब ने दम तोड़ दिया।

### युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के मकड़ीखेड़ा निवासी 30 वर्षीय सुनील निषाद ने शुक्रवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पेंटिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले घरेलू कलह से परेशान होकर उसकी पत्नी राधा चली गई थी। जिससे वह अवसाद में चल रहा था।

### मृदा संबंधी जानकारी दी

**कानपुर।** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मृदा स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। किसानों को मृदा एकत्रित करने और उसे लैब तक पहुंचाने के समय बरती जाने वाली सावधानियां भी बताई। किसानों को मृदा नमूना के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ अनिल कुमार ने बताया कि फसलों की उत्पादकता और उत्पाद की गुणवत्ता पर पोषक तत्वों का बहुत महत्व है।

# शत्रु संपत्तियों की जांच शुरू, कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **लखनऊ से आई टीम ने तीन संपत्तियों की पड़ताल की**

**अमृत विचार।** शत्रु संपत्तियों को लेकर सरकार ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके चलते ऐसी संपत्तियों पर कब्जा करके रह रहे लोगों में खलबली मची है। जिले में अब तक कुल 34 शत्रु संपत्तियां घोषित की जा चुकी हैं। टीमें लगातार इन संपत्तियों की सूचना अपडेट करने में लगी हैं। जांच के बाद इन संपत्तियों पर निवास करने वालों को नोटिस भेजा जाएगा। जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

जिले में स्थित 34 शत्रु संपत्तियों में सैकड़ों परिवार रह रहे हैं। इनमें कुछ संपत्तियों को जिला प्रशासन ने सीज कर रखा है। इन संपत्तियों पर नए सिरे से किराया तय करने के लिए शासन ने आदेश भी जारी कर दिया है। जल्द ही ये लागू किया जाना है। एक अपील के तहत लखनऊ से आए टीम के अधिकारी सेवानिवृत्त ब्रिग्रेडियर अरविंदम सिंह, सेवानिवृत्त पीसीएस ओम प्रकाश गुप्ता ने सबसे पहले रावतपुर स्थित शत्रु संपत्ति आबिद रहमान के घर का मुआयना किया था। इसके बाद सदर आपार्टमेंट में सीज एक फ्लैट देखा फिर स्वरूपनगर स्थित मकान का भौतिक सत्यापन किया। इसमें वर्तमान समय में सैकड़ों परिवार रह रहे हैं। टीम ने रह रहे लोगों से बातचीत कर उनके बारे में जानकारी ली। टीम ने संपत्तियों का भौतिक सत्यापन करने के बाद नगर निगम के संपत्ति विभाग जमीनों के अभिलेख भी देखे। संपत्तियों के जरूरी अभिलेख टीम अपने साथ ले गई है।

सरकारी की सख्ती से शत्रु संपत्तियों पर कब्जा करने वालों पर हड़कंप मचा है। शहर में तीन जून को नई सड़क हिंसा के मुख्य मास्टरमाइंड मशहूर बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की थी। पहले प्रशासनिक अधिकारियों से मामले की जांच कराई। जिला प्रशासन ने शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के तहत 'बाबा बिरयानी' दुकान के मालिक की बेकनगंज इलाके में एक व्यावसायिक तीन मंजिला इमारत सहित दो संपत्ति को जब्त कर लिया था।

प्रशासन ने मुख्तार बाबा के आवासीय भटम 'दारुल मौला' पर नोटिस लगाया, जो लगभग 400 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ था। इसकी कीमत पांच करोड़ से अधिक बताई गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने आवासीय भवन में रहने वालों की अपना किराया सरकार को जमा करने के लिए कहा गया था।

### पाक नागरिक शाहिद हलीम की 13 संपत्तियों पर चल रही कार्रवाई

- पाक नागरिक शाहिद हलीम की 13 संपत्तियों पर कार्रवाई चल रही है। राजस्व विभाग ने जिला प्रशासन से इस पर रिपोर्ट मांगी थी जिसे भेज दिया गया है। ये संपत्तियां 13/389 परमट, 13/390 परमट, 91/146 हीरामन का पुरवा, 116/630 गार्डन, 90/92 दलेल पुरवा, 91/71 दलेल पुरवा, 41/125 नई सड़क, 41/125 नई सड़क, 93/124 अनवरगंज, 93/110 अनवरगंज, 7/190 बशीर बाग स्वरूप नगर, 7/189 एबीसी स्वरूप नगर, 100/406 कंघी मोहाल हैं।

# नर्सिंग छात्र की हत्या कर फंदे पर लटकाया

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** अगवासी गांव के बाहर नर्सिंग छात्र का शव आम के पेड़ में फंदे पर लटकता मिला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।



सोनू उर्फ सत्येंद्र।



नर्सिंग छात्र की हत्या पर रोतीं–बिलखतीं परिवार की महिलाएं।



घटनास्थल पर छानबीन करते सीओ शिव ठाकुर।

डेरापुर थाना क्षेत्र के अगवासी गांव निवासी प्रेम शंकर कटियार ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र सोनू उर्फ सत्येंद्र (24) कानपुर में नर्सिंग फाइनल ईयर का छात्र था। आरोप लगाया कि कुछ समय से उनकी गांव के सत्यबाबू के परिवार से रंजिश चल रही है। गुरुवार की रात उनका बेटा सोनू खेत में खड़ी फसलों में पानी लगाने ट्यूबवेल पर जा रहा था, तभी रास्ते में रामकेश, संतोष व सत्यम बाबू साथियों के साथ घेर कर उसके बेटे सोनू को पीटने लगे। शोर मचाने पर खेत पर काम कर रहे किसानों के आने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद सोनू उर्फ सत्येंद्र खेत चला गया था। पिता प्रेमशंकर ने बताया कि गांव के कर्तव्य बाबू ने साजिश रचकर रामकेश, संतोष, सत्यबाबू व अन्य लोगों के साथ ट्यूबवेल पर पहुंचकर उसके पुत्र को दोबारा पीटा और हत्या कर शव को आम के पेड़ पर फंदे से लटका दिया। शुक्रवार सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने शव लटका हुआ देखा तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी शिव ठाकुर ने छानबीन की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। वहीं मौके पर पहुंचे सपा नेता जितेंद्र दोहरे व पूर्व विधायक मिथिलेश कटियार ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। डेरापुर थाना प्रभारी अनिल बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर देकर रामकेश, सत्यबाबू, संतोष, कर्तव्य बाबू व अन्य पर युवक की हत्या को आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। नामजद व अज्ञात खिलाफ षडयंत्र के तहत हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**कानपुर।** शुक्रवार को झांसी रेलवे डाउन लाइन पर मध्य में एक व्यक्ति की ट्रेन से कट जाने के कारण मृत्यु हो गई। उसके पास से पुलिस को तलाशी में पर्स, बिल व उसकी जेब में पड़े फोन नंबर से वार्ता कर शव की शिनाख्त की गई। शव की शिनाख्त 22 वर्षीय धनीराम निवासी हशिहार कला थाना पैलानी जिला बांदा के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# बस की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत, बेटी घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर थानाक्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नारामऊ जीटी रोड पर दयालबाग के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी। उन्हें मंधना के रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें रीजेंसी रेफर कर दिया गया। वहां महिला ने दम तोड़ दिया।

रतनलाल नगर निवासी 43 वर्षीय कोमल कनौजिया की 13 वर्षीय बेटी एंजल, मंधना स्थित सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल में पढ़ती है। शुक्रवार को कोमल बेटी की अभिभावक मीटिंग में शामिल होने के लिए पड़ोस में रहने वाली सोनम पांडेय के साथ स्कूटी से जा रही थी। जीटी रोड पर नारामऊ दयालबाग के पास पीछे से आ रही हमीरपुर डिपो की बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। रामा हॉस्पिटल से कोमल को रीजेंसी अस्पताल रेफर किया गया। जहां कोमल की मौत हो गई। घटनास्थल से दो किलोमीटर आगे माडल डेयरी के पास चालक सुरेंद्र कुमार बस छोड़कर भाग निकला।

बिठूर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई हो रही है।

YOUR HEALTH OUR MISSION
CHANDNI HOSPITAL PVT. LTD.
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
गंगा मेला
की हार्दिक शुभकामनायें
24 घंटे सुविधा उपलब्ध | आई.सी.यू. | पैथोलॉजी | फार्मेसी
सभी प्रकार के रोगों के लिए O.P.D./I.P.D. सुविधा उपलब्ध है



Address : 9/60, Arya Nagar, Kanpur
E-mail : chandnihospital@gmail.com | Web. : www.chandnihospital.com

**सुरक्षा अलर्ट** संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस करती रही गश्त, आईटीबीपी जवानों ने छाना चप्पा–चप्पा

# माफिया डॉन की मौत और जुमे को लेकर रही सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान माह में प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से बांदा में मौत के बाद डीजीपी ने पुलिस महकमे को हाईअलर्ट पर रखा था। इसे देखते हुए गुरुवार रात से जुमे की नमाज तक शहर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस लगातार गश्त करती रही। आईटीबीपी जवानों के साथ कमिश्नरेट के अफसर पैदल मार्च करने के साथ सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी करते रहे। पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट पर रही। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए वरिष्ठ अधिकारी पल-पल का अपडेट लेते रहे।



नमाज अता कर लौटते लोग। अमृत विचार



मुस्लिम क्षेत्रों में पैदल मार्च करते आईटीबीपी के जवान। अमृत विचार

शहर में गुरुवार रात से परेड स्थित सद्भावना चौकी के पास पीएसी बटालियन, पैरा मिलिट्री फोर्स और पुलिस को तैनात किया गया था। शुकर्वार सुबह से ही पुलिस घनी और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पहुंची और रूट मार्च किया। मौके पर एडिशनल सपी हरीश चन्दर भी पहुंचे। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने भी मौके पर पहुंचकर संवेदनशील इलाकों में गश्त की। एडिशनल सीपी ने बताया की जगह-जगह पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शहर में खुफिया और पुलिस को भी अलर्ट किया गया है। इसके साथ ही ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार को रमजान पर जुमे की नमाज को लेकर कड़ी चौकसी बरती गई। पुलिस ने संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की। कई स्थानों पर वाहन चेकिंग भी की गई। मस्जिदों के बाहर फोर्स तैनात किया गया।

# इनामिया गांजा तस्कर से पुलिस की मुठभेड़

## जाजमऊ के प्योंदी गांव में हुई कार्रवाई, कांशीराम अस्पताल में कराया भर्ती, डाक्टरों की देखरेख में हो रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


घटनास्थल पर मौजूद डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार


राजा रब्बानी का इलाज करते डॉक्टर।

**अमृत विचार।** जाजमऊ पुलिस पर हमला करने वाले फरार 25 हजार के इनामिया गांजा तस्कर राजा रब्बानी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से चली गोलियों से क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस को तस्कर के जाजमऊ के प्योंदी गांव में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद जाजमऊ और चकेरी पुलिस ने छापेमारी की। जहां उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घटना की जानकारी डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह और एसीपी कैंट अंजलि विश्वकर्मा को दी। अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घायल इनामिया को सुरक्षा में कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर रात पुलिस गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि आरोपी जाजमऊ प्योंदी गांव की तरफ जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस को बचाव में जवाबी फायरिंग करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि तीन मार्च को शातिर गांजा तस्कर के घर सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर गांजा तस्कर ने परिवार के साथ मिलकर हमला कर दिया था। जिससे दरोगा और दो सिपाही घायल हो गए थे। घटना को अंजाम देने के बाद शातिर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने तीन परिवार सदस्यों को गिरफ्तार करके गांजा तस्कर समेत 11 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की थी। काफी समय तक फरार होने के बाद डीसीपी पूर्वी ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था।

जाजमऊ पुलिस जाजमऊ स्थित बुढ़िया घाट स्थित गांजा तस्कर राजा रब्बानी के घर सत्यापन के लिए गई थी। तभी आरोपी गांजा तस्कर ने परिवार के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। गांजा तस्कर राजा रब्बानी मौके से फरार हो गया था। डीसीपी ने इस मामले में राजा रब्बानी उसके भाई गब्बर, मां अफसाना, पत्नी सना, रोशनी, सोना, शाहनवाज समेत 11 लोगों के खिलाफ सेवन सीएलए, मारपीट, बलवा समेत और धारा में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें मां, पत्नी और बहन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### मादक पदार्थों का बड़ा तस्कर है राजा रब्बानी

जाजमऊ बुढ़िया घाट निवासी राजा रब्बानी मादक पदार्थों खुलेआम तस्करी करता है। कुछ समय पहले जेल से छूटा है। राजा रब्बानी की कई लोगों से बिक्री को लेकर सीधी दुश्मनी चलती है। जिसको लेकर कई बार गोलियां भी चल चुकी हैं। पूर्व में राजा को लेकर सोशल मीडिया में पत्र वायरल हुआ था। जिसमे एक दरोगा पर मादक पदार्थ बेचने के एवज में महीना 50 हजार देने लिखा था।

## रंजिश में भाजपा पार्षद व उसके साथियों पर हमला, चार घायल

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में अशोक नगर से भाजपा पार्षद और उसके साथियों पर शुक्रवार देर रात इलाके के दबंगों ने रंजिश के चलते जानलेवा हमला कर दिया। जिससे चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इस दौरान घटना स्थल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

पार्षद पवन गुप्ता ने बताया कि आरके नगर निवासी आशीष सविता नेहरु नगर में एक व्यक्ति के यहां काम करता था। बीते कुछ महीनों से उसने वहां पर काम छोड़ दिया जिसके बाद अब वह उनके यहां कार्यालय पर काम करता है। जिसके चलते आरोपी उससे रंजिश मानते हैं। पवन ने बताया कि शुक्रवार देर रात वह चचेरे भाई मयंक गुप्ता, नगर निगम के कर्मचारी मुकेश मिश्रा उर्फ भीम और आशीष सविता के साथ नेहरु नगर अंध विद्यालय के पास प्रापर्टी डीलर अजय यादव से मिलने गए थे।

# पत्नी को कुल्हाड़ी से काटने वाले हत्यारोपी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 2020 में बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में घटना को दिया था अंजाम

**अमृत विचार।** बेगमपुरवा में विवाद के दौरान पत्नी की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या करने वाले युवक को एडीजे- 23 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अगस्त 2020 में युवक ने यह घटना अंजाम दी थी। मकान मालिक ने बाबपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बेगमपुरवा निवासी मो. सलीम अंसारी ने चार अगस्त 2020 को बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके मकान में नमरू उर्फ गुड्डू पत्नी नसरा व दो बच्चों के साथ किराए पर रहता है। पति-पत्नी के बीच अक्सर मामूली बातों पर विवाद होता रहता था। चार अगस्त को भी दोनों के बीच विवाद हो रहा था, इसी दौरान नमरू ने पत्नी की गर्दन पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद नमरू मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को नया पुल रेलवे पटरी से टाटमिल जाने के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मृतका की मां राशिदा ने बताया था कि नसरा के पहले पति रियाज की मौत के बाद उसकी दूसरी शादी नमरू के साथ हुई थी। पहले पति से उसके दो बच्चे थे व घटना से एक वर्ष पूर्व नमरू और नसरा का एक बेटा पैदा हुआ था। मामला एडीजे 23 कीर्ति कुणाल की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मकान मालिक, मृतका की मां राशिदा, उसका बेटा अनस समेत नौ गवाह अभियोजन की ओर पेश किए गए थे। कोर्ट ने नमरु को दोषी पाते हुए उम्रकैद व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

**पापा ने मम्मी को मारा, रोने पर पांच रुपये देकर भेज दिया:** सौतेले बेटे अनस ने कोर्ट को बताया कि घटना के समय वह तख्त पर बैठा था। इसी दौरान मम्मी-पापा झगड़ा करने लगे। पापा ने कुल्हाड़ी उठा कर मम्मी की गर्दन पर मारा था, जिससे उनके बहुत खून बहने लगा तो मेरे पापा ने मम्मी को बचाया नहीं। मैं रोने लगा तो उन्होंने मेरा मुंह दबाया और पांच रुपये देकर खाला के घर जाने को कहा।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले ससुर को पांच साल की सजा

**कानपुर।** दामाद को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले ससुर को एडीजे छह की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई। मृतक ने दोषी की बेटी से प्रेम विवाह किया था। जिस पर दोषी ससुर अक्सर दामाद की बेइज्जती करता रहता था। जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने वर्ष 2017 में आत्महत्या की थी। गिल्लीपुरवा गांव निवासी मनोज कुमार निषाद ने बताया था कि उसके छोटे भाई भानु निषाद ने नैका छपरा जिला कुशीनगर निवासी अंजलि से प्रेम विवाह किया था। भानु के विवाह से उसके ससुर कैलाश, सास पुष्पा देवी नाराज रहते थे और जान से मारने की धमकी देते थे।

# प्लॉट हथियाने के लिए की गई थी आढ़ती की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थाने में आढ़ती की हत्या को सुनियोजित तरीके सचेंडी थाने के हिस्ट्रीशीटर कथित वकील ने की थी। आरोपी ने आढ़ती से 60 लाख की कीमत का प्लॉट का मात्र दो लाख में एग्रीमेंट करा लिया, जिसके पैसे भी नहीं दिए थे। इसके बाद थाने में विवाद के दौरान साथियों के आढ़ती को जहरीला पदार्थ थमा दिया था, जिसको खाने से उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

सचेंडी के लालूपुर गांव निवासी आढ़ती दिनेश सिंह भदौरिया के गल्लामंडी स्थित प्लॉट पर खुद को अधिवक्ता बताने किदवई नगर निवासी प्रीति वर्मा ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद प्रीति ने आढ़ती और उसके परिजनों के खिलाफ फर्जी एससीएसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिससे परेशान होकर आढ़ती दिनेश ने सचेंडी, रौतेपुर गांव निवासी कथित अधिवक्ता राजेश सिंह की सहायता से मदद मांगी थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राजेश ने इसका फायदा उठाते हुए 60 लाख के प्लॉट का एग्रीमेंट मात्र दो लाख रुपये में करा लिया था। इसके एवज में चंद रुपये देने के बाद राजेश पैसे मांगने पर टरकाने लगा था। 16 अगस्त को दिनेश, उसका भाई सौरभ व अन्य साथी प्लॉट पर पहुंचे, जिस पर प्रीति वर्मा से उनका विवाद हो गया था। गल्लामंडी तत्कालीन चौकी प्रभारी अशोक कुमार दिनेश को थाने लेकर आए थे। राजेश व उसके साथी सुशील समेत एक अन्य ने दिनेश के हाथ में जहरीले पदार्थ की पुड़िया थमा कर खाने को कहा था। दिनेश के जहरीला पदार्थ खाते ही वह गिर पड़ा और मौत हो गई थी। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि हत्याकांड की योजना राजेश ने बनाई थी। बिसरा रिपोर्ट में जहर से मौत की पुष्टि होने के बाद थाने में लगे सीसीटीवी की जांच की तो राजेश व उसके साथी जहरीला पुड़िया थमाते हुए कैद हो गए थे। बताया कि राजेश पर सचेंडी में हत्या, गैंगस्टर समेत पांच मुकदमे और हनुमंत विहार में हत्या का एक मुकदमा दर्ज है।

## आईआईटी ने 19 नए स्टार्टअप लांच किए

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर की ओर से शुक्रवार को 19 स्टार्टअप लांच किए गए। सभी स्टार्टअप साइबर सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। संस्थान में एक आयोजन के दौरान सी3आईहब ने 5 समूहों में 50 स्टार्टअप को वित्तीय सहायता दी। लांच हुए स्टार्टअप से देश की साइबर सुरक्षा में इजाफा हो सकेगा।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (टीआईएच) सी3आईहब ने स्टार्टअप समूह III, IV और V लांच किया। लांच हुए स्टार्टअप एप्लिकेशन सुरक्षा, एकीकृत एसओसी समाधान, साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। लांचिंग कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर, लेफ्टिनेंट जनरल एमयू नायर, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक, नवीन कुमार सिंह, महानिदेशक एनसीआईआईपीसी, डॉ. अखिलेश गुप्ता और मिशन निदेशक डॉ. एकता कपूर, डॉ. अजय कुमार और भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक डॉ. गुलशन राय मौजूद रहे।

# भजन संध्या में जमकर नाचे-झूमे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बिरहाना रोड नवयुवक संघ ने मनाया रजत जयंती वर्ष अमृत विचार

**अमृत विचार।** मटकी फोड़ प्रतियोगिता के रजत जयंती वर्ष को बिरहाना रोड नवयुवक संघ ने यादगार बना दिया। भजन संध्या में कलाकारों की प्रस्तुति ने भक्तिभाव भर दिया। ब्रज की होली, भजन व गीतों पर लोग जमकर नाचे-झूमे।

बिरहाना रोड नवयुवक संघ ऐतिहासिक गंगा मेला पर आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस मौके पर नवयुवक संघ ने गंगा मेला की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन किया। मुकुल बंधु पार्टी के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिभाव से भर दिया। पार्टी के कलाकारों ने आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा अवध में, होली आई रे कन्हाई आदि भजनों व गीतों पर मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर गंगा मेला की बधाई दी। संघ के अध्यक्ष गणेश बाजपेई, महामंत्री रिंकू ठाकुर, मंत्री मयूर पटेल, हर्षित मेहरोत्रा के अलावा पार्षद विकास जायसवाल, अंकित जायसवाल ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

### अबीर-गुलाल उड़ाकर होली मंगल महोत्सव मनाया

**कानपुर।** श्री राणी सती मंत्रिमंडल की ओर से शुक्रवार को फूलों की होली खेली गई। अबीर-गुलाल उड़ाकर भक्तों ने होली मंगल महोत्सव मनाया। तनधन बाबा की बारात निकाली और भक्तों ने जमकर नाच-गाना किया। गुइया धाम में श्री राणी सती मंत्रिमंडल ने होली मंगल महोत्सव धूमधाम से मनाया। मंदिर प्रांगण में श्री तनधन बाबा की बारात निकाली गई। बाराती नाचते व झूमते हुए होली खेलते हुए निकले। श्रीदादी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। भक्तों ने श्रीदादी से फूलों की होली खेली। इसके बाद श्रीगंगोर माता का पूजन किया गया। वहीं कृष्ण कुमार तुलस्यान ने मंगल पाठ किया। होलिया में उड़ेरे गुलाल दादी तेरे मंदिर में, रंग बरसे भीगे चुनर वाली, लेकर रंग गुलाल, दादी जी आयो थारे द्वार आदि गीतों पर भक्तों को जमकर झुमाया। कैलाश नाथ खेमका, वीरेंद्र जाखोदिया रहे।


श्री रणी सती मंदिर में खेली गई फूलों की होली। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# परिवार गया होली मनाने, लाखों का माल पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेनगेट का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने दी सूचना
- मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच, गुजैनी थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जरौली फेस-दो में परिवार के साथ होली मनाने पैतृक आवास गए युवक के घर से चोरों ने जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया। पड़ोसियों ने मेनगेट का ताला टूटा देखकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें कुछ संदिग्ध कैद हो गए। पीड़ित ने गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मूलरुप से कन्नौज, छिबरामऊ निवासी कंप्यूटर व्यवसायी समीर ओझा पत्नी व बेटी के साथ बीते करीब दो साल से जरौली फेस दो में अपने मकान में रहते हैं। समीर के मुताबिक बीते कुछ दिनों से पत्नी की तबियत खराब होने के कारण वह परिवार के साथ 21 मार्च को होली मनाने छिबरामऊ स्थित पैतृक आवास गए हुए थे। 24 मार्च की रात चोर मेनगेट का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। इसके बाद अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब पांच लाख के सोने, चांदी के जेवरात, गैस चूल्हा, कपड़े व किराने का सामान पार कर दिया। 25 मार्च की सुबह पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखकर घटना की जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे समीर की सूचना पर गुजैनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने गली के पीछे लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें तीन संदिग्ध कैद हुए हैं। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

### सूने मकान का ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात किए पार

**कानपुर।** बर्रा विश्वबैंक सी ब्लॉक में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी और जेवरात पार दिए। घटना के वक्त पीड़ित परिवार होली मनाने गांव गया था। शुक्रवार को मेनगेट का ताला टूटा देखकर पड़ोसी ने सूचना दी तो घर पहुंची महिला ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विश्वबैंक सी ब्लॉक निवासी अनिल गौड़ की पत्नी माधुरी ने बताया कि वह करीब एक साल से किराए के मकान में रह रहीं हैं। 23 मार्च को होली मनाने के लिए वह परिवार समेत जसरा स्थित ससुराल गईं थीं। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने उनके घर का ताला टूटा देखा, जिसके बाद उन्हें जानकारी दी। वह घर पहुंची तो मेनगेट से लेकर कमरों तक के ताले टूटे और सामान बिखरा पड़ा मिला। घर में रखी करीब 35 हजार की नकदी समेत जेवरात गयाब मिले। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का लगाया आरोप

- बर्रा थानाक्षेत्र का मामला पुलिस कर रही जांच

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर घायल अवस्था में पड़ा मिला। परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने इलाके के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

जूही कला निवासी 45 वर्षीय राजू सिंह ट्रांसपोर्ट में गाड़ी चलाते थे। पत्नी रामदेवी के अनुसार बुधवार दोपहर वह घर पर थे। दोपहर में इलाके का रहने वाला युवक उन्हें कहीं ले गया। पत्नी के अनुसार युवक ने शाम को इलाके में रहने वाले नरेश को मछरिया बुलाया और वहां से राजू को घर पहुंचाने को बोला। जिस पर नरेश ने उन्हें घर के पास छोड़ दिया। लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। बुधवार शाम पत्नी पानी भरने के लिए निकलीं तो राजू को सड़क पर पड़ा देखा। उसे हैलट अस्पताल ले जाया गया। जहां शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मिली आसान सुविधा — जीएसवीएम के नेत्र रोग विभाग में 25 लाख की मशीन स्थापित, एक सप्ताह में मरीजों को मिलेगा आराम

# हाइटेक फेको मशीन से हैलट में मोतियाबिंद का ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नेत्र रोग विभाग में फेको मशीन की जानकारी देते प्राचार्य प्रो. संजय काला, एसआईसी डॉ.आरके सिंह, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी मोहन व प्रो. एसके गौतम।

**100** मरीज आते हैं रोज नेत्र रोग विभाग में

**25** मरीजों को औसतन ऑपरेशन की जरूरत

**15** दिन का समय पहले ठीक होने में लगता था

**2.8** एमएम के छोटे सुराख से अब होगा ऑपरेशन

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में मोतियाबिंद का इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए यह एक अच्छी खबर है। हैलट के नेत्र रोग विभाग में अब छोटे चीरे से ही मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं, मरीज को एक सप्ताह में आराम भी मिल सकेगा। इसके लिए नेत्र रोग विभाग को विधायक निधि से फेको मशीन उपलब्ध करा दी गई है।

हैलट के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में इन दिनों प्रतिदिन करीब सौ मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पहुंच रहे हैं। अभी मोतियाबिंद का ऑपरेशन होने के बाद मरीजों को ठीक होने पर करीब 15 दिन का समय लगता है। लेकिन अब नेत्र रोग विभाग में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने के बाद मरीजों को एक सप्ताह में आराम मिल सकेगा। इसके लिए विभाग में अत्याधुनिक फेको (फेमोइमल्सिफिकेशन) मशीन कल्यानपुर विधायक नीलिमा कटियार ने अपनी निधि से उपलब्ध कराई है। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि करीब दो माह पहले मशीन के संबंध में विधायक नीलिमा कटियार को अवगत कराया गया था, जिस पर उन्होंने हामी भरते हुए अपनी निधि से फेको मशीन उपलब्ध कराने के संबंध में आश्वासन दिया था। मशीन के संबंध में टेंडर आदि प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह मशीन अब आ गई है। मशीन की मदद से आंख के आसपास इंजेक्शन से सुन्न करने की बजाए फेको विधि में केवल 2.8 एमएम का छोटा छेद कर अत्याधुनिक मशीन से मोतियाबिंद को आंख के भीतर घोल दिया जाता है। इसके बाद फोल्डेबल लेंस आंख में प्रत्यारोपित किया जाता है।

### मरीज जागते हुए भी करा सकते ऑपरेशन

फेको मोतियाबिंद ऑपरेशन के दौरान आंख और आसपास के क्षेत्र को सुन्न करने के लिए आंख में आई ड्रॉप डाला जाता है। फेको प्रक्रिया के दौरान मरीज जागते रहते हैं, लेकिन कोई दर्द महसूस नहीं होता है। फेको ऑपरेशन टांके रहित व दर्द रहित प्रक्रिया है। यह तकनीक एक सूक्ष्म चीरे द्वारा की जाती है। चीरा छोटा होता है तो उसे ठीक करने के लिए टांके लगाने की आवश्यकता नहीं होती है। वह कुछ ही दिनों में ही ठीक हो जाता है। इस विधि से गर्मी के दिनों में भी आपरेशन कराने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## शराब पीकर किया हुडदंग व मारपीट

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में शिवाला निवासी रमेश कुमार मिश्रा उर्फ चुन्नू ने युवक व उसके साथ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक वह 25 फरवरी की रात साढ़े नौ बजे दोस्त सुमित के साथ कार से घर जा रहे थे। गिलीश बाजार भैसी हाता के पास कुछ युवक शराब पीकर सड़क पर हुड़दंग मचा रहे थे। हॉर्न बजाया तो युवकों ने गाली गलौज की। उतर कर गाली देने से मना किया तो सोम तिवारी नाम के लड़के ने गर्दन पकड़ ली और बाएं कान को दांत से काटकर फेंक दिया। पीड़ित ने हैलट में इलाज कराया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 2263759 वर्ष 2010 वास्तव में कहीं खो गया है। **शाहिला राशिद पुत्री अब्दुल राशिद सदर बाजार करनैलगंज गोंडा**

सूचना
मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 212627168 वर्ष 2021 वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद एहतिशाम पुत्र अनीस अहमद ग्राम परशरामपुर थाना पखरपुर बहराइच**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222367663 वास्तव में खो गया है। **महेश पुत्र श्री पप्पू ग्राम धरमपुर पोस्ट पातुपुर थाना रानीपुर जिला बहराइच, पिन कोड 271872**

सूचना
सूचित हो कि मैं भावना भट्ट तिवारी पत्नी मनोज कृष्ण तिवारी निवासी 8/54 a–3 अशोक विहार कॉलोनी, इंदिरानगर लखनऊ, मैंने अपने पुत्र का नाम Avyukt Tiwari से बदलकर Anshuman Tiwari रख लिया हैं, आज से उसे Anshuman Tiwari के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या– सी–27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनाकं – 29–11–2014, बही संख्या–01, जिल्द संख्या– 16148 के पृष्ठ संख्या– 235 से 260 तक क्रमांक संख्या–20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निदेशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा– शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा– शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।
प्राथिर्नी (हेमलता वर्मा) पता– 1/43, विकास नगर, सेक्टर–1, लखनऊ। मो0नं0– 7007914933


सपा कार्यालय में जानकारी देते जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद साथ में अन्य नेता।

# सपा ने लोकसभा क्षेत्र के 78 वार्डों में बनाए प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव समिति की बैठक हुई। सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि 78 वार्डों में बैठकें आयोजित करने के लिए 78 इंचार्जों का चयन किया गया है। सभी बैठकों में जोनल सेक्टर प्रभारी के अलावा फ्रंटल संगठन के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

दो अप्रैल से वार्डों में बैठक कर चुनावी रणनीति के साथ जनता की समस्याओं का आकलन किया जाएगा। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, परमवीर सिंह गंभीर, सुधीर बाजपेई, प्रदीप तिवारी, आकाश यादव, मोहम्मद सरिया, मुमताज मंसूरी, वरुण जायसवाल, आसिफ कादरी मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी की गारंटी हवा-हवाई, मतदाता हमारे साथ

## अकबरपुर सीट से सपा- कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल बोले, सांसद भोले ने जनता की समस्याओं को किया नजरअंदाज

साक्षात्कार

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सपा- कांग्रेस गठबंधन ने पूर्व सांसद राजाराम पाल को मैदान में उतारा है तो भाजपा से देवेंद्र सिंह भोले फिर से मैदान में हैं। । बसपा ने राजेश द्विवेदी पर दांव लगाया है। पीएम मोदी की गारंटी और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में बनी लहर से इंडिया गठबंधन कैसे निपटेगा और सपा-कांग्रेस व आम आदमी पार्टी से तालमेल कैसे बन पाएगा, स्थानीय मुद्दे क्या हैं, जैसे सवालों पर **अमृत विचार संवाददाता विकास कुमार** ने राजाराम पाल से बातचीत की। पेश हैं प्रमुख अंश

### मोदी की गारंटी और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भाजपा के पक्ष में बने माहौल से कैसे निपटेंगे ?

- भाजपा के पक्ष में कोई माहौल नहीं है। न ही जनता के लिए मोदी की कोई गारंटी है। उनकी गारंटी सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है। रसूलाबाद में सपा शासनकाल में बनी हवाई पट्टी को उपेक्षित कर दिया गया। न तो गांवों में सड़कें बन रही हैं और न ही बिना कमीशन के जनता को आवास व अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार और लूट खसोट और युवाओं को रोजगार न देने की गारंटी है।

### देवेंद्र सिंह भोले तो क्षेत्र में खूब विकास कराने का दावा कर रहे हैं ?

- भाजपा सांसद क्षेत्र की सड़कों के गड्ढे तो भरवा नहीं पाए। आज कोई ऐसी सड़क नहीं है जो गड्ढा मुक्त हो गई हो। सिकंदरा- भोगनीपुर- घाटमपुर- चौडगरा स्टेट हाईवे को फोरलेन बनाने का दावा भी हवा में है। एक भी विकास कार्य ऐसा नहीं हुआ जिस पर जनता को भोले के काम पर गर्व हो सके। नौबस्ता- हमीरपुर हाईवे पर जाम लगता है। हादसे होते हैं उसके चौड़ीकरण के लिए कोई कदम भोले नहीं उठा सके। बातें करने से विकास नहीं होता काम करना पड़ता है।

### वो कौन से स्थानीय मुद्दे हैं जिनके साथ आप मैदान में हैं ?

- देखिए मेरा एकमात्र लक्ष्य है, अकबरपुर संसदीय क्षेत्र का विकास और यही मेरा मुद्दा है। खोखले वादे और झूठी सांत्वना से क्षेत्र की जनता ऊब चुकी है। हर किसी को अखिलेश यादव का मुख्यमंत्री वाला शासनकाल याद आता है। नहरों में पानी होता था, सड़कें गड्ढा मुक्त थीं, युवाओं को रोजगार मिल रहा था आज ऐसा कुछ भी नहीं है। आज न्याय के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। मतदाताओं के आशीर्वाद से जीत कर यहां के विकास में अहम भूमिका अदा करूंगा।



### कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं से कैसे तालमेल बैठाएंगे ?

- देखिए 14 साल कांग्रेस में रहा हूं। प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी से हमारा अपनेपन का नाता है। मेरा चुनाव यहां के मतदाता खुद लड़ रहे हैं। सपा- कांग्रेस व अन्य सहयोगी दलों के कार्यकर्ता खुद को ही राजाराम पाल मान रहे हैं और पूरी शिद्दत से प्रचार में जुटे हैं। निश्चित रूप से हम जीतेंगे क्योंकि न तो लोगों को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा है और न ही भोले के दावों पर। जब सांसद था तो घाटमपुर में पावर प्लांट की नींव रखवाई थी। वह बनकर तैयार हो गया। न जाने विकास के कितने कार्य कराए थे। जनता मेरी कार्यशैली को जानती है और इसीलिए आशीर्वाद मिल रहा है।

# होरियारों की फौज तैयार, आज होगी रंगों की बौछार

## हटिया पार्क से निकलेगा ऐतिहासिक गंगा मेला का रंग ठेला, क्रांतिकारियों के शिलालेख पर पुष्पांजलि एवं तिरंगा फहरेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक गंगा मेला को लेकर होरियारों में जबरदस्त उत्साह है। हटिया मेला से निकलने वाले रंग ठेला में भैसा, घोड़ा, ऊंट, टेंपो, ट्रैक्टर पर रखे ड्रमों से रंगों की बौछार होगी। सात किमी मेला मार्ग में होरियारों की टोली अबीर व गुलाल उड़ाते चलेगी। इससे पहले हटिया पार्क स्थित क्रांतिकारियों के शिलालेख पर पुष्पांजलि होगी। पुलिस बैंड के राष्ट्रीय धुन पर तिरंगा फहराया जाएगा। शुक्रवार को पुलिस ने मेला पार्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

ऐतिहासिक गंगा मेला शनिवार सुबह अनुराधा नक्षत्र में 10 बजे हटिया पार्क से शुरू होगा। इससे पहले 9:45 बजे जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार क्रांतिकारियों के शिलालेख पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। पुलिस बैंड के राष्ट्रीय धुन पर तिरंगा फहराया जाएगा। विशिष्ट अतिथि अनु अवस्थी होंगे। इसके बाद करीब एक दर्जन से अधिक रंग ठेला पार्क से निकलेगा। रंग ठेला में भैसा, घोड़ा, ऊंट, टेंपो, ट्रैक्टर ठेला शामिल होंगे। इन सभी ठेला पर रंगों के ड्रम होंगे। जिससे मेला मार्ग में वाटर लिफ्टिंग पंप से रंगों की बौछार होगी। शनिवार शाम को हटिया पार्क में बाल मेला लगेगा। जिसमें बच्चों के खाने-पीने, झूले की निःशुल्क व्यवस्था होगी। शुक्रवार को एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह, मूलगंज थानाध्यक्ष रीकेश कुमार सिंह, फीलखाना थानाध्यक्ष रवींद्र प्रताप सिंह ने पार्क का निरीक्षण किया। उनके साथ हटिया होली महोत्सव कमेटी के ज्ञानेंद्र बिश्नोई, विनय सिंह, अधिवक्ता संतोष बाजपेई, उत्तम बाजपेई, कृतक तिवारी, रोहित बाजपेई, आकाश सैनी, संदीप मिश्रा, निखिल मिश्रा मौजूद रहे।

**ठेलों पर होंगे रंगों से भरे 100 ड्रम :** दर्जन भर से अधिक रंग ठेलों पर रंग से भरे करीब 100 ड्रम लादने की व्यवस्था की गई है। इन ड्रमों को वाटर लिफ्टिंग पंप से जोड़ा गया है। जिससे ड्रमों में भरे रंग को बौछार बनाकर उड़ाया जा सके। ड्रमों में पानी के लिए पानी टैंकर भी साथ चलेगा।

**इन रास्तों से निकलेगा रंगा ठेला :** रंग ठेला रज्जन बाबू पार्क से शुरू होकर जनरलगंज बाजार, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक, टोपी बाजार, कोतवालेश्वर मंदिर चौक, चौक सर्राफा, बीचवाला मंदिर मेस्टन रोड, कोतवाली चौराहा, संगमलाल मंदिर, कमला टॉवर, फीलखाना, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, शतरंगी मोहाल, लाठी मोहाल से जनरलगंज बाजार होते हुए वापस रज्जन बाबू पार्क में पूर्ण विश्राम लेगा।


कुछ इस तरह की गई है जमकर रंग बरसाने की तैयारी। अमृत विचार

### 500 से ज्यादा पुलिस कर्मी करेंगे सुरक्षा ड्यूटी

गंगा मेला में सुरक्षा के लिए सुबह आठ बजे से पुलिस की ड्यूटी लगेगी। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मेला आयोजकों से बात कर ली गई है। सरसैयाघाट से मेघदूत तिराहा, माल रोड से मेघदूत तिराहा और जेल चौराहे से गंगा घाट तक अलग –अलग ड्यूटी लगाई गई है। वहीं मटकी फोड़ के कार्यक्रम में रज्जन बाबू पार्क से बिरहाना रोड तक तीन जगह सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। डीसीपी ने बताया कि सुरक्षा के नोडल अधिकारी एडीसीपी पूर्वी लाखन सिंह यादव रहेंगे। लोग रंग खेलने के बाद नहाने घाट पर जाते हैं। लिहाजा जल पुलिस की तैनाती की गई है। रूफ टॉप ड्यूटी, मोबाइल ड्यूटी और स्टैटिक ड्यूटी भी लगाई गई हैं। 22 चौकी इंचार्ज, कुल 15 एसीपी समेत 500 से ज्यादा पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

### गंगा मेला पर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

गंगा मेला पर ट्रैफिक पुलिस ने शहर के यातायात में बदलाव किया है। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि कोई भी वाहन फूलबाग, चार्लिस चौराहा होते हुए मेघदूत चौराहा से सरसैय्या घाट होते हुए ग्रीनपार्क को नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन मेघदूत चौराहा से बड़ा चौराहा से कारसेट से दाहिने एमजी कॉलेज से होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। कोई भी वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से वीआईपी रोड होते हुए सरसैय्या घाट मेघदूत चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे समस्त वाहन ग्रीनपार्क चौराहा से एमजी कॉलेज से बायें मधुवन तिराहा पुलिस ऑफिस कचहरी होते हुए चेतना से व्यायामशाला की ओर जाएंगे। कोई भी वाहन गुप्तार घाट से सरसैय्या घाट की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे समस्त वाहन गुप्तार घाट से बायें मुडकर मेघदूत चौराहा से बडा चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

# गंगा मेला पर अस्पताल रहेंगे अलर्ट, छुट्टियां रद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा मेला पर अगर किसी की तबीयत खराब होती है या कोई सड़क हादसे का शिकार होता है तो उसे हैलट, उर्सला व कांशीराम संयुक्त अस्पताल में फौरन इलाज मिलेगा। अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों की छुट्टी रद कर दी गई है। डॉक्टरों के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ भी मौके पर उपलब्ध रहेंगे।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने हैलट, उर्सला, डफरिन, केपीएम, कांशीराम संयुक्त अस्पताल व सीएमओ कार्यालय को पत्र जारी कर चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। इस वजह से अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टी रद कर दी गई है। शनिवार को अस्पताल में खासतौर से सर्जरी, आर्थो, मेडिसिन, नेत्र रोग, बाल रोग विभाग व ईएनटी विभाग के डॉक्टर अपनी टीम के साथ अलर्ट मोड पर रहेंगे। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अधीक्षकों को गंगा मेला पर अलर्ट रहने को कहा गया है।



### हैलट इमरजेंसी में की गई चाक चौबंद व्यवस्था

प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि इमरजेंसी में आर्थो व सर्जरी विभाग में तीन–तीन टीमें तैनात की गई है। एक टीम में छह डॉक्टर शामिल रहेंगे। इसी तरह नेत्र रोग, मेडिसिन विभाग और बाल रोग में डॉक्टरों की टीम इमरजेंसी में मुस्तैद रहेगी। शनिवार को ओपीडी भी लगेगी।



### उर्सला में 40 बेड कर दिए गए आरक्षित

उर्सला अस्पताल के प्रबंधक डॉ.फैसल नफीस ने बताया कि गंगा मेला पर इमरजेंसी में तीन टीमें मौजूद रहेंगी। एक टीम में चार से पांच डॉक्टर शमिल रहेंगे। होली में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए अस्पताल में 40 बेड आरक्षित किए गए हैं।

# सरसैया घाट पर बरसेगा सियासी रंग

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनावी माहौल में गंगा मेला का महत्व काफी बढ़ जाता है। शुक्रवार देर रात तक कचहरी के निकट चेतना चौराहे से लेकर सरसैया घाट तक सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों, जातीय संगठनों, प्रशासन, नगर निगम, जलकल विभाग के कैंप लगाए जाते रहे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के कारण गंगा मेला में सियासी रंग चढ़ना तय है। भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, वामदलों ने अपने-अपने कैंप लगाने की तैयारी कर ली है। प्रत्याशियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और जिला प्रशासन की उपस्थिति रंग को और भी गहरा कर देगा। गंगा मेला आयोजन के पीछे क्रांतिकारियों की कथा है।

प्रयागनारायन शिवाला निवासी शंकरदत्त मिश्रा बताते हैं कि होली के दिन हटिया बाजार के रज्जन बाबू पार्क में कुछ नवयुवकों ने अंग्रेजी हुकूमत की मनाही के बाद भी तिरंगा फहरा दिया। और अबीर-गुलाल उड़ाकर नाच गा रहे थे। इसकी भनक लगते ही करीब एक दर्जन घोड़ों पर सवार फिरंगी हुकूमत के कारिंदों (पुलिस) ने युवको को मना किया और झंडा उतारने लगे। विरोध करने पर पुलिस ने युवकों को पीटना शुरू कर दिया। गुलाबचंद्र सेठ, बुद्धूलाल मेहरोत्रा, नवीन शर्मा, विश्वनाथ टंडन, हमीद खान, गिरधर शर्मा समेत 45 लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। फिरंगियों की दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में बाजार बंद हो गया। मिलें, कारखाने बंद हो गए। वाहनों का चक्का जाम कर दिया गया। इस बड़े आंदोलन के समर्थन में कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता कूद पड़े। आंदोलन के चौथे दिन अनुराधा नक्षत्र पर पकड़े गए युवकों को रिहा करना पड़ा। रंगों का ठेला निकाल कर हटिया बाजार से नयागंज, चौक सराफा आदि मोहल्लों से गुजरते हुए दो बजे जुलूस समाप्त हुआ। इस घटना के 82 साल से जुलूस हटिया के रज्जनबाबू पार्क पर समाप्त होता है। अबकी 83वां वर्ष होगा।

# भाजपा की जीत तय, अंतर पांच लाख से अधिक करना लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर में भाजपा की जीत तो सुनिश्चित है, सिर्फ जीत का अंतर पांच लाख से अधिक करना लक्ष्य है। इसके लिए एक-एक घर तक नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं बताएं और लाभार्थियों से संपर्क करें। योजना के तहत मिले लाभ के साथ लाभार्थी की फोटो नमो ऐप व सरल एप पर अपलोड करें। यह बात भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने बैठक के दौरान मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं से कही।

भाजपा से कानपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को कानपुर उत्तर के जिलाध्यक्ष दीपू पांडे के साथ सीसामऊ विधानसभा के चुन्नीगंज मंडल से मंडल अध्यक्षों के निवास पर पहुंचकर परिचय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सांसद व विधायक बन सकता है, यहां परिवारवाद की कोई जगह नहीं है। विकसित भारत मिशन के साथ हम कानपुर को विकसित स्वरूप प्रदान करेंगे। विकसित कानपुर के लिए टोल फ्री नंबर की शुरुआत की जाएगी, इसमें पूरे कानपुर लोकसभा का मतदाता अपने सुझाव के माध्यम से यह बताने का काम करेगा कि कानपुर लोकसभा में क्या-क्या और कितना अच्छा किया जा सकता है। कौशलपुरी मंडल में प्रत्याशी ने कहा कि यहां की एक-एक गलियां और एक-एक बस्ती में पिछले चुनाव में वह एक साधारण कार्यकर्ता के नाते जाते रहे हैं। रायपुरवा मंडल के अध्यक्ष गौरव पांडे के साथ रायपुरवा मंडल के कार्यालय का उद्घाटन किया। रमेश अवस्थी ने रतनलाल नगर, पनकी मंडल, लाजपत नगर व सिविल लाइंस मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर कार्य योजना बनाई। इस दौरान क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, आकाश शुक्ला, अंकित बाजपेई, सुनील जायसवाल, करन यादव, अभिमन्यु सक्सेना, सुमित पावा, वात्सेय त्रिपाठी, प्रशांत पाल, दीपक शुक्ला व वैभव खंडेलवाल मौजूद रहे।


पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार

हाईटेक व्यवस्था

डीजीपी ऑफिस, डायल-112 और बीट सिपाही के पास रहेगा डाटा, कमिश्नरेट का नक्शा सहित अन्य जानकारियां भी

# चुनाव में कर्मचारियों की कुंडली बताएगा ई-इलेक्शन एप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को हाईटेक करने का फैसला लिया है। इसके लिए चुनाव से पहले कानपुर में ई-इलेक्शन एप का ट्रॉयल किया जा रहा है। इसमें चुनाव में लगे सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी मैनुअल नहीं बल्कि इस एप से लगेगी।

कमिश्नरेट का नक्शा और एक क्लिक में कौन कर्मचारी कहां लगा है ? उसका मोबाइल नंबर क्या है ? किस विभाग का है ? कहां का रहने वाला है ? ऐसी तमाम जानकारियां एप के माध्यम से चुनाव के दौरान काम करने वाले कर्मियों के मोबाइल पर होंगी। इसके साथ ही अगर कहीं कोई विवाद होगा तो उसे एक साथ कई अधिकारियों तक पहुंचाने में भी ये एप कारगर होगा। ऐसे में जो भी अधिकारी लोकेशन के नजदीक होगा, वह मौके पर पहुंचकर मामले को संभाल लेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अब तक अगर कोई अप्रिय सूचना होती थी तो बेहतर संचार प्रणाली न होने से सूचना देर से मिल पाती थी।

कमिश्नरेट में 52 थाने हैं। हर थाने में अलग-अलग बीट के लगभग 14-14 कांस्टेबल तैनात हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश के बाद से हर बीट कांस्टेबल को 200 लोगों से संपर्क करना है। हर इंस्पेक्टर को 100 लोगों से संपर्क करना है और हर एसीपी को अपने सर्किल के हर थाने के 5-5 संभ्रांत लोगों से संपर्क करना है।

इन सभी लोगों से नंबर आदान प्रदान करना है और सर्किल के हिसाब से ग्रुप बनाकर सी-प्लान लागू करना है। इसकी जानकारी डीजीपी ऑफिस, डायल-112 के साथ जिले में बीट सिपाही के पास मौजूद रहेगी।




- कानपुर में किया जा रहा ट्रायल एक क्लिक में तैनात कर्मी की लोकेशन और मोबाइल नंबर
- चुनाव में सभी की ड्यूटी और पल भर में जिले में निर्वाचन का पूरा नक्शा सामने रखेगा एप

### सी प्लान एप से अराजकतत्वों पर शिकंजा

लोकसभा चुनाव में अराजकतत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने हाईटेक योजना तैयार की है। चुनाव में बड़ी संख्या में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती रहेगी। पुलिस चुनाव में अफवाह फैलाने वाले लोगों से सख्ती से निपटने की लिए सी प्लान एप से हर मोहल्ले के संभ्रांत नागरिकों को जोड़ रही है। जिससे अफवाहों और चुनाव में खलल डालने वालों को चिह्नित कर उन पर शिकंजा कसा जा सके। पुलिस का मानना है चुनाव के दौरान अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश रोकने में सी प्लान काफी हद तक कारगर साबित हो सकता है। इस एप के माध्यम से पुलिस ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अपना संदेश पहुंचा सकती है। पुलिस के सी प्लान एप में हर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के अलावा जनप्रतिनिधि, सोशल वर्कर, डॉक्टर्स, ग्राम प्रधान समेत अन्य जिम्मेदार लोगों को जोड़ा जा रहा है, ताकि आपात स्थिति में लोगों के बीच पुलिस अपना संदेश आसानी से भेज सकेगी।

> ई इलेक्शन एप से चुनाव कराने की योजना बनाई गई है। कानपुर में इसका ट्रायल किया जा रहा है। संचार एप भी काम कर रहा है।
>
> –आशीष श्रीवास्तव, डीसीपी मुख्यालय एवं अपराध

# छह सौ स्कूलों में रोचक अंदाज में दिखेगा चुनाव

**कानपुर।** चुनावी समर के बीच शहर के स्कूलों में रोचक अंदाज में चुनाव दिखेगा। यह चुनाव बच्चों के बीच प्रतियोगिता के रूप में होगा। इसे मतदाता जागरुकता के रूप में आयोजित किया जाएगा। स्कूलों में होने वाली इन प्रतियोगिताओं में तीन विजेता बच्चों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

स्कूलों में अप्रैल के पहले सप्ताह से मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताएं शुरू हो जाएंगी। सभी स्कूलों की ओर से प्रतियोगिताओं के तीन विजेता का चयन कर उनके नाम बोर्ड के उच्चाधिकारियों को भी भेजना है। डीआईओएस अरुण कुमार ने बताया कि बच्चों को प्रतियोगिता के साथ ही मतदान का महत्व बताए जाने के निर्देश दिए गए हैं।


जीतेंगे बाजी

कांग्रेस- सपा उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने शुक्रवार को जगह- जगह भ्रमण कर मतदाताओं से मुलाकात की। उन्होंने सपा जिलाध्यक्ष फजल महमूद के आवास पर बैठक की और चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ पूर्व विधायक संजीव दरियावादी, कांग्रेस अध्यक्ष समेत तमाम लोग मौजूद रहे। • अमृत विचार

## एक नजर

### गर्मी बढ़ते ही बिठूर क्षेत्र में कटने लगी बिजली

**बिठूर।** गर्मी के बढ़ते ही बिजली कटने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंधना सब स्टेशन से जुड़े बहलोलपुर, वीर्तियान, परगही, गोपाल विहार, ऋषि विहार, कोठी, शिव विहार, कुकरादेव आदि गांवों में कुछ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जेई विवेक सोनकर ने बताया कि गंगपुर कछार के निकट झाड़ियों में कुछ अराजक तत्वों ने आग लगा दी थी, जिसके चलते मंधना सब स्टेशन वाली 33 हजार केवीए की लाइन जल गई थी। कर्मचारियों ने मरम्मत कर आपूर्ति चालू करवा दी। एक घंटे बाद मंधना के बगदौधी बांगर गांव में 11 हजार केवीए का तार टूट गया।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो लोग घायल

**शिवली।** कानपुर नगर के अनवरगंज निवासी महताब (45) गुरुवार को साथी सुरेश के साथ बाइक से रसूलाबाद जेसीबी ठीक करने गया था। देर रात लौटते समय शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर ककरदही गांव के पास काशीपुर भौरा के उदयवीर की बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हैलट में शुक्रवार को इलाज के दौरान महताब की मौत हो गई।

# 80 साल की महिला के साथ दुराचार

## बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की रात हुई वारदात, रात के सन्नाटे में चीखती-चिल्लाती रही बुजुर्ग महिला

संवाददाता, बिल्हौर

**आरोपी गिरफ्तार**

- विरोध करने पर आरोपी युवक ने मारपीट कर दांत तोड़ डाला
- पुलिस ने खंडहर में छिपे आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात एक नशेड़ी युवक ने 80 साल की बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और एक दांत तोड़ डाला। वारदात के समय वृद्धा चीखती-चिल्लाती रही, मगर रात के सन्नाटे में उसकी मदद के लिए कोई नहीं पहुंचा। बाद में खंडहर में छिपे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात 80 साल की बुजुर्ग महिला घर में अकेली सो रही थी। देर रात गांव का ही 22 वर्षीय अमित उर्फ मिंटू नशे की हालत में उसके घर में घुस गया और सोते समय दबोच लिया। वृद्धा ने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वृद्धा का दांत भी तोड़ डाला और फिर हवस का शिकार बनाया। वृद्धा चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन रात के सन्नाटे में कोई उसकी मदद के लिए नहीं पहुंचा।



गिरफ्तार किया गया आरोपी।

**रिश्ते में आरोपी युवक की दादी लगती बुजुर्ग महिला**

पुलिस के मुताबिक मामले की छानबीन में पता चला है कि पीड़िता महिला और अभियुक्त एक ही मोहल्ले के रहने वाले स्वजातीय पड़ोसी हैं। पीड़िता महिला पारिवारिक रिश्ते में अभियुक्त की दादी लगती हैं। अभियुक्त भूसे के गाड़ी पर भूसा भरने और मजदूरी करता है। वह शराब पीने का आदी है।

आरोपी के भागने के बाद जब वृद्धा ने शोर मचाया, तब पड़ोसियों को जानकारी हुई। पड़ोसियों ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी और उत्तरीपूरा चौकी इंचार्ज सतीश कुमार ने आरोपी युवक को खंडहरनुमा मकान से दबोच लिया और धारा 376, 325, 452 की एफआईआर पंजीकृत कर आरोपी को शुक्रवार को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# घर में घुसकर किशोरी को दबोचा

संवाददाता, बिधनू

- तीन साल पहले मां की हो चुकी मौत, पिता सूरत गया
- बाहर से कुंडी बंद कर बुलाई गई पुलिस, पकड़ा गया

**अमृत विचार:** मझावन चौकी क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात घर में अकेली 16 वर्षीय किशोरी को पड़ोसी ने बदनीयती से दबोच लिया। किशोरी ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपित ने मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। पड़ोसी चाचा और चचेरे भाइयों ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर पुलिस को बुलाया। पुलिस आरोपित को पकड़कर थाने ले गई।

किशोरी के मुताबिक तीन साल पहले उसकी मां की बीमारी से मौत हो गई थी। दस माह पहले सूरत काम करने गए पिता भी घर नहीं लौटे। इसके बाद वह छोटी बहन और एक भाई के साथ घर में अकेली रहती है। गुरुवार रात करीब आठ बजे पड़ोस में रहने वाला अजय घर में घुस आया। आरोपित ने कमरे के दरवाजे की कुंडी अंदर से लगाकर उसे चारपाई पर गिराकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। विरोध करने पर उसे पीटने लगा।

चचेरे भाई ने बताया कि कमरे से खटपट की आवाज सुनकर उसने खिड़की से झांककर देखा तो आरोपित युवक किशोरी को पीट रहा था। उसने चौकी पुलिस को बुलाया। पुलिस के फटकार लगाने पर आरोपित ने दरवाजा खोला। इसके बाद पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# युवती के साथ रेप के दो दोषियों को 10 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- घाटमपुर क्षेत्र में 10 साल पहले हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को करीब दस साल पहले बहला कर ले जाने व दुष्कर्म के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने दो आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता शादी के कार्ड बांटने के लिए 17 मार्च 2013 को बांदा गए थे। उसी दौरान गांव के ही अन्नू उर्फ अरुण कुमार अग्निहोत्री, अजय अग्निहोत्री व रिंकू मिश्रा उसकी पुत्री व भतीजी को बहलाकर ले गए। पुत्री घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण व एक लाख 25 हजार रुपये भी ले गई। वापस आने के बाद युवती के पिता ने 21 अप्रैल 2013 को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना करते हुए युवती को बरामद करने के बाद दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। सुनवाई के दौरान आरोपी रिंकू की मौत हो गई थी। शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी अन्नू उर्फ अरुण कुमार व अजय अग्निहोत्री को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 18-18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोनों को दस-दस माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# सांड़ को नहीं पकड़ सकी टीम

संवाददाता, भीतरगांव

**हमले में दो घायल**

- पड़री लालपुर पहुंची थी कानपुर नगर निगम की टीम
- सांड़ को पकड़ने के दौरान दो लोग गम्भीर घायल

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के पड़री लालपुर गांव में सांड़ का आतंक लगातार जारी है। शुक्रवार को सांड़ को पकड़ने के लिए कानपुर से नगर निगम का दस्ता गांव पहुंचा। नगर निगम का कैटल दस्ता सांड़ को तो नहीं पकड़ सका, मगर पकड़ने के प्रयास में सांड़ ने दो लोगों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नगर निगम का दस्ता खाली हाथ वापस लौट गया।

चार दिन पहले लालपुर गांव के रहने वाले मुकेश अवस्थी को सांड़ ने पटककर घायल कर दिया था, जिनकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। घटना मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद शुक्रवार को कानपुर नगर निगम का कैटेल कैचिंग दस्ता सांड़ को पकड़ने के लिए पड़री लालपुर गांव पहुंचा। टीम ने सांड़ को पकड़ने का प्रयास शुरू किया।



सांड़ को पकड़ने के लिए गांव पहुंची नगर निगम की टीम। अमृत विचार

सांड़ को पकड़ने का प्रयास करते समय खेत पर काम कर रहे किसान सर्वेश कुशवाहा (32) को सांड़ ने गंभीर रूप से घायल कर दिया जिन्हें फौरन पतारा सीएचसी ले जाया गया और फिर वहां से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। हमले में एक अन्य युवक मौलवी (18) भी घायल हो गया। दो लोगों को घायल करने के बाद सांड़ निकल गया। कानपुर से आई टीम उसे देखते रह गई और खाली हाथ वापस लौट गई। घायल किसान की हालत खतरे में बताई जा रही है।

# 16 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं बची सांड़ की जान

संवाददाता, घाटमपुर

- जहांगीराबाद गांव के कुएं में गिरा था आवारा सांड़
- फायर ब्रिगेड के जवानों ने खोदाई कर बाहर निकाला

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव के किनारे एक खुले कुएं में गुरुवार की रात एक सांड़ गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद ली। फायर ब्रिगेड के जवानों ने 16 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सांड़ की जान नहीं बचाई जा सकी। पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को दफना दिया गया।

सूखे कुएं से आवाज आने पर ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो उसमें एक सांड़ पड़ा था। ग्रामीणों ने गोवंश के कुएं में गिरने की सूचना फोन पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी। सूचना पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। उन्होंने कई बार कुएं से गोवंश को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन कुआं संकरा होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके बाद पुलिस ने जेसीबी मंगाई और कुएं के एक तरफ से लगभग 20 फीट गहरा गड्ढा खोदा। इसके बाद फायर बिग्रेड की टीम ने कुएं के अंदर उतरकर गोवंश को बाहर निकाला। करीब 16 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी पुलिस और फयर ब्रिगेड की टीम गोवंश को जिंदा नहीं बचा सकी। बाहर निकालने के बाद सांड़ का मेडिकल परीक्षण कराया गया और फिर उसे दफना दिया गया।

# इलेक्ट्रिक वाहन शो रूम में चोरी

संवाददाता, सरसौल

**वारदात**

- सरसौल कस्बे में गुरुवार की रात चोरों ने शो रूम में धावा बोला
- एक माह में आधा दर्जन से ज्यादा हो चुकीं चोरी की वारदात

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल कस्बे में गुरुवार की रात चोरों ने एक इलेक्ट्रिक व्हीकल के शो रूम में सेंधमारी कर लाखों रुपये का माल उड़ा दिया। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलवाकर साक्ष्य इकट्ठे कराए।

करबिगवां के रहने वाले सत्येंद्र साहू की सरसौल में पावर हाउस के पास हाईवे किनारे बैटरी से संचालित होने वाले छोटे वाहनों की आउटलेट है। गुरुवार रात चोरों ने बगल की दीवार काटकर वहां रखा कई लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह जब सत्येंद्र दुकान पहुंचे तो इसकी जानकारी हुई।

पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही फोरेंसिक यूनिट को मौके पर बुला कर साक्ष्य एकत्रित किए। एक से डेढ़ माह में अकेले सरसौल कस्बे में ही चोरी की



चोरी के बाद शो रूम में गिना-चुना सामान ही बचा। अमृत विचार

आधा दर्जन से ज्यादा छोटी-बड़ी वारदात हो चुकी हैं और पुलिस अब तक इनका खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है। इस मामले में एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पड़ताल की जा रही है। घटना के खुलासे के लिए टीमें लगा दी गई हैं।



यही दीवार काटकर निकाला गया सामान।

# डीजे बजाने में भिड़े दो पक्ष, कई घायल

संवाददाता, घाटमपुर

- गंभीर रूप से घायल चार लोग हैलट अस्पताल रेफर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के जरैलापुर में डीजे बजाने को लेकर लाठी-डंडे चले। दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए है। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने प्रथमिक उपचार कर गंभीर हालत में चार को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

सजेती क्षेत्र के जरैलापुर निवासी मन्नीलाल ने शुक्रवार शाम सजेती थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया की उनका भाई रामबाबू घर पर गाना बजा रहा था। इस दौरान यहां से निकल रहे गांव निवासी बालमुकुंद, नीरज, विनोद, हरपाल रोड से निकल रहे थे। तभी बाल मुकुंद ने मेरे भाई से गाना बंद करने को कहा। इस बात को लेकर दोनो के बीच कहासुनी हो गई। जिससे विवाद बड़ गया। कहासुनी से नाराज होकर दोनो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले।जिसमे दोनो पक्षों से लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। ग्रामीणों ने मारपीट होते देखा तो फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर चार को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां घायलों का उपचार जारी है। वही सजेती पुलिस घटना की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि मारपीट की जानकारी मिली थी, घटना की जांच की जा रही है।

# मझावन सीएचसी में हुआ पहला प्रसव

**बिधनू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझावन में डेढ़ वर्ष से केवल ओपीडी सेवाएं ही मिल रही थी लेकिन अब प्रसव सेवा भी संचालित हो गई है। क्षेत्र की महिलाओं को सामान्य प्रसव सेवा का लाभ मिलेगा। शुक्रवार को सीएचची में पहला प्रसव कराया गया।

बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ.नीरज सचान ने कहा कि आसपास की गर्भवती महिलाओं के प्रसव के लिए यहां पर सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने आशा व संगिनी को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए यहां पर लाएं। सुबह 11 बजे उद्घाटन के बाद रौतारा निवासी शैलेंद्र कुशवाहा की पत्नी सोनम कुशवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आईं। 12:59 बजे उनका प्रसव कराया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ दिनेश सिंह, डा.प्रमिला पार्या, स्टाफ नर्स नीलम दुबे, रिचा, निशा, पूजा ने जच्चा-बच्चा को उपहार दिए।

# भक्त की रक्षा खुद करते ईश्वर

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू के जामूं गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में आचार्य सौरव जी महाराज ने तीसरे दिन शुक्रवार को भक्त ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र का रोचक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भक्त की रक्षा करने के लिए ईश्वर खुद चलकर आते हैं।

उन्होंने कहा कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां हुईं। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं। एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति था। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते थे। उनके पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है, लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है।

ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है। मां की आंखों



कथा के तीसरे दिन आचार्य ने ध्रुव व प्रहलाद के चरित्र का रोचक प्रसंग सुनाया।

में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है। नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाउँगा, लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं अब परम पिता की गोद में बैठना है। कठिन तपस्या से भगवान प्रसन्न हो वरदान देते हैं।

भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है कि उसे सही मार्ग पर लाए। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर अपने परमधाम को पंहुचाया। इस अवसर पर आयोजक पुत्तन त्रिवेदी, राजू त्रिवेदी, आशीष त्रिवेदी, चंदन त्रिवेदी, विशाल त्रिवेदी, गुड्डू मिश्रा, राजीव मिश्रा, पप्पू मिश्रा, शिवांचल त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र त्रिवेदी, सुशील दीक्षित, दिनेश मिश्रा, संदीप शुक्ला, अभिषेक पांडेय, नरेश त्रिवेदी के साथ श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बढ़ाई गई चौकसी

**बिल्हौर।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान तहसील के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी। थाना प्रभारी ने अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गश्त के साथ लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। कड़ी सुरक्षा के बीच जुमा की नमाज अदा की गई। ककवन थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने कस्बे के मुस्लिम इलाकों में दंगा निरोधी दल के साथ गश्त की। बिल्हौर कस्बे में एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में फोर्स ने चौकसी बरती। अरौल थाना क्षेत्र के मकनपुर कस्बे में भी थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च किया। जुमा की नमाज को लेकर फोर्स चौकन्ना रहा।



जुमा की नमाज को लेकर फोर्स के साथ गश्त करते एसीपी। अमृत विचार

### जुमा की नमाज में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

**घाटमपुर।** क्षेत्र में जुमा की नमाज को लेकर शुक्रवार को एसीपी ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमा की नमाज अदा कराई गई। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हाई अलर्ट से फोर्स चौकन्ना रहा। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने संवेदनशील इलाकों में गश्त की। जुमा की नमाज के दौरान नगर की मस्जिद के साथ पतारा, जहांगीराबाद की मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर में एसीपी रंजीत कुमार ने कानपुर-सागर हाईवे, मूसानगर रोड, नगर पालिका रोड, डाकखाना वाली गली में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। उन्होंने लोगों से बातचीत की।





प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

### एसेंट पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**घाटमपुर।** एसेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के रमेश वर्मा, संदीप वर्मा, आरती वर्मा ने के प्रतिभावान छात्रों को रिजल्ट कार्ड देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके माथुर के सेवानिवृत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई देने के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एमके माथुर ने नई प्रधानाचार्य डॉ दिव्या वाजपेई को इस दौरान चार्ज भी सौंपा गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ दिव्या वाजपेई ने कहा कि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एमके माथुर ने अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि स्कूल क्षेत्र का हमेशा गौरव रहा है और आगे भी रहेगा। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन रमेश वर्मा ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों व अभिवाहकों के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रबंध समिति के संदीप वर्मा,आरती वर्मा, निर्देशक डॉ अंकुर जौहरी, शिवम श्रीवास्तव एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकाएं मौजूद रहीं।

**जूझती जिंदगी**

## कानपुर नगर जनपद में शामिल गांव, सुरक्षा कानपुर देहात पर निर्भर, हर चुनाव में गांव की होती चर्चा

# दो जनपदों के बीच फंसी रामपुर नरुआ गांव की तकदीर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** कानपुर नगर का एक ऐसा गांव, जहां प्रशासनिक व्यवस्था तो कानपुर नगर की है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था कानपुर देहात के हवाले है। यह गांव अक्सर चर्चा में रहता है। हम बात कर रहे हैं शिवराजपुर विकास खंड क्षेत्र के रामपुर नरुआ गांव की, जहां पर अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण हुआ है, लेकिन दो जिलों की सीमा में होने के कारण लोगों को दिक्कतें खूब रुलाती हैं।

आपातकालीन स्थिति में अक्सर यह समस्या बड़ी परेशानी का कारण बनती है। विवादों को निपटाने के लिए बिल्हौर तहसील के अधिकारी जब इस गांव में जाते हैं तो पहले उन्हें पड़ोसी जिले की पुलिस को सूचित करना पड़ता है। कई बार सूचना के बावजूद अलग-अलग जिलों की व्यवस्था होने की वजह से दोनों के बीच तालमेल नहीं बैठ पाता है।



रामपुर नरुआ गांव के लोग बयां करते दर्द। अमृत विचार

इस गांव की आबादी, क्षेत्रफल आदि सहित उन अभिलेखों को जिला प्रशासन ने मांगा है, जिसमें इस गांव के कागजों पर रसूलाबाद थाना दर्ज है। प्रस्ताव में गांव से कानपुर देहात के रसूलाबाद थाने की दूरी और उसके कानपुर नगर के बिल्हौर में होने के साथ साथ उसके नजदीकी थाना ककवन से दूरी मात्र एक किलोमीटर की है।

### ...तो 44 किमी घट जाएगी थाने की दूरी

रामपुर नरुआ से कानपुर देहात का रसूलाबाद थाना करीब 46 किलोमीटर दूर है। जब इस गांव को कानपुर नगर जिले के ककवन थाने में शामिल कर दिया जाएगा तो गांव से थाने की दूरी घटकर महज एक से दो किलोमीटर रह जाएगी। रसूलाबाद सीओ ने बताया कि गांव से थाना और सर्किल ऑफिस की दूसरी 46 किलोमीटर होने की वजह से ग्रामीणों को काफी दिक्कतें होती हैं। ककवन थाने की दूरी इस गांव से करीब एक से दो किलोमीटर ही है।

### प्रत्याशी भी नहीं जाते गांव, विकास के मामले में पिछड़ा

दो जनपदों के बीच फंसे गांव में किसी भी चुनाव के प्रत्याशी भी नहीं जाते हैं, जिससे गांव में विकास कार्यों का भी टोटा है। हालांकि अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण के बाद अब गांव की सूरत बदलने की संभावना बढ़ी है। गांव के साथ आसपास के गांवों का भी विकास होना तय माना जा रहा है। हालांकि चुनाव के दौरान कभी कभार ऐसा भी होता है कि गांव वाले अपने प्रत्याशियों को देख तक भी नहीं पाते हैं।

"बीते वर्ष बिल्हौर एसीपी के साथ संयुक्त रूप से शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। रामपुर नरुआ गांव को कानपुर कमिश्नरेट में शामिल करने के लिए भी शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। रिपोर्ट में क्या विचार हुआ, जल्द ही इसका पता चल जाएगा।

– रश्मि लांबा, उप जिलाधिकारी बिल्हौर

# मां ने रंग खेलने से रोका तो लगाई फांसी

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के ओरिया गांव में किशोर ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो फौरन उसे एंबुलेंस से लेकर घाटमपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उसकी हालत चिंता जनक बताई जा रही है।

ओरिया निवासी शिवा ने बताया की उनका 11 वर्षीय बेटा पवन घर पर था। शुक्रवार दोपहर वह रंग खेलने की जिद करने लगा। मां ने उसे समझाया कि रोज-रोज नहीं खेलते। वह नहीं माना तो मां ने डांट दिया। इसके बाद वह कमरे में गया और मां की साड़ी से फांसी लगा ली। मां ने बेटे को फंदे पर लटकते देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां से हैलट रेफर कर दिया गया है।

# अचलगंज क्षेत्र में बाइक सवार को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, मौत

## कानपुर-लखनऊ हाईवे पर गहरा गांव के पास अवैध कट से निकलते समय हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन ने अवैध कट से निकल रहे बाइक सवार अधेड़ को रौंद दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव मोर्चरी भेजा। जानकारी पर सहकर्मी पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। इटावा से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे।


वीरेंद्र।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

इटावा जिले के इकदिल थानाक्षेत्र के मनियामऊ गांव निवासी वीरेंद्र (55) पुत्र स्व. गोपाल सिंह भदौरिया पिछले 30 वर्षो से उन्नाव के बड़े व्यवसाई के यहां नौकरी करता था और उन्हीं के हाईवे स्थित एक धर्मकांटे में रहता था। इस समय वह निर्माणाधीन सीएनजी पंप की देखरेख कर रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह किसी काम से निकला था। अचलगंज थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर गहरा गांव के पास पंप के सामने अवैध कट से निकालते समय कानपुर से लखनऊ जा रहे अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मार दी और उसे रौंदते हुए चला गया। वाहन का पहिया उसके ऊपर से निकलने से उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर बदरका चौकी पुलिस पहुंची और जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सहकर्मियों से घटना की जानकारी पाकर परिजन बिलख उठे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे भाई रिंकू सिंह ने बताया कि वीरेंद्र के दो बेटे व तीन बेटियां है। इसमें बड़ी बेटी प्रीति की शादी हो पाई है। मझली बेटी रुचि पुलिस में सिपाही है और उसकी अप्रैल में शादी होनी है। परिवार शादी की तैयारी में जुटा था तभी हादसा हो गया। पति की मौत से पत्नी बसंती और बेटे राहुल, आशु व बेटी समीक्षा सहित सभी बेहाल रहे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर पैतृक गांव चले गए। बता दें कि हाईवे पर इसी अवैध कट पर बीते गुरुवार टक्कर के बाद एक चमड़े का कचरा लादे ट्रैक्टर-ट्राली भी पलट गई थी। संयोग था कि उसमे कोई हताहत नहीं हुआ था।

### डीसीएम की टक्कर से टेंपो सवार आठ लोग हुए घायल

**आसीवन।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के शादीपुर गांव निवासी मोनी पत्नी (30) संदीप बेटे अंकुश (11), श्लोक (9), बेटी अनामिका (8) व भाई वीरेंद्र (35) के साथ तकिया चौराहा से टेंपो से अपने मायके आसीवन थानाक्षेत्र के आवागोझा गांव जा रही थी। तभी क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित सबलगढ़ी मोड़ के पास सामने से आई डीसीएम ने टेंपो में टक्कर मार दी। इसमें टेंपो सवार आठ लोग घायल हो गए। जिनमें तीन निजी अस्पताल में इलाज के लिए चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया है।

# राशन वितरण में धांधली दो कोटेदारों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- जांच के बाद पूर्ति निरीक्षक ने औरास थाने में दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार।** कोटेदारों द्वारा की जा रही मनमानी की लगातार आ रही शिकायतों की जांच करने गए तहसील हसनगंज के पूर्ति निरीक्षक को दो गावों में कार्डधारकों के आरोप सही मिले। इस पर उन्होंने औरास थाने में दो कोटेदारों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद से तहसील क्षेत्र के कोटेदारों में हड़कंप मचा है।

बता दें कि औरास थाना व ब्लाक क्षेत्र के विसवल गांव के कोटेदार के निधन के बाद यहां के कार्डधारकों को पड़ोसी गांव लहरू के कोटे से अटैच कर दिया गया था। जहां से राशन वितरण में हो रही धांधली की शिकायत पर 26 मार्च को हसनगंज तहसील के पूर्ति निरीक्षक सौरभ त्रिपाठी जांच करने गांव पहुंचे। जांच के दौरान उन्हें दर्जनों कार्डधारकों ने राशन न मिलने का दुखड़ा सुनाया। 487 कार्डधारकों के सापेक्ष केवल 38 धारकों को ही राशन मिल पाया था। यहां के पात्र गृहस्थी व अंत्योदय के दर्जनों कार्डधारकों ने बताया कि कोटेदार इंद्रपाल ने फरवरी माह का राशन नहीं दिया और अंगूठा लगवा लिया। वहीं ब्लाक के परसहरा गांव में संचालित राशन दुकान का पूर्ति निरीक्षक ने 28 फरवरी को औचक निरीक्षण किया था। जहां 303 कार्ड धारकों के सापेक्ष 180 को ही राशन मिल पाया था। यहां भी कार्डधारकों ने कोटेदार पर कई आरोप लगाए थे। इसमें घटतौली और पूरा राशन नहीं देने जैसे संगीन आरोप थे। जांच रिपोर्ट तैयार करने के बाद पूर्ति निरीक्षक ने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। पूर्ति निरीक्षक ने औरास थाने में अलग-अलग गावों के कोटेदार इंद्रपाल व सुशीला देवी के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कोटेरों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर रेखा सिंह ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

## सार-संक्षेप


गुड फ्राइडे पर यीशु के अनुयायियों को बाइबिल सुनाते पास्टर हीरालाल।

### यीशु को सूली चढ़ाने के दृष्टांत पर नम हुईं आखें

**उन्नाव।** शहर के बड़ा चौराहा स्थित मेथाडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे पर दोपहर बाद प्रार्थनासभा हुई। इसमें फादर हीरालाल ने बाइबिल के हवाले से प्रभु यीशु को शूली पर चढ़ाए जाने का वाक्या सुनाया। इसे सुनकर चर्च सभागार में मौजूद अनुयाइयों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि यीशु सभी को संपूर्ण मानवता के कल्याण का रास्ता दिखाते थे। इसीलिए अत्याचार व अनाचार करते हुए खुद के लिए जीने वालों के शूली चढ़ाने के बाद भी यीशु का बालबांका नहीं हुआ। विरोधियों ने मृत समझकर उन्हें शवों के साथ रखवा दिया। लेकिन, वह जीवित थे और जीवित ही बने रहे। क्योंकि वास्तव में वह दुनिया की तमाम गतिविधियों को संचालित रखने की ताकत रखते थे। फादर ने सभी से प्रभु यीशु के बताए रास्ते पर चलकर मानवता के कल्याण के लिए काम करने की सलाह दी। इस दौरान विमल कुमार, कल्पना राबिंशन, ओम प्रकाश, विवियन रिचर्ड, ऊषा मैसी, ग्लोरी व शानू आदि अनुयायी मौजूद रहे।

### गश्त के दौरान पुलिस ने दबोचे चार शातिर

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान हाईवे के पास खड़े चार संदिग्धों से पूछताछ की। जामातलाशी में पुलिस ने उनके पास से चार तमंचा, कारतूस, मोबाइल व नगदी बरामद की। इसके बाद सभी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। अजगैन पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान हाईवे स्थित चमरौली आश्रम के पास पेड़ के नीचे खड़े चार संदिग्धों को देखा तो गाड़ी रोककर उनसे पूछताछ शुरू की। जामातलाशी में उनके पास चार तमंचा, कारतूस व 520 रुपये और मोबाइल बरामद हुए। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि पकड़े गये लोगों में शिव सरोज पुत्र शिवधार सिंह निवासी शाह नगर फतेपुर चौरासी, अभिमन्यु पुत्र रामकरन यादव निवासी लक्षीखेड़ा आसीवन, मुकेश पुत्र रामेश्वर निवासी रामपुर सफीपुर व दिनेश पुत्र श्रीपाल रामपुर निवासी सफीपुर हैं। चारों के विरुद्ध अजगैन समेत अन्य थाना-कोतवाली में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। रिपोर्ट दर्ज कर सभी को कोर्ट में पेश किया गया है।


पुलिस गिरफ्त में शातिर। अमृत विचार



मेधावियों के साथ प्रधानाचार्य सुधा तिवारी। अमृत विचार

### वार्षिक परीक्षाफल वितरण के दौरान मेधावी पुरस्कृत

**शुक्लागंज-उन्नाव।** नगर के मोहल्ला पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कालेज में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। इसमें सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधक संतोष तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होनें वर्ष 2023-24 का परीक्षाफल घोषित करते हुए कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। वहीं, बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्य सुधा तिवारी ने छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि कालेज में अनुशासन व कड़ी मेहनत ही छात्रों की सफलता का कारण रहा है। संचालन अभिषेक तिवारी गोपाल ने किया।

# गंगा नहाने गया युवक डूबा, सुराग नहीं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत बलाई गांव निवासी अपने मौसा के घर आया युवक बीते गुरुवार गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया था। गोताखोरों के प्रयास के बाद भी 24 घंटे से अधिक समय बीतने पर भी युवक का पता न लगने से परिजन बेहाल हैं।


गंगा नदी के घाट किनारे मायूस बैठे परिजन। अमृत विचार

- गुरुवार को मौसेरे भाई के साथ बलाई गांव में बने घाट पर गया था नहाने

सैदपुर गांव निवासी पुतान रैदास का 19 वर्षीय बेटा जीतू गुरुवार को अचलगंज थानाक्षेत्र के बलाई गांव निवासी अपने मौसा बुद्धीलाल के यहां होली मिलने आया था। जहां से शाम चार बजे मौसेरे भाई अंकुश के साथ बलाई गांव में बने घाट पर गंगा नहाने गया था। नहाते समय उसका पैर गहरे पानी में चला गया। उसे डूबते देख भाई अंकुश ने शोर मचाया। लेकिन, उस समय कोई वहां मौजूद नहीं था। इस पर भाग कर वह गांव पहुंचा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर परिजन व ग्रामीण दौड़े और गंगा में छलांग लगाकर उसे खोजने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली।

सूचना पर एसओ अचलगंज फोर्स के मौके पर पहुंचे लेकिन, रात होने से उसकी तलाश नहीं की जा सकी। शुक्रवार सुबह से एसओ संजीव कुशवाहा के साथ बीघापुर पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर कई किमी तक जाल डलवाकर युवक की तलाश कराई। लेकिन, समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नहीं लग सका था। एसओ ने बताया कि लापता युवक की तलाश कराई जा रही है। वहीं बेटे के डूबने की सूचना के बाद से परिजन बेहाल हैं और बेटे के पता लगने की उम्मीद में गंगातट पर ही बैठे हैं।

# पंचमखेड़ा के युवक ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- शराब का लती होने से परिवार से अलग रहता था युवक



**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के पंचमखेड़ा गांव निवासी युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक माता-पिता की मौत के बाद से भाइयों से अलग रहता था।

कोतवाली क्षेत्र के मौलाबाकीपुर गांव के मजरा पंचमखेड़ा निवासी कमलेश मजदूरी कर जीवन यापन करता था। शादी न होने और माता-पिता की मौत के बाद घर में अकेले रहने से वह अवसाद में रहता था। इस कारण वह नशे का आदी हो गया था। भाई शंकर व छोटा जन्ना सिंह उससे अलग रहते थे। शुक्रवार सुबह लोगों ने देशराज के आम के बाग में गमछे के सहारे पेड़ पर कमलेश का शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर छोटा भाई पहुंचा और शव देख बेहाल हो गया। ग्राम प्रधान शशी सिंह की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि दिवंगत युवक शराब व गांजा का लती होने के चलते अपने हिस्से की दो बीघा जमीन भी बेच चुका था। इसके बाद वह मजदूरी से जो कमाता था उसे नशे में उड़ा देता था। परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नवाबगंज-उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ रेलवे ट्रैक पार करते समय अधेड़ की ट्रेन को चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर रेलवे पुलिस पहुंची और ग्रामीणों से शिनाख्त करा परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। जीआरपी ने शव को मोर्चरी के लिए भेजा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के विश्वनाथ खेड़ा गांव निवासी गंगाराम (55) पुत्र लल्लू शुक्रवार शाम घर से अजगैन बाजार सब्जी लेने गया था। जहां से देरशाम साइकिल से लौटते समय गोकुल खेड़ा रेलवे क्रासिंग पार पास कानपुर-लखनऊ ट्रैक पार करते समय वह एक सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। रेलकर्मियों की सूचना पर जीआरपी पहुंची और शव को ट्रैक से हटवा कर रूट क्लियर कराया। ग्रामीणों ने उसे पहचाना और परिजनों को जानकारी दी।

# एक से चलेगा ट्रांसफार्मरों के रखरखाव का अभियान

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी के चलते आगामी अप्रैल, मई व जून माह में निर्बाध बिजली आपूर्ति कराने के लिए बिजली विभाग को शासन से निर्देशित किया जा चुका है। इसके लिए विभाग के सभी डिवीजन को आपूर्ति देने वाले ट्रांसफार्मरों की जांच कर उनकी कमियां दूर करने का निर्देश मिला है। शुक्लागंज सब स्टेशन के अधिकारी नगर में लगे करीब दो सैकड़ा ट्रांसफार्मरों की जांच करेंगे। शासन के निर्देश पर मुख्य अभियंता राजीव कुमार सिंह ने गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये। इसके लिए ट्रांसफार्मरों की फाल्टों से बाधित होने वाली आपूर्ति रोकने के लिए रखरखाव किये जाने का निर्देश जारी किया है। विभागीय अधिकारियों की निगरानी में बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मरों का रखरखाव किया जाना है। जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि 1 अप्रैल से विभाग नगर में लगे ट्रांसफार्मरों की जांच करेगा। क्योंकि अक्सर ट्रांसफार्मरों के तेल का रिसाव होने से आग लगती है जिससे आपूर्ति बाधित हो जाती है।

# कार से बरामद हुई 134 क्वार्टर अंग्रेजी शराब

**उन्नाव।** हसनगंज आबकारी टीम ने पुलिस के साथ चेकिंग में एक कार से अंग्रेजी शराब के 134 क्वार्टर बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

हसनगंज आबकारी निरीक्षक ज्योति अग्रवाल ने पुलिस के साथ एक कार से लाए जा रहे अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांडों के 134 क्वार्टर में 24.495 लीटर शराब पकड़ी। संयुक्त टीम ने कार चालक वेद जायसवाल पुत्र प्रेम कुमार निवासी आसीवन कादिरपुर को गिरफ्तार कर पकड़ी हुई शराब को जब्त कर कार को सीज किया है।

# दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** दुकान का सामान लेने जा रहे युवक का गांव के बाहर अन्य युवक से विवाद हो गया। इस दौरान एक युवक ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें घायल युवक को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया है।


सीएचसी में भर्ती घायल युवक।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकदूमपुर चूरमा गांव निवासी सरवन पुत्र प्रसादी की गांव में ही परचून की दुकान है। बताते हैं कि सरवन की छोटी बेटी कुछ माह पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में घर से लापता हो गई थी। शुक्रवार शाम सरवन दुकान का सामान लेने जा रहा था। तभी गांव निवासी विशाल उसे रास्ते में मिला तो उसने युवक से अपनी बेटी के बारे में पूछा। इस पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि विशाल समेत उसके अन्य भाइयों ने मारपीट कर दी। इस दौरान सरवन को धारदार हथियार से वारकर घायल कर दिया गया। इसके बाद घायल युवक को एम्बुलेंस से नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे गांव निवासी भांजे रामकुमार पुत्र सुरखू ने बताया कि सरवन की छोटी बेटी कुछ माह पूर्व घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। जिसका आरोप गांव के ही युवक विशाल पुत्र मछई पर था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला था। शुक्रवार को सामान लेने जा रहे मामा ने जब विशाल को देखा तो बेटी के बारे में पूछा। इस पर उन लोगों ने मामा पर हमला कर दिया। अजगैन कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# फसल कटने तक दमकल को क्षेत्र में रखने की मांग

संवाददाता, परियर-उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र में गेंहू की फसल पूरी तरह से पक कर तैयार हो गई है। किसानों ने गेंहू की फसल की कटाई व मड़ाई भी शुरू कर दी है। गर्मी के मौसम में बीते कई वर्षों से क्षेत्र में खेतों के ऊपर से निकल रहे विद्युत तारों में स्पार्किंग होने से गेहूं की फसल में आग लग जाती है। जिससे किसानों की फसल जल जाती है। इस समस्या को देखते हुए परियर से 15 किमी दूर सफीपुर में अग्निशमन केंद्र की स्थापना की गई है। लेकिन, अभी तक यहां कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिससे क्षेत्र में आग लगने पर 35 से 40 किमी दूर बांगरमऊ या जिला मुख्यालय से अग्निशमन की गाड़ियां आती हैं। देर होने से कई बार भारी जानमाल की क्षति हो जाती है।

क्षेत्रीय लोगों की इस समस्या को देखते हुए बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के पदाधिकारियों ने डीएम गौरांग राठी को पत्र भेजकर मांग की है कि फसल में आग लगने के दौरान आकस्मिक मदद के लिये अग्निशमन की कुछ गाड़ियां परियर में खड़ी करवाएं।

कार्यक्रम | आरडीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में वार्षिक ग्रेजुएशन-डे का आयोजन

# मेधावियों को मिले मेडल-ट्रॉफी तो खिले चेहरे

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** आरडीएस ग्रुप आफ एजुकेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरआरडीएस इंटर कॉलेज में वार्षिक ग्रेजुएशन-डे कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें आरडीएस टिनी लैंड तकिया व आरडीएस ग्रुप आफ स्कूल बांगरमऊ व आरआरडीएस इंटर कॉलेज बांगरमऊ तीनों ब्रांचों के टॉपर्स विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल व ट्राफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।


कक्षा छह की टॉपर वैष्णवी को ट्रॉफी देते प्रबंधक प्रमोद सैनी। अमृत विचार

- तीन शाखाओं के बच्चे कार्यक्रम में हुए शामिल
- प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत बच्चों का उत्साहवर्धन किया

विद्यालय समूह के प्रबंधक प्रमोद सैनी व प्रबंधिका रजनी सैनी ने दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज की तीनों शाखाओं के पीजी से कक्षा 11 तक मेरिट के टॉप तीन विद्यार्थियों व अन्य क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। ट्रॉफी देख विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। संचालन शिक्षक आशुतोष व अभिनव सिंह ने किया। इसके बाद विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों व अभिभावकों से कहा कि बच्चों को पूरे साल की मेहनत का प्रतिफल आज उन सभी टॉपर्स को गोल्ड मेडल व ट्रॉफी के रूप में मिला है। कहा कि विद्यार्थी ही देश के भविष्य हैं और यहां से निकलकर कई छात्र डॉक्टर, पायलट व इंजीनियर बनेंगे। उन्होंने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य प्राप्त की ओर कदम बढ़ाते रहें। आरडीएस ग्रुप आफ स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन राय ने ट्रॉफी व मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रबंध निदेशिका रजनी सैनी, प्रधानाचार्या सुमन राय, रोमिका व अनुराग पाल व सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल रहे।

# राजस्व वसूली के लक्ष्य से 1.25 करोड़ पीछे विद्युत विभाग

**शुक्लागंज-उन्नाव।** विद्युत विभाग का क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर 4 करोड़ से अधिक का बिल बकाया है। विभाग ने मार्च माह में सघन अभियान चलाकर शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य बनाया था। लेकिन, करीब 1.25 करोड़ की राशि अभी बकाया है। अब बकायेदारों का कनेक्शन काटने की योजना बना रहे हैं।

बकाये बिल से राजस्व वसूली के लिए करीब दो माह तक ओटीएस स्कीम चलाई। इसके बावजूद घरेलू और कामर्शियल उपभोक्ताओं का करीब 4 करोड़ रूपया बकाये बिल का बाकी रहा। करोड़ों का बिल जमा कराने के लिए विभाग ने तरह तरह के हथकंडे अपनाये। मार्च माह में एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने 5 टीमें बकाया बिल वसूलने के लिए बनायी गयी थीं। इसके बाद भी विभाग अपने लक्ष्य से पिछड़ गया।

# इंडिया गठबंधन को जीत दिलाएंगे जिले के मतदाता : अन्नू टंडन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का सुचारु ढंग से क्रियान्वयन करा सभी को लाभांवित कराने सहित महंगाई, बेरोजगारी व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए हो रहे लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरी हूं। मतदाताओं पर सत्तारूढ़ दल की विफलताओं के खिलाफ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को सफलता दिलाने के लिए सपा के साइकिल चुनाव निशान वाला बटन दबाएंगे।

यह बात शुक्रवार को पार्क व्यू पैलेस में इंडिया गठबंधन में शामिल सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहीं। उन्होंने दावा किया कि प्रचार के दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जबर्दस्त जनसमर्थन मिल रहा है, जिससे समय बीतने के साथ उनका और प्रचार अभियान में जुटे समर्थकों का उत्साह बढ़ रहा है। बीते कुछ वर्षों में शहर सहित जिले की तमाम सड़के दुर्दशाग्रस्त हो चुकी हैं। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आरती वाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस सहित अन्य दलों के इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन को चुनावी सफलता दिलाने के लिए वह स्वयं और कांग्रेस संगठन के सभी पदाधिकारी व नेताओं सहित कार्यकर्ता प्राण-प्रण से प्रचार अभियान का हिस्सा बनेंगे। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अकमल जुनैद ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने पांच लाख मतों के अंतर से निर्वाचित होने के दावे का मखौल उड़ाया। उन्होंने दावा किया अब मतदाताओं ने बाहरी के बजाए घर की बेटी को सांसद बनाने का निर्णय ले रखा है।


पत्रकारों से बात करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य।

# नमाज के बाद मांगा अमन-चैन और देश की तरक्की

## इस्लाम में है जुमा की खास फजीलत, रमजान के चार जुमे में तीन हो गए, अब पांच को होगी अलविदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार दोपहर मुस्लिम भाइयों ने अपने पास की मस्जिद में पहुंचकर नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। रमजान का तीसरा जुमा इस बार मगफिरत के अशरे में पड़ा। यह रोजेदारों के लिए काफी महत्व रखने वाला रहा। तीसरे जुमा के दिन आप दुरूद शरीफ और तौबा अस्तगफार भी कर सकते हैं। इस बार रमजान माह में चार जुमा पड़ेंगे, जिसमें तीन जुमा बीत गए हैं। रमजान माह का आखिरी जुमा (शुक्रवार) को अलविदा जुमा पांच अप्रैल को होगा। इसे जुमातुल विदा भी कहते है। अलविदा जुमा के दिन नमाज की खास फजीलत है।

इस्लाम में जुमे के दिन की खास फजीलत होती है। इस दिन विशेष नमाज अदा की जाती है। इसके लिए मस्जिदों में पुरुषों की काफी भीड़ रही। ज्यादातर मुस्लिम भाई जुमे की नमाज अदा की। रमजान



माह में पड़ने वाले जुमा का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। इस्लाम में जुमा यानी शुक्रवार के दिन नबी-ए-करीम मोहम्मद मुसत्फा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फजीलत बयान करते हुए कहा है कि मोमिन के लिए जुमे का दिन इलाही ने ईद की तरह बनाया है। इस दिन सभी मुसलमान भाइयों को इज्तिमाई यानी सामूहिक तौर पर जौहर की नमाज के वक्त जुमे की नमाज अदा करनी चाहिए।

**जुमे की नमाज पर मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात: शुक्लागंज।** माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात मौत हो गई थी। जिसके चलते अलर्ट घोषित हुआ था। शुक्रवार को

- मस्जिदों में नमाज अता करने उमड़े नमाजी
- जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई



जामा मस्जिद के बाहर नमाज के समय मौजूद फोर्स। अमृत विचार

जुमे की नमाज पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज अदा हुई। जिले भर में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते सुबह से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अखलाक नगर, हाजीपुर, नगर स्थित जामा मस्जिद, मनोहर नगर, मदनी नगर, अहमद नगर, अली नगर, चंपापुरवा, करबला, गोताखोर, रहमत नगर आदि मस्जिदों में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था। नमाज के दौरान कोतवाल रामफल प्रजापति भी फोर्स के साथ गश्त करते रहे। वहीं, मिश्रित आबादी में अलर्ट होने के चलते पुलिस ने गस्त तेज कर दी थी। वहीं सार्वजनिक स्थानों में रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी भी मुस्तैद रही।

### मस्जिदों की सख्त निगरानी, रूट मार्च

उन्नाव। बांदा जेल में माफिया मुख्तार अंसारी की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के शुक्रवार को नमाज के दौरान पुलिस का मस्जिदों में सख्त निगरानी रखी गई। अफसर खुद सड़को पर उतरे और गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने के साथ गड़बड़ी का मंसूबा पाले लोगों को सख्त संदेश दिया। बीते गुरुवार देर शाम बांदा जेल में हुई माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शासन ने सभी जिलों में धारा 144 लागू करने के साथ एतिहात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद से रात से ही जिले में पुलिस ने रात से निगरानी बढ़ा दी थी। शुक्रवार जुमे की नमाज को देखते हुए सभी मस्जिदों के बाहर और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती की गई थी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना सहित अन्य पुलिस अफसर पुलिस और पीएसी बल के साथ गशत पर निकले। सीओ सिटी सोनिया सिंह सिटी मजिस्ट्रेट रवि राज शहर की जामा मस्जिद सहित अन्य इलाकों में पैदल गश्त कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। वहीं खुफिया एजेंसी भी पूरे समय सक्रिय रही। भ्रामक खबरों से माहौल न बिगड़े इसके लिए शोसल मीडिया के प्लेटफार्मो पर भी पुलिस की कड़ी नजर रही। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया सभी जगह ऐतिहातन पुलिस मुस्तैद रही। शांतिपूर्ण ढंग से मस्जिदों नमाज अदा की गई।

### इस्लाम में जुमा का महत्व

इस्लाम में सप्ताह का पांचवा दिन यानी शुक्रवार खास अहमियत रखता है। इस्लामिक शब्द में इसे जुमा कहा जाता है। इस दिन को इस्लाम में छोटी ईद भी कहा जाता है। इस दिन सभी पुरुष मस्जिद में एकत्र होकर नमाज अदा करते हैं और गले मिलकर जुमे की बधाई भी देते हैं। सभी नहा धोकर, साफ कपड़े पहनकर, इत्र और सुरमा लगाकर नमाज अदा करने पहुंचते हैं। इस दिन 14 रकात नमाज पढ़ी जाती है।

# क्रय केंद्रों में नहीं पहुंच रहा गेहूं, अधिकारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- क्रय केंद्र खुले 29 दिन बीत गए, बोहनी तक नहीं हुई
- खुले बाजार में अधिक कीमत मिलने से नहीं आ रहे किसान

**अमृत विचार।** गेहूं क्रय केन्द्र खुलने के 29 दिन बीत जाने के बाद भी क्रय केन्द्रों की बोहनी तक नहीं हो रही है। जिले की कई एजेंसियों के करीब 44 क्रय केंद्रों में सन्नाटा पसरा है। वहीं अफसर व क्रय केंद्र प्रभारी इस बार अधिकाधिक किसानों व बटाईदारों से गेहूं खरीद के लिए उनका ऑनलाइन पंजीकरण कराने की कवायद में जुटे हैं। लेकिन खुले बाजार में अधिक कीमत होने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं बेंचने का मन बनाना तो दूर पंजीकरण तक कराने में बेरुखी दिखा रहे हैं।

जिले में इस बार शासन ने गत वर्ष के सापेक्ष इस बार समर्थन मूल्य में 150 रुपए की बढ़ोत्तरी कर 2275 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं की खरीद का फैसला किया है। इसके लिए जिले में 44 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस आदि एजेंसियां शामिल हैं। जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए खरीद का काम शुरू होना था, लेकिन अभी तक गेहूं की फसल तैयार नहीं होने से सभी क्रय केंद्रों में सन्नाटा पसरा है।

### खुले बाजार में 2350 रुपये क्विंटल का भाव

पिछले साल मूल्य समर्थन योजना के तहत 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद की गई थी। इस साल समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल किया गया है, लेकिन खुले बाजार में अभी गेहूं का मूल्य 2350 रुपये से 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल होने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं तैयार होने के बाद भी बिक्री करने का मन नहीं बना रहे हैं। इससे परेशान जिम्मेदार किसानों व बटाईदारों की अभी से मानमनौवल में जुटे हैं।



नमामि गंगे घाट पर गंगा मेला की तैयारियां देखतीं एसडीएम प्रज्ञा पांडेय। अमृत विचार

# आज गंगा मेला पर होगा कवि सम्मेलन

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** होली पर्व के बाद नगर के बालू घाट स्थित नमामि गंगे पार्क पर होली मिलन कार्यक्रम का शनिवार को आयोजन होगा। इसमें आयोजकों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य कार्यक्रम में कवि सम्मेलन होगा। इसके चलते अफसरों ने घाट पर हो रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

गंगामेला पर होने वाले कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शुरू होंगे। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें होने वाले कवि सम्मेलन में दूरदराज से आये नामचीन कवि अपनी कविताओं से लोगों को आनंदित करेंगे। होरियार, फाग, चटोरी चाट, ठंडाई, मिष्ठान की समुचित व्यवस्था एवं बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था करायी गई है। आयोजिका शिल्पी राकेश दीक्षित ने बताया कि गंगा मेला स्थल पर साफ सफाई के अलावा टेंट और कुर्सियां लगा दी गयी हैं। मंच एवं पंडाल भी तैयार हो गया है वहीं शुक्रवार दोपहर एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, ईओ मुकेश मिश्रा, लेखपाल अशोक सैनी ने मेला स्थल पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

# कवायद : अब बिजली मित्र रोकेंगे विद्युत चोरी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिजली चोरी रोके जाने के लिए विभाग ने नई कवायद शुरू की है। विभाग बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली मित्र बनाए जाने की तैयारियां कर रहा है जिनके द्वारा बिजली चोरी वाले स्थानों की डिटेल पोर्टल के माध्यम से विभागीय अफसरों को उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके बाद विभागीय टीमें मौके पर पहुंच कर सम्बंधितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तय लोड के अनुसार जुर्माना लगाने का काम करेंगी।

**मोबाइल व साइबर कैफे से दर्ज हो सकेंगी शिकायतें:** शिकायत हाल ही में लांच किए गए ऐप के माध्यम से बिजली चोरी किए जाने वाले स्थान की सूचना विभागीय वेबसाइड यूपीपीसीएल के पोर्टल बिजली मित्र के लिंक पर जाकर शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए शिकायत दर्ज कराने वाले बिजली मित्र को सम्बंधित स्थान की फोटो व वीडियो सहित बिजली चोरी होने वाले स्थान का डिटेल मोबाइल या साइबर कैफे के माध्यम से देना होगा। विभागीय कर्मचारी सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

### पहचान बताए बिना दी जा सकेगी सूचना

विभाग बिजली चोरी की सूचना देने वालों की पहचान छिपाने के लिए भी विशेष तैयारी कर रहा है। जिससे न तो पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने वाले को अपना नाम व पता बताना होगा। विभाग इस ओर भी विशेष ध्यान देते हुए काम कर रहा है जिससे शिकायत कर्ता की गोपनीयता भंग न हो सके। ऐप से बिजली चोरी की सूचना बिना पहचान बताए ही की जा सकेगी।




मेधावियों को पुरस्कार देते प्रधानाचार्य दुर्गेश सिंह। अमृत विचार

# शिशु मंदिर में पुरस्कार पाकर बच्चे गदगद

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला गोपीनाथ पुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार सिंह ने परीक्षा में अव्वल आने वाले समृद्धि, श्रेया मिश्रा, नैवेद्य सिंह, मौसमी वर्मा व द्वितीय स्थान वाले शिवांश, अविका, आरोही, अदिति को पुरस्कृत किया। अतिथि संजीव सिंह ने तृतीय स्थान पाने वाले अराध्या, ऐश्वर्य, सूर्यांश, नेहा बाजपेयी को भी शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान अवधेश मिश्रा, महानंद चौधरी, प्रेम शर्मा समेत अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

होली है...



**ब्रह्मसभा के होली मिलन कार्यक्रम में जमकर झूमे फगुवारे : शुक्लागंज-उन्नाव।** नगर के राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में शुक्लागंज ब्रह्मसभा द्वारा शुक्रवार शाम होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें फाग भी आयोजित किया गया। इसमें फगुवारों ने जमकर फाग गाया। जिस पर वहां मौजूद लोग झूमते रहे। हर साल की तरह इस बार भी ब्रह्मसभा ने होली मिलन समारोह कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। फाग मंडली ने होली गीतों के माध्यम से पुराने यादे ताजा कर दी। ब्रम्ह सभा अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि होली मिलन में एक दूसरे को गले लगा भाई चारा का संदेश दिया जाता है। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय, अंजनीकांत मिश्र, अंजनी अग्निहोत्री, आशुतोष शुक्ला, ओम प्रकाश दीक्षित, प्रमोद त्रिवेदी, अवनीश शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, अनुज तिवारी, मोहनलाल शर्मा, लालाराम शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

# गर्मी ने दिखाये तेवर, बाजार में बिकने लगे घड़े और सुराही

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी ने अभी से तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में हर किसी को ठंडे पानी की जरूरत पड़ने लगी है। ऐसे में गरीबों समेत हर वर्ग के लिए बाजार में ठंडा पानी उपलबध कराने के लिए मिट्टी के टोंटीदार घड़े व सुराही बिकने लगी हैं। लोगों का कहना है कि टोंटी लगने से घड़े अच्छे दिखते हैं।

गर्मी के चलते लोग ठंडे पानी की व्यवस्था करने लगे हैं। अभी एक सप्ताह से प्रचंड गर्मी शुरूआत हो गयी है। बाजार में टोंटी लगे घड़े बिकने लगे हैं। घड़ा व मटका विक्रेता सुनीता व चेतन ने बताया कि सुराही 70 से 100 रूपये इसके अलावा टोंटी लगे घड़े 200 से 250 रूप्ये के बेचे जा रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि घड़े में टोंटी ही 50 रूपये की लगायी गयी है। बताया जाता है कि घड़े में पानी भरकर रखने से एक तो पानी ठंडा बना रहता है वहीं प्रदूषण को अवशोषित कर लेता है। जिससे पानी शुद्ध भी बना रहता है।



फोरलेन पर बिकते घड़े व सुराही। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चोरों ने पार की बाइक, घटना सीसीटीवी में कैद

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला कटरा निवासी विवेक तिवारी पुत्र सुरेश चंद्र बीती गुरुवार रात 9 बजे होली के त्योहार पर मिलाभेंटी करने माढ़ापुर मार्ग गया था। वह अपनी बाइक हरिओम की दुकान पर खड़ी कर शरद प्रताप यादव के घर मिलने चला गया। इसी बीच चोरों ने किसी तरह बाइक का लाक खोल लिया और बाइक लेकर भाग निकले। पड़ोसी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक चोर क़ैद हो गया है। पीड़ित ने सीसीटीवी की जांच कर चोरी का सुराग लगाने की मांग कोतवाली पुलिस से की है।

### अलग-अलग जगहों से तमंचे के साथ चार दबोचे गए

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मलाका मोड़ के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। तलाशी दौरान उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान परशुरामपुर चौराहा गंगानगर निवासी आदर्श बाजपेयी उर्फ भोलू पुत्र छंगू बाजपेयी के रूप में बताई है। इसी तरह गाजीपुर पुलिस ने सामियाना निवासी अरविन्द रैदास उर्फ गोटी और अजय उर्फ विजय रैदास को सीजशुदा बाइक, एक तमंचा, कारतूस, दो सुतली बम के साथ पकड़ा है। उधर बकेवर पुलिस ने सराय बकेवर निवासी हिमांशु विश्वकर्मा पुत्र रामकिशोर को एक तमंचा कारतूस के साथ पकड़ा है।

### ट्रक की टक्कर से साले-बहनोई घायल

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के केवई चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार साले-बहनोई घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनो को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। असोथर थाना क्षेत्र के गेडूरी गांव निवासी सिरोहीलाल का पुत्र रवि व छोटे लाल का पुत्र अमृत लाल गुरूवार की शाम बाइक पर सवार होकर किसी काम से निकले थे। जब उनकी बाइक राधानगर क्षेत्र के केवई चौराहे के पास पहुंची तभी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बहनोई अमृत लाल व साला रवि दोनो घायल हो गए।

### मामूली विवाद में युवक को मारी गोली, घायल

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात को मामूली विवाद को लेकर एक युवक को दो लोगों ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी मोहम्मद अजीम का पुत्र नसीम ई-रिक्शा चालक है। बताया कि गुरूवार की रात दो लोगों ने उसे गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान घायल ने बताया कि गुरूवार की शाम वह सवारी लेकर जा रहा था तभी गांव के ही गुफरान पुत्र जीशान ई-रिक्शा के आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी। मना करने पर गाली-गलौज करने लगा। जिस पर वह उसके घर जाकर उसकी शिकायत की। इसी बात की खुन्नस को लेकर रात करीब डेढ़ बजे अपने साथी मोईन अंसारी निवासी मलिकपुर के साथ घर आया और उसे गोली मार दी। घटना के बाद दोनों फरार हो गए। उसने बताया कि सूचना पर आई पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार जख्मी

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के रज्जीपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार घायल हो गया। इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। हथगाम थाना क्षेत्र के रज्जीपुर गांव निवासी झूरीलाल साइकिल से गांव-गांव फेरी कर हरी सब्जी बेचने का काम करता है। रोज की तरह शुक्रवार को भी वह साइकिल से फेरी कर सब्जी बेचने निकला था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर आगे बढ़ा तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार झूरीलाल घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घायल अवस्था मे उसको हथगाम सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

सियासत | कम शब्दों में प्रभावशाली बात कहने की वजह से याद रहते हैं नारे

# चुनाव का माहौल बदलने में नारों की हमेशा रही सशक्त भूमिका

महासंग्राम-2024

ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर-उन्नाव

- लोकसभा चुनाव के चलते नए नारों की गूंज



**अमृत विचार।** देश आजाद होने के बाद से अब तक हुए तमाम चुनावों में नारों की अपनी अलग अहमियता रही है। कई नारे तो लोगों के जुबान पर चढ़कर लंबे समय तक याद रहते हैं। कई बार यह नारे पार्टी विशेष के लिए चुनावी माहौल को बदलने की ताकत रखने वाले साबित होते हैं। लोकसभा चुनाव-2024 में नए नारो की गूंज सुनाई देने लगी है।

अगर नारों की बात की जाए तो 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'अबकी बार 300 पार', 'आ रहे हैं अखिलेश', 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' और 'बहन जी हैं सबकी आस' आदि नारे आज भी बहुतायत मतदाताओं के दिमाग में जगह बनाए हुए हैं। सभी पार्टियां चुनाव में बाकी दांव-पेच के साथ नारे गढ़ने या गढ़वाने को भी पूरा तवज्जो देती हैं।

चुनावी नारे प्रचलन में लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ ही प्रयोग होने लगे थे, लेकिन कोविड काल में चुनावी सभाओं पर रोक लगने के बाद डिजिटल प्रचार ने इनकी अहमियत अधिक बढ़ा दी है। सच कहा जाए तो 'जय जवान, जय किसान' नारा गढ़े जाने के बाद से अब तक इस्तेमाल होता आ रहा है। वहीं 'गरीबी हटाओ', और 'अबकी बार, मोदी सरकार' आदि नारे भी करिश्माई साबित हो चुके हैं।

देश की आजादी के बाद से अब तक की बात करें पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा दिया। हालांकि यह नारा दिए जाने के बाद चीन से भारत के संबंध सुधरने की जगह खराब होकर युद्ध लड़ने तक पहुंच गए।

वहीं नेहरू के उत्तराधिकारी प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में भारत-पाक युद्ध की वजह से बने खाद्यन संकट से निपटने के लिए 'जय जवान, जय किसान' नारा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 1971 में चुनाव प्रचार के दौरान दिया गया नारा 'गरीबी हटाओ' पूरे देश में गूंजते हुए कांग्रेस के लिए संकट मोचक साबित हुआ। इस नारे में गरीब परिवारों को उम्मीद की किरण दिखाई दी और उन्होंने कांग्रेस को सत्ता में पुर्नस्थापित करा दिया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की लड़ाई लड़ते हुए वर्ष 1990 से 93 तक 'बच्चा-बच्चा राम का-जन्मभूमि के काम का' और 'रामलला हम आएंगे-मंदिर वहीं बनाएंगे' नारा युवा ही नहीं किशोरों व बुजुर्गों को भी खूब रास आता रहा।

वहीं 1998 में परमाणु परीक्षण के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सबसे अधिक समय तक याद किए जाने वाले नारे में आंशिक संशोधन कर 'जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान'। साथ ही चुनाव के दौरान बीजेपी कार्यकर्ता 'सबको देखा बारी-बारी, अबकी बार अटल बिहारी' नारे से धमाल मचाए रखा।

इस संबंध में अवकाश प्राप्त प्रवक्ता विजयपाल गौड़ ने कहा कि नारों के जरिए हम संक्षेप में काफी कुछ कह सकते हैं। लोगों को आकर्षित करते हुए उनके दिमाग अपनी खास इमेज कायम करने की वजह से उपयोगी माने जाते हैं। उन्होंने कहा दिमाग में बनी इमेज पूरी तरह कभी समाप्त नहीं होती है।

### अब प्रोफेशनल हाथों में कमान

वर्ष-2004 के लोकसभा चुनाव से चुनाव प्रचार के लिए नारे तैयार करने का जिम्मा प्रोफेशनल पब्लिक रिलेशन फर्म्स लेने लगीं। बीजेपी ने 'इंडिया शाइनिंग' जैसा चर्चित नारा दिया, लेकिन सत्ता बरकरार रखने में नाकाम रही। नरेंद्र मोदी के चेहरे को केंद्र में रखकर वर्ष-2014 में 'अबकी बार मोदी सरकार' की धूम रही। इसी के साथ 'हर हर मोदी-घर घर मोदी' नारे का जादू भी सिर चढ़कर बोलता रहा। भाजपा के 'अच्छे दिन आने वाले हैं' से मुकाबले के लिए कांग्रेस ने 'हर हाथ शक्ति-हर हाथ तरक्की' और 'कट्टर सोच नहीं-युवा जोश' नारे जरूर दिए, लेकिन सफलता की दहलीज छूने में नाकाम रही।

### यूपी के इन नारों ने भी गढ़े कीर्तिमान

देश के सबसे बड़े सूबे यूपी का दखल नारे गढ़ने में अव्वल रहा है। प्रदेश के कुछ नारे देश में चर्चा का विषय बने रहे। 'यूपी में है दम, क्योंकि जुर्म यहां है कम', 'सोच ईमानदार, काम दमदार', 'फिर एक बार भाजपा सरकार', 'यूपी-योगी उपयोगी', 'साइकल रखो नुमाइश में, बाबा ही रहेंगे 22 में', फिर ट्राई करना 27 में', 'सौ में साठ हमारा है, 40 में बंटवारा है', 'यूपी का ये जनादेश, आ रहे हैं अखिलेश', '22 में बाइसकल', 'नई हवा है, नई सपा है', कांग्रेस में 'बड़ों का हाथ, युवा का साथ' व जनता सपा के साथ है, 22 में बदलाव है।

# श्रद्धालुओं के लिए भक्ति पथ पर बिछे चटाई

## लगे शेड व जल प्याऊ, हनुमानगढ़ी में हुई पंचायत ○ पुलिस के साथ संतों ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार ।** श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को हनुमानगढ़ी परिसर में प्रबंधन से जुड़े संतों और पुलिस अधिकारीयों की पंचायत हुई। इसमें श्रद्धालुओं की राह में आ रही दिक्कतों पर चर्चा हुई। मंदिर प्रबंधन की ओर से बदले हालात में किये जा रहे अतिरिक्त इंतजाम की जानकारी दी गई। संयुक्त रूप से तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी हुआ और भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संतों ने एक सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। ऐसा न होने पर बड़ी पंचायत के आयोजन की चेतावनी दी गई है।


पंचायत में भाग लेते संत और पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

पंचायत में मौजूद संतों का कहना था कि रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में श्रद्धालुओं का आगमन कई गुना बढ़ा है। श्रद्धालु पहले हुनमानगढ़ी में दर्शन करते हैं और फिर रामलला का दर्शन करने के लिए जाते हैं। गर्मी और तपिश बढ़ गई है। मंदिर प्रबंधन की और से परिसर में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया गया।

डॉ. महेश दास व संजय दास ने कहा कि भक्तों को सुरक्षित और सुचारु दर्शन की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी है। गर्मी और तपिश के बावजूद श्रृंगारहाट से लेकर हनुमानगढ़ी तक न तो धूप से बचाव का कोई उपाय किया गया है और न ही पेयजल की कोई व्यवस्था है। मंदिर प्रबंधन की ओर से मार्ग पर शेड लगवाने, सड़क पर चटाई बिछवाने, जगह-जगह जल प्याऊ की व्यवस्था और चिकित्सक युक्त एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की गई है। एक सप्ताह में सुविधाओं की उपलब्धता न होने पर बड़ी पंचायत का एलान किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि समस्याएं नगर निगम के संज्ञान में है।

### अस्थाई राम मंदिर स्थल पर बनेगी श्रीराम यज्ञशाला

**अयोध्या :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर के विकास का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत परिसर के मुख्य द्वार के पास बने अस्थाई राम मंदिर पर अब श्रीराम यज्ञशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसका काम जून तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडप और यज्ञशाला का निर्माण किया जाना है। इसको लेकर तैयारियां जा रही है। रामनवमी का आयोजन होने के बाद यह कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। अस्थाई स्ट्रक्चर को जल्द ही समाप्त कर वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। राम मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा के मुताबिक यज्ञशाला का प्रस्ताव है। जिस पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। जल्दी निर्णय होने के बाद यज्ञशाला के डिजाइन को तैयार किया जाएगा।

# सपा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● ब्रजेश पाठक ने सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़कर आए नेताओं को दिलाई सदस्यता

**अमृत विचार।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सभी को सहभागी बनना है।

सदस्यता ग्रहण करने वालो में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर), समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा (कानपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह (फतेहपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन (लखनऊ), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) आदि ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी जी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहीं। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

# नीति आयोग करेगा भूजल और आपूर्ति की मानीटरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति का लिया विवरण, मिलेगी रैंकिंग

**अमृत विचार :** नीति आयोग प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति को भी शामिल कर पोर्टल से विवरण लिया गया है। जो अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा।

नीति आयोग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के तहत महत्वाकांक्षी जिलों के आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें अन्य विभागों की योजनाओं के साथ नमामि गंगे के तहत भूगर्भ जल स्तर व ग्रामीण जलापूर्ति के हर घर जल कनेक्शन शामिल हैं। केंद्र के पोर्टल, डैशबोर्ड व बेवसाइट से ऑनलाइन विवरण प्राप्त करेगा और प्रगति का अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित करेगा। इससे प्रगति का पता चलने के साथ बेहतरी आएगी। शासन ने संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द प्राथमिकता से कार्य कराने के निर्देश दिए। इससे आगे किसी तरह की समस्या नहीं आएगी और अनुश्रवण से सुधार आएगा।

# महंत का बोरे में भरा मिला शव

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** मिश्रिख कोतवाली इलाके में 4 दिनों से लापता एक बुजुर्ग महंत का शव टुकड़ों में बोरे के अंदर बंद झाड़ियों किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। बोरे में अंदर टुकड़ों में मिले शव की पहचान परिजनों ने लापता महंत के रूप में की। पुलिस ने शिनाख्त कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

घटनास्थल पर पहुंची एफएसल टीम ने भी साक्ष्य संकलन कर अहम दस्तावेज को संकलित किया है। महंत के पास मौजूद पुलिस फ़ोन भी घटनास्थल से बरामद नही हुआ है। परिजन गुमसुदगी के बाद मिले शव को लेकर पुलिस की सक्रियता पर भी सवालियां निशान


महंत मनिरामदास।

खड़े कर रहे है। बताते चले कि हरदोई जनपद के थाना बेनीगंज के ग्राम गिरधरपुर निवासी महंत मनिरामदास नैमिषारण्य से शुरू हुई 84 कोषीय परिक्रमा में परिक्रमा में शामिल हुए थे। मृतक के भतीजे टाई पुत्र आत्माराम ने बताया कि उसके चाचा से अंतिम बार 24 मार्च को फ़ोन पर बात के दौरान पंचकोशीय परिक्रमा कर घर वापस आने की बात कही थी। बावजूद इसके 26 मार्च तक घर न पहुंचने पर भतीजे ने महंत के फोन पर सम्पर्क किया तो महंत का फ़ोन बंद आने पर काफी खोजबीन के बाद उसने मिश्रिख़ कोतवाली में महंत की गुमसुदगी की सूचना दी। पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर मामले से इतिश्री कर ली। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम सिधौली-मिश्रिख रोड किनारे 200 मीटर दूर झाड़ियों में एक बोरे के अंदर कुछ पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस हरकत में आई तो मौके पर पहुंचकर बोरे को खोला तो सभी के होश उड़ गये। बोरे में हाथ-पैर सहित शरीर के अन्य अंग को काटकर बाबा को सड़क किनारे फेंका गया था।

# अंगुली की सर्जरी से बच्चे की मौत, देंगे 1.43 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में एक बच्चे की अंगुली की लापरवाही से की गई सर्जरी से मौत हो गई। राज्य उपभोक्ता आयोग ने मामले की सुनवाई कर चिकित्सक व हास्पिटल पर 65 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। जो ब्याज समेत कुल 1.43 करोड़ रुपये अदा करेंगे।

आर्य नगर, गाजियाबाद निवासी अनिल शर्मा ने नौ वर्षीय बेटे देव को हाथ की अंगुली में दर्द होने पर डॉ. एसएस भगत (सर्जन) को उनके भगत हास्पिटल में दिखाया। डॉ. भगत द्वारा कराई गई जांच में थोड़ी सूजन बताई। 1 जून 2014 को भर्ती कर अंगुली की सर्जरी की और सफल बताई। जिसे डॉ. भगत ने आम दर्द बताया। इस बीच एक नर्स ने दो इंजेक्शन लगाए। इससे रात में हालत बिगड़ने पर क्रिटिकल केयर यूनिट भेज दिया। जहां देव की मौत हो गई। मौत का कारण एनाफाइलेक्सिस बताया गया। बिना सावधानी बरते सर्जरी और गलत इंजेक्शन दिए गए। अनिल ने यह लापरवाही का आरोप लगा राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। इस मामले की सुनवाई पीठासीन जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। पूछा कि लगातार दो इंजेक्शन देने की क्या आवश्यकता पड़ी जो स्पष्ट नहीं कर पाए। लापरवाही पर डॉ. भगत और हास्पिटल पर पुत्र हानी, मानसिक यंत्रणा, चिकित्सीय उपेक्षा पर 65 लाख रुपये हर्जाना 12 प्रतिशत ब्याज के साथ मुत्यु के दिन से देने का आदेश दिया।

# पदोन्नति को लेकर पीएसी और सशस्त्र पुलिस के कार्मिक होंगे एकत्रित

**लखनऊ।** सिविल पुलिस के सापेक्ष सशस्त्र पुलिस और पीएसी में प्रोन्नति की विषमताओं के निराकरण को लेकर आज शनिवार को बर्लिंग्टन चौराहा स्थित ओसीआर भवन में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सशस्त्र पुलिस और पीएसी से जुड़े कार्मिक शामिल होंगे। कार्मिकों की ओर से प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि मुख्यमंत्री के बार-बार आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ही सिविल पुलिस के सापेक्ष पीएसी और सशस्त्र पुलिस में चल रही पदोन्नति की भारी विषमताएं बनी हुई हैं। उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस एवं प्लाटून कमांडर के पद तथा निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर समयानुसार पदोन्नति नहीं हो पा रही है।

# दो सालों में ही रचा इतिहास, आगे भी करेंगे अद्भुत प्रयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● नई नियमावलियों, संसदीय परंपराओं, हाइटेक कार्यवाही जैसे तमाम प्रयोग करने वाले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल के किए दो साल पूरे



**अमृत विचार :** नयी नियमावलियों, संसदीय परंपराओं, हाइटेक कार्यवाही जैसे तमाम अद्भुत प्रयोग करने वाले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर लिए हैं। विधान भवन को एक नया स्वरूप देने के साथ विधायी गतिविधियां भी बीते दो साल में न केवल इतिहास में दर्ज हुईं, बल्कि देश की अन्य विधानसभाओं के लिए उदाहरण भी बन चुकी हैं।

इस मौके पर शुक्रवार को विधानभवन के तिलक हॉल में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और राजधानी के पत्रकार आमने-सामने रहे। अपने खुशमिजाज अंदाज के साथ महाना ने जो किया, उसे गिनाया तो जो आगे करेंगे, उसपर भी चर्चा की। पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए तो उनके सुझावों को भी गौर से सुना। सतीश महाना ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए अनुभव, उपलब्धियां, भावी योजनाएं और सुझाव साझा किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों से यह अनुभव किया जा रहा था कि विधायिका के संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं, व्यवधान हो रहे हैं। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद पिछले दो सालों में यह प्रयास किया है कि विधायिका का संचालन सुचारू रूप से हो और उसकी गरिमा बनी रहे। इस दिशा में कदम उठाये गये हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा है।

सतीश महाना ने बताया कि वह लगभग 33 वर्षों से लगातार इस सदन के सदस्य हैं। ऐसे में उन्हें पक्ष में, विपक्ष में, विभिन्न समितियों में, मंत्री के रूप में एवं वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का मौका मिला। इसी अनुभव का प्रयोग करते हुए वर्ष 1958 में बनी नियमावली के जो कतिपय नियम उपयोगी नहीं रह गए हैं अथवा कुछ विशिष्ट नियम जोड़े जाने चाहिए, उसे किया गया। कार्य संचालन एवं प्रक्रिया नियमावली की जटिल भाषा को भी सरल किया गया, जिससे नये सदस्यों को नियमावली को समझने में सुविधा रहे।

# मुख्तार की मौत के बाद अफसरों ने जाना आजम का हाल

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिला कारागार में बंद आजम खां की बैरक सहित जेल का जिला जज सहित डीएम-एसपी ने औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने आजम खां की बैरक सहित अन्य बंदियों की बैरिक की सघन जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिलने पर जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।


जिला कारागार का निरीक्षण कर जेल से बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा सहित अन्य। अमृत विचार

● पुरुष और महिला बैरिकों का जिला जज और डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

जिला कारगार में शुक्रवार की शाम अचानक जिला जज मनोज कुमार तृतीय सहित सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा पुलिस बल के साथ अचानक जिला कारागार पहुंचे। जेल में दाखिल होने के बाद अफसरों ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां सहित अन्य बंदियों की तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने बंदियों से वार्ता कर जेल मैनुअल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की। पुरुष बैरिकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने महिला बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं की जानकारी ली।

### बारीकी से मैनुअल देखी

जेल सूत्रों की माने तो बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ने पर मौत के बाद जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां का अफसरों ने हाल जाना है। इस दौरान आजम को मिलने वाले जेल मैनुअल का भी अफसरों ने बारीकी से निरीक्षण कर आजम के स्वास्थ्य की भी जानकारी असफरों ने ली है। हालांकि जेल के निकलने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे अफसर गाड़ियों में बैठकर रवाना हो गये।

# धर्मांतरण अधिनियम वैवाहिक प्रकृति वाले रिश्तों के लिए जरुरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम न केवल विवाह के उद्देश्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह विवाह की प्रकृति के सभी रिश्तों में भी आवश्यक है, इसलिए विवाह या लिव-इन रिलेशनशिप की प्रकृति में संबंध पर धर्मांतरण अधिनियम लागू होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

## वर्ग पहेली-24

**बाएं से दाएं**

2. 1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।

4. 1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण

5. 1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।

6. सुपाड़ी, पुंगीफल।

8. 1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।

9. 1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।

3. 1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।

5. वह जो नल लगाता

7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।



### वर्ग पहेली -23 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठा | 2 कु | री | | 3 जु | आँ |
| | | सु | | 4 औ | | |
| 5 अ | | मां | | ढ | | 6 म |
| 7 मि | ज़ा | ज | दा | र | | नो |
| ता | | लि | | 8 दा | दु | र |
| | | | | नी | | मा |
| 9 अ | प | ना | ना | | | |

## सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

### सुडोकू -102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

**वृष:** आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

**कर्क:** आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

**सिंह:** आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

**कन्या:** आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

**तुला:** आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।


**धनु:** आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

**मकर:** आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन:** आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

| फिल्म | समय |
|---|---|
| एक और एक ग्यारह | सुबह : 11.17 |
| धड़कन | रात : 07.00 |
| सीक्रेट सुपरस्टार | सुबह : 10.51 |
| बुलंदी | शाम : 05.01 |
| ब्राइटबर्न | सुबह : 11.42 |
| वेनम | रात : 07.30 |
| बच्चन पांडे | सुबह : 08.40 |
| सिंबा | रात : 08.20 |
| हिडिंभा | सुबह : 10.51 |
| रथथम | शाम : 04.18 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक -बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

# हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्मुनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

## प्रसंगवश

# गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन



ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।

उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।



हफीज किदवई
लेखक

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

# चुनौती बनता मानसिक अवसाद



सीमा अग्रवाल
मेरठ

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्ल्यूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# निडर बनाता है प्रेम

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबंधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।' हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पंक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था, पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है, अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

# गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुद्उआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोड़ु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर लोग पूंजीवादी उद्यमशीलता और पूंजीवादी मूल्यबोध की गिरफ्त में आ चुके हैं। इसने इनके अंदर की सांस्कृतिक भूख और उसे पूरा करने के भावबोध को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़



चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार
## किसका होगा मुंह मीठा

**मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट**

दिग्विजय सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्ड्डू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।

### पिछले तीन लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

| वर्ष | दल | मत |
|---|---|---|
| 2019 | भाजपा | 35.4% |
| | सपा | 60.8% |
| 2014 | भाजपा | 28.9% |
| | सपा | 35.4% |
| | बसपा | 27.8% |
| | कांग्रेस | 1.9% |
| 2009 | भाजपा | 35.1% |
| | सपा | 17.6% |
| | बसपा | 28.2% |
| | कांग्रेस | 4.4% |

**18** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार चुनेंगे अपना सांसद

**40%** से ज्यादा मुस्लिम व यादव मतदाता होने से इस सीट पर एमवाई फैक्टर मजबूत



### 1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुनः परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

### 2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुनः जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

### जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

### अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

### संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

# भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

**मुरादाबाद की सियासत**

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

### मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

**-आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष**

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

**-सुनील आजाद, बसपा जिलाध्यक्ष**

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

**-डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष**

# बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

चुनाव डेस्क, बरेली

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

**अमृत विचार।** महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

### पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमशः बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

# राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक

**जयपुर, (भाषा)।** कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।


अशोक गहलोत।


सोनिया गांधी।


मल्लिकार्जुन खरगे।



**बनाया माहौल** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। अमृत विचार

**अनदेखी** जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

# महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

**कानपुर।** लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

### कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर-बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

# आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**अमरावती, (भाषा)।** तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।



## कमाल का चुनाव

- इलेक्शन किंग के नाम से मशहूर के. पद्मराजन इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव तमिलनाडु के धर्मपुरी से नामांकन करने जा रहे हैं। वे अब तक 238 बार चुनाव में हार चुके हैं। उन्हें अपनी असफलता को लेकर कोई ग़म नहीं हुआ वह लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की तैयारी में लग गए हैं। पद्मराजन 65 वर्ष के हैं और वह टायर मरम्मत करने की दुकान करते हैं। उन्होंने अपना पहला चुनाव 1988 में तमिलनाडु के मेट्टूर से लड़ा था। सर्वाधिक बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। वह 4 प्रधानमंत्रियों, 11 मुख्यमंत्रियों, 13 केंद्रीय मंत्रियों और 15 राज्य मंत्रियों के खिलाफ चुनाव लड़ कर हार चुके हैं।

# कौशल किशोर के मुकाबले गठबंधन ने बिछाई मजबूत वोट बैंक की बिसात

## मोहनलाल गंज लोकसभा सीट : चुनावी मैदान में केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के सामने गठबंधन के आरके चौधरी हैं उम्मीदवार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ की मोहनलालगंज सीट पर केन्द्रीय मंत्री व भाजपा से दो बार सांसद रहे कौशल किशोर के खिलाफ इस बार सपा-कांग्रेस से आरके चौधरी चुनावी मैदान में हैं। सियासी चौसर में गठबंधन ने प्रत्याशी के सहारे यादव-मुस्लिम और दलित वोट बैंक का सहारा लिया है। यहां दो बार से भाजपा का दबदबा कायम है, लेकिन विपक्ष की चुनौती भी किसी से कम नहीं दिख रही है।

### रणनीति




लखनऊ से सटी मोहनलाल गंज सीट हमेशा से खास रही है, क्योंकि इसकी पांच विधानसभा सीटें बक्शी का तालाब, मोहनलालगंज, मलिहाबाद और सरोजनीनगर के अलावा सीतापुर जनपद की सिधौली सीट को भी जोड़ती है। दो जनपदों को जोड़ने वाली आरक्षित लोकसभा की तीन विधानसभा सीटें भी सुरक्षित हैं। ऐसे में दलित, यादव और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक भूमिका में है। आंकड़ों पर गौर करें तो


कौशल किशोर

यहां 6 लाख दलित मतदाता है। 2.50 लाख के करीब यादव और 1.50 लाख से अधिक मुस्लिम वोटर है। 4 लाख की आबादी से जुड़ी पासी समाज की इस लोकसभा सीट पर कौशल किशोर खुद भी इसी जाति के है। लेकिन दलित समाज से जुड़े आरके चौधरी भी इस सीट पर पहले अपना प्रभाव दिखा चुके हैं। 2009 में आरके चौधरी को आरएसबीपी से 1,44,731 वोट मिले


आरके चौधरी

थे। बसपा प्रत्याशी के रूप में 2014 में 3,09, 858 मत प्राप्त हुए।

2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इन्हें 60,069 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। ऐसे में भाजपा के लिए इस बार का चुनाव खासी चुनौती भरा दिखता नजर आ रहा है। गठबंधन उम्मीदवार और उनके समर्थक जातिगत गुणा-गणित के सहारे सियासी चौसर बिछाने में लगे हुए हैं।

### 15 चुनावों में 8 बार बनीं महिला सांसद

मोहनलालगंज सीट प्रदेश की उन खास सीटों में से है, जिसने 15 चुनावों में 8 बार आधी आबादी को संसद भेजने का मौका दिया। यह सीट वर्ष 1962 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी गंगा देवी सांसद चुनी गईं थीं। दो बार सांसद रहने के बाद तीसरी बार गंगा देवी को 1977 में हार का सामना करना पड़ा। जनता पार्टी के रामलाल कुरील ने हराया। वर्ष 1980 कांग्रेस की इस सीट पर फिर वापसी हुई और ये सिलसिला 84 तक चला। इस सीट पर दो बार रीना चौधरी और फिर सुशीला सरोज भी सांसद बनीं हैं।

### जातिगत समीकरणों से चार बार दौड़ी साइकिल

वर्ष 1998 में जब लखनऊ से अटल बिहारी वाजपेयी चुनकर दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री बने। ऐसे में लखनऊ से सटी इस सीट पर सपा की रीना चौधरी ने जीत हासिल की। जातिगत समीकरणों का ताना-बाना यहीं पर खत्म नहीं हुआ। दूसरी बार भी जनता ने इन्हें संसद तक पहुंचाया। फिर जयप्रकाश रावत सांसद चुने गए। इसके बाद सुशीला सरोज ने लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया।

### तो लाभार्थी वोट बैंक का सत्ता को मिलेगा लाभ

मोहनलाल गंज की इस सीट पर बीकेटी व सरोजनी नगर का एक बड़ा हिस्सा शहरी आबादी को जोड़ता है। ऐसे में योजनाओं को लेकर तमाम से लाभ आमजन को मिले हैं। इससे लाभार्थी वोट बैंकों में विस्तार हुआ है। उधर 2 लाख ब्राह्मण, 1.75 लाख ठाकुर, 1.70 लाख लोधी, मौर्य सहित अन्य अति पिछड़ी जातियों के मतदाता भी हैं, जो कहीं न कहीं भाजपा के वोट बैंक को मजबूती दे रहे हैं।

### पिछले चुनावों में मिले वोट

**2019**
कौशल किशोर, भाजपा : 6,29,999
सीएल वर्मा, बसपा : 5, 39,795
आरके चौधरी, कांग्रेस : 60,069

**2014**
कौशल किशोर, भाजपा : 4,55,274
आरके चौधरी, बसपा : 3,09, 858
सुशीला सरोज, सपा : 2, 42, 366
नरेंद्र गौतम, कांग्रेस : 52, 598

**2009**
सुशीला सरोज, सपा : 2,56, 397
जयप्रकाश, बसपा : 1, 79, 772
आरके चौधरी, आरएसबीपी : 1,44,731
रंजन कुमार चौधरी, बसपा : 82, 435

# गांधी परिवार को अमेठी में दो बार मिल चुकी है शिकस्त

## राहुल गांधी से पहले संजय गांधी को भी अमेठी में करना पड़ा था पराजय का सामना

अतीत के झरोखे से

नीरज श्रीवास्तव ,परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** राजनीतिक रूप से देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी कई दिलचस्प इतिहास खुद में समेटे है। अमेठी के लोकसभा चुनावों में गांधी परिवार को अब तक दो बार शिकस्त का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी से पहले संजय गांधी भी अमेठी में पराजय का स्वाद चख चुके हैं। गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा को भी अमेठी में हार का सामना करना पड़ चुका है। कुल मिलाकर अब तक अमेठी तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है।

भाजपा द्वारा स्मृति इरानी को लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारने के बाद राहुल गांधी के अमेठी से लड़ने या न लड़ने को लेकर पूरे देश में चर्चा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली अमेठी में राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित किया था। राहुल गांधी से पहले अमेठी में गांधी परिवार के संजय गांधी को भी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ा था। 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी सीट को 1977 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी ने लोक सभा का चुनाव लड़ने के लिए चुना था। मुख्यमंत्री एन डी तिवारी सहित कई बड़े नेताओं के साथ संजय गांधी 1 मई 1976 को पहली बार अमेठी आये। संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम थे नियोजन, श्रमदान, वृक्षारोपण, प्रौढ़ शिक्षा और दहेज उन्मूलन।

इमरजेंसी के बाद संजय गांधी के सामने मुकाबले के लिए आपातकाल की यातनाएं भुगत कर निकले तेज-तर्रार नेता रवीन्द्र प्रताप सिंह थे। उस समय संजय गांधी के सामने खड़े होने के लिए काफी हिम्मत की जरूरत थी। रवीन्द्र प्रताप जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। पार्टी तो नाम मात्र की थी लेकिन उस समय का चुनाव जनता लड़ रही थी। संजय गांधी के पक्ष में प्रचार करने फिल्म अभिनेता दारा सिंह भी अमेठी आए थे, लेकिन आपातकाल के कारण पूरे देश में सरकार विरोधी लहर के कारण संजय गांधी को अमेठी में हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में जहां रवीन्द्र प्रताप सिंह को 1,76,410 वोट मिले वहीं संजय गांधी 100566 वोट पाकर 75844 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि हार के सबक और सत्ता से दूर संघर्षों के अनुभवों से परिपक्व होकर संजय गांधी ने 1980 में दोबारा अमेठी से चुनाव लड़ा। इस बार उन्हें 1,86,990 और रवीन्द्र प्रताप सिंह को सिर्फ 58,445 वोट मिले थे।

### 1998 में पहली बार अमेठी में खिला 'कमल'

1998 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा के सामने थे भाजपा से अमेठी राज परिवार के डॉ. संजय सिंह। अमेठी में पहली बार जीत दर्ज करते हुए भाजपा के डॉ. संजय सिंह ने कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा को 23,270 वोटों से हरा दिया। डॉ. संजय सिंह को 2,05,025 वोट जबकि कैप्टन सतीश शर्मा को 1,81,755 वोट मिले थे।





**अब तक तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है अमेठी**

# बृजभूषण शरण सिंह से क्यों दूरी बना रही है भाजपा

## पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बावजूद टिकट पर बरकरार है संशय

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। वह अब तक 6 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके हैं। पांच बार भाजपा तो एक बार समाजवादी पार्टी से भी सांसद रहे हैं।

वर्ष 1999 से वह अजेय हैं। इस दो दशक में वह कोई चुनाव नहीं हारे हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से वह 2914 व 2019 में जीत दर्ज कर चुके हैं और मौजूदा समय में वह कैसरगंज से ही भाजपा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह की राम मंदिर आंदोलन में भी महती भूमिका रही है और वह बाबरी विध्वंस के आरोपी भी रहे हैं। इन सबके बावजूद इस बार भाजपा से उनकी दावेदारी अधर में फंस गयी है। पार्टी ने अभी तक उन्हे टिकट देने का ऐलान नहीं किया है। जिससे उनकी दावेदारी को लेकर संशय खड़ा हो गया है। राजनैतिक जानकारों का कहना है कि पार्टी इस बार उन्हें टिकट नहीं देना चाहती। टिकट वितरण में हो रही देरी ने एक सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भाजपा बृजभूषण शरण सिंह से दूरी बना रही है। आखिर क्या कारण हैं कि पार्टी इस बार बृजभूषण को टिकट नहीं देना चाहती यह सवाल हर किसी के जेहन में कौंध रहा है। न केवल कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र बल के आस पास के सभी जिलों में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर कयास लगाये जा रहें हैं। इन्ही कारणों को लेकर पड़ताल करती यह रिपोर्ट...

### बाबा रामदेव से हुआ विवाद

**अमृत विचार :** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर संशय का एक बड़ा कारण उनका योग गुरु बाबा रामदेव से हुआ विवाद है। पिछले वर्ष सांसद ने पतंजलि के कई उत्पादों पर सवाल उठाया था और उन्हे मिलावटी बताया था। इसको लेकर महीनों तक सांसद व बाबा रामदेव के बीच तनातनी रही। सांसद बृजभूषण ने महिला पहलवानों के आंदोलन के पीछे भी बाबा रामदेव का हाथ बताया था। बाबा रामदेव की भाजपा के शीर्ष नेताओं से नजदीकी जगह जाहिर है। ऐसे में इस विवाद को लेकर भी भाजपा सांसद से दूरी बनाना चाहती है।

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

### 2009 में सांसद ने खुद उतार फेंकी थी केसरिया पगड़ी

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह वर्ष 2009 में खुद ही भाजपा से अलग हो गए थे। उस समय वह बलरामपुर सीट से भाजपा सांसद थे। संसद में न्यूक्लियर डील पर मतदान होना था और कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए कुछ सांसदों का समर्थन चाहिए था। उस समय सांसद सपा के साथ खड़े नजर आए थे और कांग्रेस के पक्ष में वोट कर मनमोहन सरकार को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने केसरिया पगड़ी उतार लाल पगड़ी पहन ली थी और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि पांच वर्ष में ही उनका सपा से मोहभंग हो गया था और वर्ष 2014 में वह फिर से भाजपा में शामिल हो गए थे।



**कैसरगंज में खत्म नहीं हो रही बाहुबली की प्रतीक्षा**

### महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

**अमृत विचार :** कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देने के पीछे उनका महिला पहलवानों संग हुए विवाद को माना जा रहा है। देश की पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट, बबिता फोगाट व साक्षी मलिक ने सांसद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर दिल्ली में मामला दर्ज करा रखा है। इस मामले की सुनवाई चल रही है। महिला शक्ति को आगे रखकर चुनाव लड़ रही भाजपा ऐसे किसी व्यक्ति को टिकट नहीं देना चाहती। जिससे आगे चलकर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़े। इसलिए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट देने के मूड में नहीं है।

### पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पंचायत चुनाव के दौरान कई जगहों पर पार्टी के घोषित प्रत्याशियों का विरोध किया और उनके खिलाफ अपने उम्मीदवारों को खड़ा कर दिया। चाहे वह नवाबगंज नगर पालिका परिषद या चुनाव रहा हो या फिर मुजेहना ब्लाक प्रमुख का चुनाव। हर बार वह पार्टी लाइन के खिलाफ खड़े नजर आए। अब लोकसभा चुनाव में पार्टी का विरोध उनके टिकट में बाधा बना है।

### योगी सरकार पर साधते रहे हैं निशाना

**अमृत विचार :** कैसरगंज से बीजेपी सांसद होने के बावजूद बृजभूषण शरण सिंह प्रदेश की योगी सरकार पर कई बार निशाना साध चुके हैं। पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान उन्होंने राहत और बचाव कार्य पर सवाल उठाया था, और कहा था कि इस तरह का दौर उन्होंने कभी नहीं देखा। ढेमवा घाट पुल निर्माण को लेकर भी सरकार से उनका नाराजगी सामने आई थी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा या निमंत्रण न मिलने पर भी उनका दर्द छलका था। प्रदेश सरकार पर किया गया उनका यह अपरोक्ष हमला भी टिकट पर संशय का बड़ा कारण माना जा रहा है। इसका नमूना पिछले दिनों मुख्यमंत्री के दौरे में उस वक्त दिखजब सरकारी विज्ञापनों से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का नाम हटा दिया गया। सीएम के कार्यक्रम में सांसद शामिल भी नहीं हुए।

### कैसरगंज से कब कौन बना सांसद

| | | |
|---|---|---|
| 1957 | भगवानदीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | बीजेपी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# राजनीतिक अखाड़े की सिरमौर रहीं सुचेता कृपलानी, सुभद्रा जोशी व शकुंतला नायर

अरुण कुमार मिश्र ,गोंडा

### महिला सांसदों का सफर

**गोंडा, कैसरगंज व बलरामपुर में जमाया था पांव**

**स्वतंत्रता आंदोलन से राजनीतिक अखाड़े में पांव जमाकर आजाद देश की पहली मुख्यमंत्री थीं सुचेता कृपलानी**

**अमृत विचार:** देश की आजादी के 75 साल बाद जब हम राजनीति में महिलाओं के हक व अधिकार की बात कर रहे हैं। यह तो देश की आजादी के समय से ही शुरू हो गया था। पुरुष प्रधान देश में जिन महिलाओं ने राजनीति में अपने पांव जमाकर देश की महिलाओं को संदेश दे दिया था कि वे किसी से कम नहीं हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राजनीति के शिखर तक पहुंची इन वीरांगनाओं ने देश भर की महिलाओं के सामने जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया था। आजाद देश की पहली महिला मुख्यमंत्री से लेकर सांसद बनने तक सफर, देश की पहली हिंदूवादी सांसद बनने का सफर रहा हो या फिर देश के बंटवारे के बाद एक कोने से दूसरे कोने की राजनीति का सफर बहुत ही दिलचस्प रहा है।

25 जून 1908 में जन्मीं सुचेता मजूमदार ने देश की स्वाधीनता आंदोलन में शिरकत की। आचार्य जेबी कृपलानी की पत्नी बनने के बाद उनका नाम सुचेता कृपलानी हो गया और वह उनके साथ स्वतंत्रता आंदोलन में डट गईं। इसके बाद उनका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रवेश हुआ। पंजाब विश्वविद्यालय से एमए, बी.एड तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी व अंग्रेजी भाषा की मर्मज्ञ बनने वाली सुचेता कृपलानी को 1948 में कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। वह 1960 तक इसी पद पर बनी रहीं। राजनीति की सूक्ष्म से सूक्ष्म परख रखने वाली सुचेता कृपलानी को देश में पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है। उत्तर प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 1962 में शपथ ली। पांच साल तक मुख्यमंत्री रहीं सुचेता कृपलानी 1952 में दिल्ली से सांसद बनी थीं और नेहरू मंत्रिमंडल में मंत्री बनी थीं।

मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद वह महिला के अधिकारों को लेकर मुखर थीं और त्वरित समाधान करती थीं। 1967 में उन्हें गोंडा लोकसभा से चुनाव लड़ाया गया। वह कांग्रेस के टिकट पर गोंडा के कौशलेंद्र दत्त राम पांडेय को शिकस्त देकर सांसद बनीं। 17 लोकसभा चुनावों में गोंडा लोकसभा से मात्र दो बार ही महिलाओं को संसद में जनता की रहनुमाई का मौका मिला। पहला 1967 में सुचेता कृपलानी को दूसरा 1996 में केतकी सिंह को।


शकुंतला नायर( फाइल फोटो )।


सुभद्रा जोशी( फाइल फोटो )।


सुचेता कृपलानी( फाइल फोटो )।

पिंक पन्ना

गोंडा लोकसभा के बगल में कैसरगंज लोकसभा से पहली बार पूरे देश में एक मात्र हिंदूवादी महिला शकुंतला नायर ने पहला चुनाव जीत कर महिलाओं के सम्मान को आगे बढ़ाया। 1949 में फैजाबाद के डीएम रहे केके नायर की पत्नी शकुंतला नायर को 1952 में हिंदू महासभा से चुनाव लड़ाया गया और वह जीत गईं। इसके बाद 1967 व 1971 में वह इसी सीट से जनसंघ के टिकट पर चुनाव लड़ीं और जीत गईं। कैसरगंज से तीन बार शकुंतला नायर तो एक बार स्वतंत्र पार्टी से बसंत कुंवरि की नुमाइंदगी रही। इन महिला राजनीतिज्ञों ने महिलाओं के राजनीति में प्रवेश को रास्ता दिखाया।

गोंडा के बगल में बलरामपुर लोकसभा सीट से महादिग्गजों ने अपने राजनीतिक अभियान को गति दी। 1997 से पहले गोंडा जिले में ही समाहित बलरामपुर सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी, भारत रत्न नाना जी देशमुख ने राजनीति को परवान चढ़ाया तो 1962 में सुभद्रा जोशी ने अटल जी से सीट छीनकर महिला सांसद का खिताब जीत लिया। बलरामपुर सीट से सुभद्रा जोशी को एक मात्र महिला सांसद बनने का गौरव हासिल है। बलरामपुर सीट से उनके अलावा किसी महिला के हाथ में यह सीट नहीं आई।

### तीनों दिग्गज महिलाओं की पृष्ठभूमि बाहर की रही

सुचेता कृपलानी का जन्म हरियाणा के अंबाला में हुआ था, जबकि शकुंतला नायर का जन्म केरल के एलेप्पी में हुआ था। वहीं सुभद्रा जोशी का जन्म सियालकोट( अब पाकिस्तान में ) हुआ था। आजादी के पहले जन्मीं इन वीरांगनाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। इसके बाद इनका पदार्पण राजनीति में हुआ। शिक्षित होने के साथ इनका राजनीतिक कद भी महिलाओं को सीख देने वाला रहा है।

# डुमरियागंज लोकसभा सीट पर विपक्ष ने अब तक नहीं खोले पत्ते

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** लोकसभा 2024 के चुनाव का डंका बज चुका है, किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन और बसपा का पत्ता न खुलने के कारण चुनाव अभी रोचक नहीं हुआ है। अलबत्ता भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने अंधाधुंध लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में अपनी ताकत लगा दी है। सभाओं के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिना रहे हैं। वहीं पर इंडिया गठबंधन की सीट डुमरियागंज लोकसभा में सपा के पाले में है, किंतु अभी तक कोई भी प्रत्याशी चुनावी मैदान में न उतरने के कारण चुनाव रोचक होता नहीं दिखाई दे रहा है। बसपा ने भी अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। लोकसभा डुमरियागंज के इटवा के विधायक तथा पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे से जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी की लिस्ट में 8-10 लोगों का नाम है, किंतु अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। पार्टी मुझे लोकसभा डुमरियागंज से चुनाव लड़ने के लिए दबाव दे रही है। किंतु मेरी उम्र 82 साल हो गई है। इस कारण मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि कई नाम सामने है। जिसमें आलोक चौधरी, चिंकू यादव, लालजी यादव आदि नाम को उन्होंने गिनाया। उन्होंने कुशल तिवारी का भी नाम लिया कि यह भी उसी लिस्ट में हैं। लेकिन अभी पार्टी ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की है। इस प्रकार चुनाव में रोचकता नहीं दिखाई दे रही है।


जगदंबिका पाल

## एक नजर

### यूपी पुलिस ने 68 कुख्यात अपराधियों को दिलाई सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस के स्तर पर 2020 से 68 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनके मुकदमें में पैरवी लगातार की जा रही है। पुलिस ने विचाराधीन मुकदमों में विशेष पैरवी कराकर 54 अभियोगों में 25 चिन्हित अपराधियों व 44 सह अपराधियों (गैंग सदस्यों) को दोष सिद्ध कराया है। जिसमें दो को मृत्युदंड की सजा तथा अन्य अपराधियों को आजीवन कारावास और सश्रम कारावास जैसे दंड दिया है। जिन अपराधियों को सजा मिल चुकी है उनमें मुख्तार अंसारी (मृत) के अलावा विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सोहराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमित कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब, कुरैसी, बच्चू यादव, धर्मेंद्र कीर्ठल, रणदीप भाटी, संजय सिंह, अनुपम दुबे, विक्रांत उर्फ विक्की और ऊधम सिंह जैसे अपराधी शामिल हैं।

# मुख्तार ने जिनकी हत्याएं कराई, उनके परिजन खुश

### ▶ अलका राय ने बेटे के साथ किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन, कहा- हम बहुत खुश हैं, बाबा की कृपा है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अब नहीं है, उसकी मौत का एक-एक पल कितना दर्दनाक रहा होगा, कल्पना करना परिवार और समर्थकों को पीड़ा से भर देता है। लेकिन, मुख्तार की वजह से जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े, बच्चों से बाप का साया छिना, उनके लिए मुख्तार की मौत की खबर सुकून देने वाली रही।

19 साल पहले ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी किए गए भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय और बेटे पीयूष राय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मामले में भी मुख्तार बरी हो चुका था। अलका राय ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है। महाराज योगी जी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था, लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, उसका अंत हो गया। वहीं, पीयूष ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खुशी का दिन है और ये दिवाली से कम नहीं है। मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर, मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।



माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते स्व कृष्णानंद की पत्नी और पुत्र। अमृत विचार



मुख्तार की मौत की खबर मिलने के बाद बेटे विकास ने पिता मन्ना सिंह की फोटो पर पहली बार माला चढ़ाया, वहीं पत्नी के छलके आंसू।

**▸▸ विकास ने पिता मन्ना की फोटो पर पहली बार चढ़ाया फूल- माला**

ऐसा ही माहौल मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह उर्फ अजय प्रकाश सिंह और उनकी हत्या के गवाह राम सिंह मौर्य और गनर की 2009 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना में भी बरी हुए मुख्तार की मौत को लेकर है। मन्ना सिंह के बेटे विकास सिंह ने पिता की फोटो पर पहली बार माला और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार वाले खुशी के आंसू रोए।

## प्रतिक्रिया



आज का दिन मेरे लिए खुशी का है और होली-दिवाली से कम नहीं है। मैं बाबा विश्वनाथ और गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा। उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर। जो जैसा करता है, उसका फल उसे मिलता है।

**-पीयूष राय (पुत्र स्व. कृष्णानंद राय)**



इलाज के नाम पर प्रशासन ने ड्रामा ही किया है। दो दिन पहले भी इलाज के नाम पर खानापूरी कर पिता को जेल की तन्हाई में डाल दिया गया था। जहर देने का आरोप हमारी ओर से नहीं बल्कि पिता की ओर से ही लगाया गया था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। मुझे प्रशासन पर नहीं, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

**-उमर अंसारी (पुत्र स्व. मुख्तार अंसारी)**



गाजीपुर की अवाम ने अपने चहेते बेटे और भाई को को खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया था कि उन्हें जहर दिया गया है, बावजूद इसके सरकार ने उनके इलाज पर ध्यान नहीं दिया जो कि निंदनीय और अफसोसजनक है।

**-असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम प्रमुख)**



मेडिकल जांच हो चुकी है, न्यायिक जांच होगी। आज कल 25-35 साल के लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है। जो भी हुआ है वो सच सामने आ जाएगा। सपा, कांग्रेस और बसपा बताए उन्हें कौन संरक्षण देता था, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

**-अनुराग ठाकुर (केंद्रीय मंत्री)**



लोग जो संदिग्ध हालात में मौत की बात कहते हैं, वो जांच का विषय है। जांच में सत्यता के आधार पर बयान करना चाहिए। आज के दिन विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट पर ही विश्वास किया जा सकता है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

**-संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री)**



सभी को मुख्तार की मौत से जुड़ी अफवाह से बचना चाहिए। मेरे डीजीपी रहते हुए भी मुख्तार को लेकर ऐसी मनगढ़ंत कहानियां बनाई जाती थीं। वो पहले भी बीमार रहता आया है। राज्य में इस समय शांति का माहौल है उसे किसी को भंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

**-ओपी सिंह (पूर्व डीजीपी)**



मुख़्तार की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने न्यायालय में अर्जी देकर पहले ही जहर देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मौजूदा व्यवस्था में तो न जेल में कोई सुरक्षित, न पुलिस कस्टडी में और न अपने घर में। प्रशासनिक आतंक का माहौल पैदा करके लोगों को मुंह बंद रखने को विवश किया जा रहा है।

**-रामगोपाल यादव (सपा नेता)**



पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की सांस्थानिक हत्या हुई है। कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसा है।

**-पप्पू यादव (कांग्रेस नेता)**

# मुख्तार की मौत के बाद शुरू हुई वोट बैंक की राजनीति

### सपा, बसपा व कांग्रेस मुसलमानों को साधने में जुटी, हिंदू वोट सहेज रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद वोट बैंक मजबूत करने के लिए सियासत भी तेज हो गई है। सबसे पहले सवालों की बौछार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुरू की, देखते ही देखते बसपा प्रमुख मायावती, कांग्रेस समेत तमाम दलों और नेताओं की ओर सरकार पर आरोप और जांच की मांग शुरू हो गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष ने जैसे ही मुसलमान वोट साधने की कवायद तेज की, भाजपा ने मुख्तार की जरायम की दुनिया गिनाने के साथ मारे गए लोगों की संवेदनाओं के जरिए हिंदू वोट बैंक सहेजना शुरू कर दिया है।

माफिया मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जुमा की नमाज की वजह से प्रदेश में हाई अलर्ट रहा। मुख्तार अंसारी की मौत ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव की तपिश तेज है। मुख्तार की मौत के सहारे विपक्षी दलों की कोशिश मुस्लिम वोटों के विश्वास को जीतना है, क्योंकि मुख्तार मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पूर्वांचल के कई जिलों में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में हैं।

अखिलेश यादव से लेकर मायावती तक मुस्लिम वोटों को सियासी संदेश देने के लिए ही मुख्तार की मौत पर सवाल खड़े कर सरकार को घेर रहे हैं। इसके बहाने यह बताने की कोशिश हो रही है कि मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं है बल्कि एक साजिश के तहत उसे मारा गया। ऐसा मुस्लिम समुदाय के लोग मान भी रहे हैं, जिसे समझते हुए विपक्षी दल सरकार को घेर रहे हैं।

सरकार ने न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्री और नेता मुख्तार की मौत को स्वाभाविक बताते हुए विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी से लेकर बड़े नेता विपक्ष के गढ़े जा रहे नैरेटिव को तोड़ने के बजाय खामोशी अख्तियार किए हैं। चुप रहते हुए बहुसंख्यकों को राजनीतिक मैसेज दिया जा रहा है। मगर सोशल मीडिया में खूब सियासी दांव-पेच चल रहे हैं।

### 19 साल जेल में रहते हुए मुख्तार ने लड़े तीन चुनाव

मुख्तार को सियासत विरासत में मिली है। उनके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान 1926-27 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर उस्मान मुख्तार उन के नाना थे। मुख्तार के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी कम्युनिस्ट नेता थे। इतना ही नहीं पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी मुख्तार के रिश्ते में चाचा लगते हैं। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने पिता की तरह कम्युनिस्ट पार्टी से सियासी पारी शुरू की थी, लेकिन मुख्तार ने बसपा के हाथी पर सवारी कर सियासत में कदम रखा। पहली बार 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी मऊ से जीत हासिल की। 19 साल से अलग-अलग जेल में रहते हुए आखिरी तीन चुनाव जीते। बाद में मऊ की विरासत बेटे को सौंप दी। पूर्वांचल की राजनीति में मुख्तार अंसारी का उतना ही असर है जितना कि बिहार की राजनीति में शहाबुद्दीन का हुआ करता था। 2005 में बिहार की सत्ता के बदलते ही शहाबुद्दीन के बुरे दिन शुरू हो गए थे, वैसे ही उप्र. में 2017 में सत्ता बदलते ही मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने लगा था।

### जहां दफन हैं कई पीढ़ियां, वहीं सुपुर्द-ए-खाक होगा मुख्तार

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के परिवार में अब तक जितने भी पूर्वजों का इंतकाल हुआ है, सभी को दफनाया गया है। मुख्तार को भी इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। विधायक मन्नू अंसारी ने शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंच कर साफ-सफाई कराई। वे फोन पर उस जगह के लिए सांसद अफजाल अंसारी से दिशा निर्देश ले रहे हैं, जहां मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

### ऊपर वाला जरूर बदला लेगा : सिबगतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह ने कहा कि रात में मुख्तार की हालत खराब होने की सूचना हम लोगों को मिली थी। वह अपने पतन का एहसास करते रहे। सबको बताते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह सब एक साजिश के तहत हो रहा था। मुख्तार के शरीर को आप देखेंगें, कोई नहीं कहेगा कोई बीमार इंसान पड़ा है। लगेगा कोई सो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कोई खड़ा न हो पाए, उसे पहले मिटा दो.. ये राजनीति हो रही है आजकल। अब कोई जेल में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला बदला जरूर लेगा।

**▸▸ माफिया को 'मुजाहिद' बताते थे समर्थक, देश-विदेश के मौलानाओं से था रिश्ता**



# मुन्ना बजरंगी की तरह मुझे मारने का हो रहा षड़यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा विधायक, पुलिस अधिकारियों पर लगाए आरोप**

**▸▸ सपा, बसपा और कांग्रेस ने व्यवस्था पर सवाल उठा सरकार को कठघरे में खड़ा किया**

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र चर्चा का विषय बन गया। मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को यह पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) को लिखा गया था। पत्र में मुख्तार ने जम्मू एंड कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा समर्थित एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा विधायक सुशील सिंह, एसटीएफ मुखिया अमिताभ यश और प्रमुख सचिव गृह पर जेल में मरवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

मुख्तार अंसारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा कि शासन ने प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी को जेल में ही गोली से मरवाया था। यही नहीं भाजपा सरकार ने कई लोगों को जेल में मरवा दिया। मुन्ना बजरंगी की तर्ज पर मुझे भी जेल में ही मारने की साजिश चल रही है। पत्र में मुख्तार ने लिखा था कि उक्त सभी लोग साजिशकर्ता हैं। सरकार के निर्देश पर मुझे मारने की साजिश चल रही है। अतः मेरी प्राणरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

वायरल पत्र को विपक्ष के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर कर मुख्तार की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने सरकार से सवाल पूछे और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

## रमजान में माफिया अतीक और मुख्तार का अंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 2023 में 22वें रोजा को अतीक और अशरफ की हुई थी हत्या**

**अमृत विचार :** रमजान के पाक महीने में दो बड़े माफियाओं का अंत हुआ। इसे कुदरत का न्याय कहें या कुछ और। पर, सच यही है कि दोनों का अंत रमजान माह में हुआ। 2023 के 22वें रोजा को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। इस साल 17वें रोजा को मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोनों माफियाओं की मौत में कई समानताएं भी हैं। दोनों की मौत जेल में बंद रहने के दौरान हुई। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 की तीन हमलावरों ने प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी। उस वक्त दोनों भाई पुलिस रिमांड में थे। उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल लाया गया था। मुख्तार अंसारी भी पिछले ढाई साल से बांदा जेल में बंद था। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। इलाज के बाद उसे बांदा जेल भेज दिया गया। गुरुवार को रमजान का 17वां रोजा था। इसी दिन दोपहर जेल में मुख्तार की तबियत बिगड़ी, जेल अस्पताल में उसका इलाज शुरू हुआ। देर शाम को हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई।

# वरिष्ठ अधिकारी सड़क पर, एडीजी लेते रहे अपडेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को पूरे यूपी में अलर्ट रहा। प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर और लखनऊ में पैरामिलेट्री फोर्स ने फ्लैगमार्च किया। मऊ, गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लागू कर दी गई। प्रदेश के लगभग सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई।

लखनऊ के चौक इलाके में आरएएफ की तैनाती रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह ही पुलिस तैनात कर दी गई थी।



> पूरे प्रदेश में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय थे। देर शाम तक किसी भी तरह की अनहोनी की कोई सूचना नहीं थी। जुमे की नमाज भी सकुशल संपन्न हुई।
>
> **- अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था**

**▸▸ कई जिलों में तैनात रही आरएएफ, मस्जिदों के आसपास पूरे दिन निगहबानी**

प्रयागराज में पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले धर्मगुरुओं से बातचीत कर शांति पूर्वक नमाज पढ़ाकर वापस घर भेजने का अनुरोध किया। यहां पूरे जोन जोन और कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया था। एडीजी भानु भास्कर ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए और लगातार पल-पल की अपडेट लेते रहे। आगरा में जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद के पास पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। कानपुर के बिरहाना रोड पर सुबह से ही पुलिस ने पैदल मार्च करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने गंदे पड़े सीसीटीवी को भी साफ कराया।

अलीगढ़ में आईजी रेंज शलभ माथुर स्वयं एसएसपी के साथ शहर का भ्रमण करते रहे। वाराणसी में पुलिस ने डीआईजी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। राजधानी लखनऊ में कमिश्नरेट पुलिस पूरे दिन सक्रिय रही जबकि मऊ, गाजीपुर और बांदा में जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार कानून व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाले रहे।

राजनीति | बसपा-भाजपा गठबंधन में पहली बार विधायक बने मुख्तार पर चढ़ा था सत्ता का नशा

# मुख्तार को डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का रहा हाथ

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**▸▸ योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री न बनते तो माफिया डॉन पर लगाम कसना होता बहुत कठिन**



**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी को माफिया डॉन बनाने में सभी दलों की सरकारों का हाथ रहा है। अब योगी आदित्यनाथ ने दबंग और माफियाओं के प्रति सत्ता का रुख पूरी तरह बदल दिया , वरना एक दौर वह भी था, जब भाजपा के समर्थन से बनी मायावती सरकार में पहली बार बसपा विधायक बने मुख्तार अंसारी पर सत्ता का नशा का चढ़ा था। तब विहिप नेता नंद किशोर रुगंटा का अपहरण करके उनके शव को टुकड़ों में काटकर उसने ऐसा गायब किया था कि आज तक पता नहीं चला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय को गोली से उड़ा दिया। ऐसे तमाम जरायम का हिसाब लेने वाली ऐसी सरकारें नहीं थीं। पुलिस तो उसके आगे-पीछे घूमा करती थी।

बनती-बिगड़ती सरकारों में मुख्तार की तूती कभी कम नहीं हुई। योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री न होते तो, आज भी मुख्तार पर लगाम कसना बहुत कठिन होता। हालांकि शुरुआत में मुख्तार के आपराधिक कृत्यों से परिवार हमेशा खफा रहा। इसीलिए उसके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत बड़े भाई अफजाल अंसारी की लताड़ से शुरू हुई थी। लेकिन गाजीपुर से लेकर मऊ, वाराणसी, जौनपुर और सोनभद्र, लखनऊ, गोरखपुर या यूं कहें कि पूरा प्रदेश और बाद में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मप्र, बिहार आदि राज्यों तक उसका काली कमाई पर राज चलने लगा था। विरोध करने वालों को उसके शूटर कहीं भी निपटाने में देर नहीं करते थे।

कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर विहिप नेता रूंगटा की हत्या और ब्रजेश सिंह से कोयला-शराब, टैक्सी स्टैंड, मछली आदि कारोबार को लेकर दुश्मनी से वह खुद को मुसलमानों के बीच मुजाहिद की छवि पेश करने लगा। मुख्तार की एक जिद शुरू से अंत तक रही कि जो कोई भी उसके कमाई में रोड़ा बनेगा, चाहे वह कितना ही खास हो, मौत जरूर मिलेगी। कृष्णानंद राय के बाद ठेकेदार मन्ना, उनके मुनीब राम सिंह मौर्य रहे हों, या उसके पहले कि अनगिनत हत्याओं के पीछे एक जैसी कहानी है। इनमें कुछ तो ऐसे थे जिनके यहां मुख्तार पारिवारिक जुड़ा था।

**भाई ने सुधारने के लिए मऊ से चुनाव लड़वाया :** मुख्तार को सुधारने के लिए ही उसके बड़े अफजाल नें बसपा सुप्रीमो मायावती से बात करके मऊ से विधायक नसीम खान का टिकट कटवाकर उसे चुनाव लड़वाया। सांसद अफजाल अंसारी अक्सर मुख्तार के सामने इस बात को दोहराते थे कि जबसे वह जवान हुआ, आए दिन मारपीट की शिकायतों से परिवार परेशान रहता था। मेरे फाटक की इज्जत दादा मुख्तार अंसारी और नाना ब्रिगेडियर उस्मान से होती थी। पुलिस की हिम्मत नहीं होती थी कि सैल्यूट मारने के अलावा कभी किसी को पकड़ने यहां आए। वे कई बार खुद के जेल में बंद होने के पीछे मुख्तार को वजह मानते थे और समझाते भी थे। जबकि मुख्तार अंसारी को खुद के जेल में रहने से ज्यादा कष्ट तब महसूस करता था, जब अफजाल सलाखों के पीछे बंद होते थे।

### राजनीतिक आकाओं ने हमेशा दिया संरक्षण

मुख्तार को राजनीतिक दलों के सरंक्षण पर बात होगी तो, भाजपा समेत सभी दलों का नाम आएगा। उसे सत्ता दल का नशा भाजपा-बसपा गठबंधन सरकार में ही पहली बार मिला था। वह 1996 में पहली बार विधायक बना था बसपा-कांग्रेस गठबंधन से। बाद में उसने भाजपा सरकार को निर्दल विधायक रहते भी समर्थन का पत्र दिया था। एक दौर ऐसा आया कि बड़े भाई अफजाल सपा की राजनीति में और मुख्तार बसपा की राजनीति में दोनों का सत्ता सुख भोग रहे थे। एक दौर वह भी था जब पांच बार के विधायक रहे मुख्तार ने कौमी एकता दल बनाकर सपा-बसपा दोनों को पूरे पूर्वांचल में एक भी सीट न जीतने देने के लिए ललकारा था। लेकिन सत्ता संभालने वाले तमाम बड़े नेताओं का मुख्तार को संरक्षण था, वह उनके साथ उठता-बैठता और जरूरत पर मदद करता था।

# मुख्तार के काफिले से उड़ गया डर नाम का पंछी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**▸▸ कोयला व्यवसायी की हत्या कर मुख्तार ने अपराध की दुनिया में कमाया था नाम**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था मुख्तार अंसारी, लेकिन वह अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहता था। गिरफ्तारी के बाद पेशी या दूसरी जेल ले जाते समय पुलिस की सुरक्षा के साथ मुख्तार के साथियों की गाड़ियां भी दौड़ती थीं। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार ने अपने लिए एम्बुलेंस खरीद ली थी। बाराबंकी परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निजी एम्बुलेंस मुख़्तार को लाती ले जाती थी। मुख्तार ने अपनी सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रखे थे।

कोयला व्यवसायी नन्द किशोर रूंगटा का अपहरण कर रंगदारी वसूलने के बावजूद हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अपराध की दुनिया का मुख्तार बड़ा नाम बनकर उभरे। मुख्तार ऐसे पहले माफिया विधायक थे जिनकी जेल में समानांतर सरकार चलती थी। जेल में दरबार सजाने वाले मुख़्तार से मिलने क्षेत्र के 50 से ज्यादा लोग रोज आते थे। मुख्तार सबकी समस्याएं सुनकर किसी के लिए चिट्ठी लिखते थे तो किसी के लिए अधिकारी से फोन करते थे।

जेल में उसके लिए घर जैसी सुविधाएं की जाती थी। लखनऊ की जिला जेल में तो उसके लिए बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था। टीवी के लिए जेल के बाहर से केबिल कनेक्शन कोरेंटाइन बैरक तक लगाया गया था। एक डीआईजी मुख्तार के साथ जेल में काजू और कोल्डड्रिंक की दावत करते थे। इस मुद्दे पर जेल अधीक्षक और डीआईजी के बीच कहासुनी भी हुई थी। जेल अधीक्षक ने डीआईजी की शासन से लिखित शिकायत की थी। शायद यह पहला और आखिरी मौका रहा हो कि जेल अधीक्षक ने जेल में डीआईजी की इंट्री बंद करा दी थी। मुख्तार को खाने का बड़ा शौक था इसलिए रोजाना शहर के कई होटलों से खाना आता था। करीब 50 लोगों के लिए रोजाना खाना और पानी की बोतलें जेल पहुंचाई जाती थीं। जेल के सभी अधिकारी जानते थे कि विधायक जी का खाना आया है।

मुख्तार बहुत धीरे बोलता था, हर किसी से मुस्कुराकर बात करता था। भईया संबोधन उसकी जबान पर रहता था। कोई भी मदद मांगता तो वह हाजिर रहता। जेल अधीक्षक आरके तिवारी की राजभवन के पास हुई हत्या के बाद मुख़्तार ने न किसी पर वारदात में शामिल होने की आशंका जताई और न जांच अधिकारियों की कोई मदद की। इस घटना ने साफ़ कर दिया था कि भले ही मुख्तार कितना ही मददगार रहा हो लेकिन विश्वसनीय नहीं था। आरके तिवारी जैसे जांबाज जेल अधिकारी की हत्या के बाद लखनऊ जेल के कैदियों ने थालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। मुख्तार ने इस मामले के खुलासे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जबकि वह तिवारी को भईया ही कहा करते थे।

लखनऊ जेल में छापे में मिली मुख्तार अंसारी की डायरी पुलिस अधीक्षक ट्रांसगोमती अपने साथ ले गए थे। इस डायरी में दर्ज नम्बरों पर फोन मिलाकर पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की थी। कई लोगों को बगैर लिखापढ़ी के कई दिन तक हिरासत में रखा गया था। जानकारी होने पर मुख्तार ने एसपी को फोन कर कहा था कि नई डायरी में आपका और आपके परिवार का नाम भी लिख लिया है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73651 | 22326 |
| बढ़त | 655 | 203 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.92 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 30 मार्च 2024

## एक नजर

### अडाणी ग्रीन एनर्जी ने परिचालन शुरू किया

**नयी दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावडा में 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं का परिचालन संबंधित मंजूरियां मिलने के बाद शुरू किया गया है।

### एलआईसी के कार्यालय 30-31 मार्च को खुलेंगे

**नयी दिल्ली।** जीवन बीमा निगम (एलआईसी) करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 मार्च और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। एलआईसी का यह कदम बैंकों की घोषणा के बाद उठाया है।

# 40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

## 2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख



और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

## एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता



है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**

स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

## जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

**नयी दिल्ली।** जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधान फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

## फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई ) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

## यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।



## एक नजर

### भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

**नयी दिल्ली।** भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

### बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

**जींद।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### शिवराज पाटिल की पुत्रवधू शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकूरकर शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी। डॉ. अर्चना पाटिल चाकूरकर ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। अर्चना ने कहा कि उन्होंने सोमवार को शिवराज पाटिल के करीबी सहयोगी और राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज मुरुमकर के साथ भाजपा में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी बेटी की शादी के कारण योजना स्थगित कर दी।

# ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

## आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-



बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''



हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

## चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

## जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

## अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

## केजरीवाल की पत्नी ने समर्थन के लिए वॉट्सएप अभियान आशीर्वाद किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का



आग्रह किया। उन्होंने दो वॉट्सएप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना। सुनीता ने कहा, यदि कोई किसी तरह का संदेश भेजना चाहता है तो वे भेज सकते हैं। आपने अरविंद को अपना भाई, बेटा कहा है। क्या आप समर्थन नहीं देंगे? मुझे विश्वास है कि हम मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे।

सुनीता ने कहा, सभी को अपने भाई, अपने बेटे अरविंद के लिए कुछ लिखना चाहिए और दिए गए वॉट्सएप नंबरों का प्रचार भी करना चाहिए। दिए गए नंबरों पर संदेश भेजने पर सुनीता केजरीवाल की ओर से जवाब आता है, केजरीवाल के लिए आपका संदेश मिला। इसके लिए हृदय से आभार। मैं आपके संदेश उन तक पहुंचाऊंगी और आपको सूचित करूंगी।


## कांग्रेस ने नौवीं सूची जारी की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पांच उम्मीदवारों की नौवीं सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी का है, जिन्हें भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। सूची में राजस्थान के दो लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदले गए हैं। भीलवाड़ा में दामोदर गुर्जर के स्थान पर सीपी जोशी और राजसमंद में सुदर्शन रावत की जगह दामोदर गुर्जर को टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, कर्नाटक के बेल्लारी से ई. तुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को टिकट दिया गया है।

## भारत-यूक्रेन पारंपरिक मित्र, लेकिन और भी बहुत कुछ किया जा सकता है

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत और यूक्रेन को 'दो बड़े मित्र राष्ट्र' करार दिया और कहा कि उनकी अपने भारतीय समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर ''निष्पक्ष तथा समग्र'' बातचीत हुई। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच सहयोग को रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष से पहले के स्तर पर बहाल करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुलेबा से शुक्रवार को यहां हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। यूक्रेन के



विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा की भारत यात्रा दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच हो रही है। कुलेबा भारत की दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे थे। बैठक में अपने संबोधन में कुलेबा ने कहा कि भारत और यूक्रेन ''पारंपरिक मित्र रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि हम न केवल हमारे राष्ट्रों के हित में बल्कि वैश्विक विकास और सुरक्षा परिदृश्य में भी और बहुत कुछ कर सकते हैं और हमें करना चाहिए।'' उन्होंने कहा,'' हम यूक्रेन में रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण करने से पहले जो हमारे बीच मौजूद था उसे दोबारा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं...। हम सहयोग के नए क्षेत्रों और परियोजनाओं पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मेरा मानना है कि इस संबंध का एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य भी है।''



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

# पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से
- पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज

**अमृत विचारः** आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

### आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

**लखनऊ सुपरजायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**

## खेल डायरी

### बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

### आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की शृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 शृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

### अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल शृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह शृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

### मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे


**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

### फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी

**पेरिस।** फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

### पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

**मुंबई।** भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।



वेंकटेश अय्यर

# कोहली का अर्धशतक बेकार आरसीबी की 7 विकेट से हार

## केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने 50 और सुनील नारायण ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए

बेंगलुरू, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

**बेंगलोर 182/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 | 59 | 4/4 |
| फाफ डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 | 21 | 4/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 | 19 | 3/1 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 | 04 | 0/0 |
| अनुज रावत का सॉल्ट बो हर्षित | 03 | 03 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 | 08 | 0/3 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

**कोलकाता 186/3** — 16.5 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 | 10 | 2/2 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 | 22 | 2/5 |
| वेंकटेश अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 | 30 | 3/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 | 24 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1

# सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी



भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूव शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।

एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ।

## अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला।

# चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23 जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# 'बिग बॉस 17' फेम फिरोजा खान यानी खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"



# कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

# सलमान खान के कहने पर कैटरीना कैफ ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

**मुंबई, एजेंसी।** कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

